सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 07 सितम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 243, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 1,017 अंकों की गिरावट

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी कोषों की ताजा निकासी की वजह से सेंसेक्स 1,017 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी ने 293 अंक का गोता लगाया। } 14

## शांति और विकास के नये युग का गवाह बना कश्मीर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में जम्मू-कश्मीर शांति और विकास के नये युग का गवाह बन रहा है और यह क्षेत्र आतंकवाद के केन्द्र से पर्यटन के केंद्र में तब्दील हो गया है। } 16

## पैरालम्पिक : प्रवीण कुमार ने जीता स्वर्ण




पेरिस। तोक्यो खेलों के रजत पदक विजेता भारत के प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीत लिया। छोटे पैर के साथ पैदा हुए नोएडा के प्रवीण ने छह खिलाड़ियों में 2.08 मीटर से सत्र की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई और शीर्ष स्थान हासिल किया। **(विस्तृत खबर खेल पर)**

# जल और पर्यावरण संरक्षण भारतीय सांस्कृतिक का हिस्सा

## जल संचयन के लिए रिड्यूस, रियूज, रिचार्ज और रिसाइकल के मंत्र पर बढ़ने की जरूरत : मोदी

**एजेंसी**

सूरत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पानी बचाने की जरूरत पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत के पास दुनिया के कुल ताजे पानी का केवल चार प्रतिशत ही है। उन्होंने जल-संचयन के लिए जल का दुरुपयोग रोकने, उसके पुनः इस्तेमाल और रिचार्ज करने के साथ ही उसके पुनर्चक्रण के मंत्र को अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने जल और पर्यावरण के संरक्षण को भारत की उस सांस्कृतिक चेतना का एक हिस्सा बताया, जिसमें पानी को भगवान और नदियों को देवी के रूप में पूजा जाता है। प्रधानमंत्री गुजरात के सूरत में जल संचय जन भागीदारी पहल की शुरुआत के अवसर पर एक कार्यक्रम को वीडियो कांफ्रेंस से संबोधित कर रहे थे। इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करना है। उन्होंने कहा जल संचयन के लिए हमें रिड्यूस, रियूज, रिचार्ज और रिसाइकल



के मंत्र पर बढ़ने की जरूरत है। हमें जल संरक्षण के लिए नवोन्मेषी और नवीनतम तकनीक अपनाने की भी आवश्यकता है। मोदी ने कहा कि चूंकि भारत में 80 प्रतिशत पानी सिंचाई के लिए उपयोग किया जाता है, इसलिए ड्रिप सिंचाई जैसी स्थायी कृषि तकनीकों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। ड्रिप सिंचाई खेती की एक विधि है जिसमें ट्यूब, पाइप अन्य नेटवर्क के माध्यम से सीधे पौधों की जड़ों तक पानी पहुंचाया जाता है। मोदी ने कहा जल संरक्षण, प्रकृति संरक्षण ये हमारे लिए कोई नए शब्द नहीं है। ये हमारे लिए किताबी ज्ञान नहीं है। ये हालात के कारण हमारे हिस्से आया हुआ काम भी नहीं है। ये भारत की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा है।

उन्होंने कहा हम उस संस्कृति के लोग हैं, जहां जल को ईश्वर का रूप कहा गया है, नदियों को देवी माना गया है। सरोवरों को, कुंडों को देवालय का दर्जा मिला है। गंगा, नर्मदा, गोदावरी और कावेरी हमारी मां हैं। मोदी ने कहा कि भारत के पास दुनिया के ताजे पानी के संसाधनों का केवल चार प्रतिशत है और देश के कई हिस्से जल संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कई जगहों पर पानी का स्तर लगातार गिर रहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## स्कूल में नानवेज लाने पर छात्र को निकाला

अमरोहा। जिले में नर्सरी के छात्र को कथित तौर पर एक निजी स्कूल से निकाल दिया गया क्योंकि वह अपने लंच बॉक्स में नॉनवेज (मांसाहार) खाना लेकर आया था। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। स्थानीय पुलिस के अनुसार यह घटना बृहस्पतिवार को हिल्टन कान्वेंट स्कूल में हुई। स्कूल के प्रधानाचार्य अवनीश कुमार शर्मा ने बाद में बच्चे की मां को बताया कि उसका बेटा स्कूल में धार्मिक टिप्पणियां करता था और हर दिन नॉनवेज भोजन लाता था। इसके बाद प्रधानाचार्य और बच्चे की मां के बीच तीखी नोकझोंक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हो गया है। हालांकि, इस घटना के संबंध में कोई औपचारिक पुलिस शिकायत दर्ज नहीं की गई है, लेकिन अमरोहा के जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह ने बृहस्पतिवार को मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है।

## परवेज मुशर्रफ से जुड़ी जमीन की नीलामी

बागपत । जिले के कोताना में स्थित शत्रु संपत्ति के अंतर्गत आने वाली दो हेक्टेयर जमीन को 1.38 करोड़ रुपये में नीलाम कर दिया गया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। जिन जमीनों की नीलामी की गयी है वह पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ से जुड़ी बताई गयी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि यह संपत्ति बागपत की बड़ौत तहसील के कोटाना गांव में स्थित है, और इसे 2010 में शत्रु संपत्ति घोषित किया गया था। शत्रु संपत्ति का वर्गीकरण भारत में पाकिस्तानी नागरिकों के स्वामित्व वाली संपत्तियों से संबंधित है, जिसका प्रबंधन केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाले विभाग शत्रु संपत्ति संरक्षक द्वारा किया जाता है।

# उज्जवल भविष्य के मार्ग पर बढ़ रहा प्रदेश

## ❍ मुख्यमंत्री ने गोरखपुर को दी 635 करोड़ की सौगात ❍ जटायु संरक्षण और प्रजनन केंद्र का किया उद्घाटन

**घनश्याम कुमार**

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि विकास और सुरक्षा का मॉडल ही वर्तमान और भावी पीढ़ी को उज्जवल भविष्य के मार्ग पर आगे बढ़ाएगा और इसका लाभ अनंत काल तक प्राप्त होगा।

प्रदेश के पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के सोनबरसा में 635 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बालापार, टिकरिया से लेकर गांगी तक फोरलेन

**❍ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास**

सड़क का शिलान्यास किया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों का जीवन आसान हो जाएगा और आधे घंटे की दूरी अब पांच मिनट में पूरी हो जाएगी। योगी ने कहा कि फोरलेन निर्माण के लिए उन्होंने निर्देश दे रखा है कि इस सडक निर्माण के दौरान मकान नहीं टूटने चाहिए, भले ही फोरलेन का नक्शा बदलना पड़े। इसके साथ ही सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा देने के निर्देश भी दिए गए हैं। इन विकास परियोजनाओं में प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा को स्मार्ट स्कूल बनाने, इसी ग्राम पंचायत में स्मार्ट पंचायत भवन और बालापार-टिकरिया मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण व बालापार-टिकरिया-गांगी बाजार मार्ग के फोरलेन में उच्चीकरण तथा नवीन थाना सोनबरसा के



गोरखपुर में जटायु संरक्षण व प्रजनन केन्द्र के उद्घाटन अवसर पर सेल्फी लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

प्रशासनिक-आवासीय भवनों के निर्माण कार्य के शिलान्यास शामिल हैं। समारोह में उपस्थित जनसमूह से मुख्यमंत्री ने प्रदेश और गोरखपुर के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए दो चरणों में ब्याज मुक्त लोन देने की व्यवस्था कर दी है। पहले चरण में पांच लाख और दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत लोन लेने वाले युवाओं को बैंकों को सिर्फ मूल पूंजी वापस करनी होगी, ब्याज का पैसा सरकार चुकता करेगी। मुख्यमंत्री ने अपने गह जिले के विकास की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि रामगढ़ताल की ही तर्ज पर चिलुआताल का भी पर्यटन विकास कराया जा रहा है। यह पर्यटन का नया केंद्र बना है और इससे रोजगार की संभावनाएं भी आगे बढ़ेंगी। सीएम योगी ने कहा कि एक दौर वह भी था जब कोई बाहरी व्यक्ति गोरखपुर आना नहीं चाहता था। आज राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री तक गोरखपुर आते हैं। उन्होंने बताया कि कल उपराष्ट्रपति सैनिक स्कूल का उद्घाटन करने गोरखपुर आएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि जब प्रकृति और पर्यावरण को बचाकर विकास किया जाएगा, तभी वह सतत विकास होगा और लंबे समय तक उसका लाभ मिलता रहेगा। उन्होंने वन

**❍ प्रकृति व पर्यावरण की कीमत पर होने वाला विकास क्षणिक और खतरनाक : योगी**

विभाग को गोरखपुर में एक फॉरेस्ट्री कॉलेज स्थापित करने का निर्देश दिया जहां वन से संबंधित पढ़ाई के लिए डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाए जाएं। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज रेंज के भारीवैसी में स्थापित जटायु राजगिद्ध (रेड हेडेड वल्चर) संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जब विकास प्रकृति और पर्यावरण को बचाकर किया जाएगा, तभी वह सतत विकास होगा और लंबे समय तक उसका लाभ मिलेगा। प्रकृति और पर्यावरण की कीमत पर होने वाला विकास क्षणिक और खतरनाक होता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य, सहयोगियों के घरों पर ईडी का छापा

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कलकत्ता राष्ट्रीय मेडिकल कॉलेज में डेटा एंट्री ऑपरेटर और आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के करीबी माने जा रहे प्रसून चट्टोपाध्याय को अस्पताल में हुईं कथित अनियमितताओं के सिलसिले में शुक्रवार को हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

ईडी अधिकारियों को दोपहर करीब दो बजे चट्टोपाध्याय को दक्षिण 24 परगना जिले के सुभाषग्राम स्थित उनके आवास से बाहर लाते हुए देखा गया। इससे पहले अधिकारियों ने उनके घर पर सात घंटे से अधिक समय तक तलाशी अभियान चलाया। इसके बाद चट्टोपाध्याय को जिले के कैनिंग क्षेत्र के मध्य नारायणपुर ले जाया गया, जहां घोष ने कथित तौर पर तीन साल पहले दो बीघा जमीन पर करोड़ों रुपये का फार्म हाउस-बंगला बनवाया था। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घोष अपने परिवार के सदस्यों के साथ अक्सर वहां आते थे। कथित तौर पर खुद को घोष का निजी सहायक बताने वाले चट्टोपाध्याय को भी नौ अगस्त के कथित वीडियो में आर.जी. कर अस्पताल के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हाथरस व बाराबंकी में भीषण सड़क हादसे, 16 की मौत

**जिला संवाददाता**

हाथरस/ बाराबंकी ।हाथरसऔर बाराबंकी जिलों में हुए सड़क हादसों में 16 लोगों की मौत होगई जबकि 19 लोग गंभीर रूपसे घायल हो गए।

हाथरस जिले के चंदपा कोतवाली क्षेत्र के कपूरा चौराहे के निकट रोडवेज की जनरथ बस ने मैक्स में टक्कर मार दी। प्राप्त सूचना के अनुसार, हादसे में मैक्स और बस में सवार 11 लोगों की मौत हो गई। जबकि, महिलाओं और बच्चों सहित 16 से अधिक घायल हो गए। जिला अस्पताल में घायलों का उपचार चल रहा है। हादसे में घायल आगरा के थाना खंदौली क्षेत्र के सेंगरा निवासी शबाना ने बताया कि वह सासनी क्षेत्र के मुकंद खेरा गांव में अपनी ननद की ददिया सास की तेरहवीं में शामिल होकर अपने गांव लौट रही थी। शबाना के मुताबिक, मैक्स में करीब 35 लोग सवार थे ।मौके पर डीएम आशीष कुमार और एसपी निपुण अग्रवाल पहुंचे हैं।

अधिकारियों ने हादसे के बारे में जानकारी ली। साथ ही गंभीर घायलों को उपचार के लिए अलीगढ़ रेफर कर दिया है ।पुलिस-प्रशासन राहत बचाव में जुटा है, वहीं बाराबंकी जिले के थाना कुर्सी-महमूदाबाद मार्ग पर स्थित ग्राम इनायतपुर सागर पब्लिक स्कूल के निकट दो कारों और एक ई-रिक्शा में टक्कर हो जाने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसे में मारे गए सभी लोग बाराबंकी के ...शेष पृष्ठ 14 पर

# विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने थामा कांग्रेस का हाथ

## हरियाणा से विधानसभा चुनाव लड़ेंगी विनेश, सरकार से सामने उठायेंगी खिलाड़ियों की आवाज

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। पिछले कुछ दिनों से जारी कयासों को विराम देते हुए ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया। हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले सामने आए इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम के बाद दोनों पहलवानों का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है।

हालांकि, कांग्रेस ने कहा कि इसका फैसला पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति करेगी। यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, पार्टी के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सूरजभान, प्रवक्ता पवन खेड़ा और अन्य नेताओं की



मौजूदगी में दोनों पहलवान कांग्रेस में शामिल हो गए। वेणुगोपाल ने दावा किया कि बुधवार को राहुल गांधी से मुलाकात के बाद रेलवे ने फोगाट को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि नोटिस में राजनीतिक नेताओं से मिलकर सेवा नियमों का उल्लंघन करने की बात कही गई है। वेणुगोपाल ने पूछा कि क्या विपक्ष के नेता से मिलना अपराध है? साथ ही उन्होंने रेलवे अधिकारियों से फोगाट को कार्यमुक्त करने और राजनीति नहीं करने का अनुरोध किया। यह पूछे जाने पर कि क्या फोगाट और पूनिया विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, उन्होंने कहा कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति इस पर निर्णय करेगी। कांग्रेस में शामिल होने से पहले फोगाट और पूनिया ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। पार्टी में शामिल होने के बाद फोगाट ने कहा कि भाजपा, बृजभूषण शरण सिंह का समर्थन कर रही है जबकि कांग्रेस ने प्रदर्शनकारी पहलवानों का साथ दिया और वह भी तब जब उन्हें ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

अधिकतम : 43.06 डिसे.
न्यूनतम : 29.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें

❍ यूपी को मिला एआईएफ उत्कृष्टता पुरस्कार (पृष्ठ-02)
❍ आईटीआई प्रवेश तृतीय चरण का परिणाम घोषित (पृष्ठ-02)
❍ ब्याज समानीकरण योजना 30 सितंबर तक बढ़ी (पृष्ठ-14)
❍ भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि बढ़कर 60.9 रही (पृष्ठ-14)
❍ सोने में 450 की गिरावट, चांदी 1,650 लुढ़की (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** बीबीडी परिसर में देश के प्रसिद्ध कलाकार देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

# बीबीडी परिसर में गणेश महोत्सव का शुभारम्भ आज

**अनिल कुमार सिंह**

लखनऊ। श्री सिद्धि गणेश मंदिर समिति तथा बाबू बनारसी दास शिक्षण समूह के तत्वावधान में विगत वर्षों की भांति इस बार भी बीबीडी शैक्षणिक परिसर, अयोध्या रोड, न्यू गोमती नगर में श्री गणेश महोत्सव-2024 का आयोजन 7 सितम्बर से 10 सितम्बर 2024 तक चलेगा।

7 सितम्बर को प्रातः 9 बजे शुभ मुहूर्त में गणेश जी की मूर्ति की स्थापना होगी। महोत्सव के दौरान बीबीडी परिसर में देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी जायेंगी। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ सायंकाल 6:00 बजे से रात्रि 8:30 तक चलेगा। महोत्सव के पहले दिन 07 सितम्बर को पद्मश्री मालिनी अवस्थी लोक संगीत व भजन की शानदार प्रस्तुति देंगी। दूसरे दिन 08 सितम्बर को श्री वायलेंट ग्रुप से जुड़े देश के विख्यात गायकों द्वारा



भजनों की प्रस्तुतियां होंगी, वहीं 09 सितम्बर को सुप्रसिद्ध गायिका मालविका हरिओम के गीत श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। 10 सितंबर को बीबीडी शिक्षण समूह के छात्र सांस्कृतिक, सामाजिक व श्री गणेश चतुर्थी पर्व के विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। 11 सितम्बर को निर्धारित समय पर भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा।

महोत्सव में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास श्री गणेश महोत्सव में प्रतिदिन सम्मिलित रहेंगे। बीबीडी परिसर में आयोजित होने वाले श्री गणेश महोत्सव में छात्र-छात्राओं ही नहीं, आस-पास के गांवों के लोगों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र होता है। हर साल हजारों की तादाद में ग्रामीण भी इस कार्यक्रम का आनंद उठाते हैं। लोगों को इस कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार रहता है।

## तीन जिलों में खूंखार भेड़ियों व सियार का आतंक, 6 घायल

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ । बहराइच, लखीमपुर खीरी और बरेली जिले में भेड़िये और सियारों के हमले में एक बालक समेत 6 लोगों की मौत हो गई। बहराइच जिले के महसी तहसील क्षेत्र के गोलवा गाँव में आठ वर्षीय बच्चेको भेड़िये ने हमला कर घायल कर दिया।

**❍ बहराइच, खीरी व बरेली में लोगों पर किया हमला**

घायल संगम लाल की मां फूलमती ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात बच्चा घर के दरवाजे के पास खेल रहा था तभी भड़िये ने हमला कर उसे जख्मी कर दिया। बच्चे की चीख सुन कर लोग वहां पहुंचे जिसके बाद भेड़िया वहां से भाग गया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डाक्टर संजय खत्री ने देर रात पत्रकारों से बताया कि बृहस्पतिवार देर शाम गोलवा गांव के मजरा यादवपुर निवासी संगम लाल (8) पर भेड़िये ने हमला कर उसे घायल कर दिया। वह मेडिकल कालेज में भर्ती है तथा उसका इलाज कराया जा रहा है। बच्चे के गाल और गर्दन पर बाईं तरफ ऊपरी चोटें (सुपर फेशियल इंजरी) आई हैं, दो टांके लगे हैं। बच्चे की हालत सामान्य है और वह खतरे से बाहर है। इस घटना से शहर के बाहरी इलाकों में रह रहे लोगों के भीतर भी दहशत व्याप्त हो गयी है। वहीं, लखीमपुरखीरी जिले के मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसुमी निवासी इंद्रपाल सिंह ...शेष पृष्ठ 14 पर

# ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण में यूपी नंबर वन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी के सरकारी अस्पतालों में आमजन को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। निःशुल्क दवाएं एवं गुणवत्तापरक उपचार मिल रहा है। यही कारण है

- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के आंकड़ों के तहत 4.7 करोड़ पंजीकरण : ब्रजेश पाठक
- अकेले यूपी के ही 1.24 मरीज हुए रजिस्टर्ड, आंध्र प्रदेश दूसरे, बिहार तीसरे स्थान पर

कि देश भर में ओपीडी रजिस्ट्रेशन में यूपी अव्वल नंबर पर है। यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के डैशबोर्ड आंकड़े बताते हैं कि सरकारी अस्पतालों में ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण में उत्तर प्रदेश सबसे आगे और तमिलनाडु सबसे पीछे है। पिछले दो वर्ष में नेशनल हेल्थ अथॉरिटी (एनएचए) के तहत स्कैन और शेयर सेवा के जरिए बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) के लिए करीब 4.7 करोड़ ऑनलाइन पंजीकरण किए गए। इनमें 1.24 करोड़ ओपीडी टोकन अकेले उत्तर प्रदेश से जारी किए गए। वहीं, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में इस सेवा के माध्यम से 10,000 से भी कम ओपीडी पंजीकरण टोकन दिए गए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के डैशबोर्ड के 5 सितंबर तक प्रदर्शित



आंकड़ों के अनुसार ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण में उत्तर प्रदेश के बाद आंध्र प्रदेश का नंबर है, जहां 81 लाख मरीजों ने ओपीडी में इलाज के लिए ऑनलाइन टोकन लिया। कुल 57 लाख टोकन के साथ बिहार तीसरे स्थान पर है। आंकड़ों के अनुसार इस सूची में महज 949 टोकन के साथ तमिलनाडु सबसे नीचे है। हिमाचल प्रदेश नीचे से दूसरे स्थान पर है, जहां केवल 1,365 ओपीडी पंजीकरण ऑनलाइन किए गए। इसके बाद गोवा में महज 2,381 और केरल में 7,983 मरीजों ने ओपीडी में इलाज के लिए ऑनलाइन पंजीकरण टोकन लिया।

## 25 में से 15 अस्पताल उत्तर प्रदेश के

लखनऊ। देशभर में सबसे ज्यादा ओपीडी पंजीकरण वाले 25 अस्पतालों में 15 उत्तर प्रदेश और उसके बाद पांच आंध्र प्रदेश के हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि आमजन को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम रोगियों और उनके तीमारदारों को गुणवत्तापरक सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। इन 15 अस्पतालों में स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल, प्रयागराज, जिला संयुक्त चिकित्सालय, गौतमबुद्ध नगर, गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज, कानपुर नगर, लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झांसी, तेज बहादुर सप्रु अस्पताल, प्रयागराज, बलरामपुर अस्पताल, लखनऊ, यूएचएम जिला पुरुष चिकित्सालय, कानपुर नगर, जिला पुरुष चिकित्सालय, झांसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय चिकित्सालय, वाराणसी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जिला अस्पताल, गोरखपुर, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल, लखनऊ, एसएसपीजी जिला अस्पताल, वाराणसी, गर्वन्मेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसस (गिम्स), गौतमबुद्ध नगर, मान्यवर कांशीराम संयुक्त जिला चिकित्सालय एंव ट्रॉमा सेंटर, कानपुर नगर शामिल हैं।

# प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पेय निर्माता कंपनियों का योगदान अहम : खन्ना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से शुक्रवार 10 कालीमार्ग स्थित उनके सरकारी आवास पर इंडियन बेवरेज एसोसिएशन के

- वित्त मंत्री से इंडियन बेवरेज एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। भेंट के दौरान पेय पदार्थ निर्माताओं ने वित्त मंत्री से पेय पदार्थों पर लगाये जाने वाले कर आदि से संबंधित अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पेय निर्माता कम्पनियों का महत्वपूर्ण योगदान है।

वित्त मंत्री ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त किया कि पेय पदार्थ से



संबंधित उद्योगों एवं पेय पदार्थों पर टैक्स आदि के संबंध में उठाये गये बिन्दुओं को जीएसटी काउन्सिल के माध्यम से समुचित समाधान निकलवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने प्रतिनिधि मण्डल से कहा कि पेय पदार्थों से जुड़े उद्योग अपने-अपने क्षेत्र में ईमानदारी से कार्य करते हुए देश एवं प्रदेश के विकास में योगदान दें। राज्य सरकार आपकी सभी समस्याओं के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील है। पेय पदार्थों पर टैक्स आदि समस्याओं का निस्तारण कराने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में इंडियन वेवरेज एशोसियेशन के सेक्रेटरी जनरल जेपी मीना, निदेशक तायना मजीठिया, रेडबुल से अमानत हिन्द, पेप्सिको से सौरभ चटर्जी, कोका कोला से रोहन मिश्रा एवं अन्य शामिल थे।

# स्टेट क्वालिटी मॉनिटर कर रहे हैं, मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता की जांच : केशव मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में मनरेगा के तहत जरूरतमन्द जाब कार्ड धारकों को कार्य दिया जा रहा है, सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मनरेगा श्रमिकों का समय से भुगतान सुनिश्चित किया जाए और यह भी निर्देश दिए गए हैं कि मनरेगा कार्यों में कहीं लापरवाही,

- प्रत्येक पंजीकृत परिवार को 100 दिन के रोजगार की गारंटी

अनियमितता या घालमेल न होने पाये, इसके लिए सतत रूप से निगरानी तंत्र को सक्रिय व सजग रखा जाए।

इसी उद्देश्य से स्टेट क्वालिटी मानीटरों की तैनाती की गयी है। गांवों में जरूरतमंदों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) लागू है। इसके तहत प्रत्येक पंजीकृत परिवार को 100 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। मनरेगा के तहत कार्य कराने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत के अलावा अन्य कार्यदायी विभागों को सौंपी गई है। विकास कार्यों में खराब गुणवत्ता एवं गड़बड़ियों को रोकने के साथ ही गुणवत्ता की जांच के लिए स्टेट क्वालिटी मॉनीटर नियुक्त किए हैं। ये आवंटित जिलों में मनरेगा



की परियोजनाओं को चिह्नित करके गुणवत्ता की जांच करने का कार्य कर रहे हैं।

मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्मित एवं निमार्णाधीन परिसंपत्तियों की जांच के लिए प्रदेश के मंडलों में स्टेट क्वालिटी मॉनीटर तैनात किए गए हैं। जो मनरेगा योजनांतर्गत हो रहे कार्यों की निगरानी करते हैं। प्रत्येक कार्य की निगरानी 2 चरणों में किये जाने का प्रावधान है यानि निर्माण के दौरान और निर्माण कार्य पूरा होने के पश्चात वे कार्यों के लिए सुधारात्मक सलाह और सुझाव देते हैं जिसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है। इनकी तैनाती का उद्देश्य जिले में मनरेगा योजनांतर्गत निष्पादित कार्यों का कम से कम 10 प्रतिशत की निगरानी और मूल्यांकन करना है। इन 10 प्रतिशत कार्यों में से कम से कम 5 लाख रुपए और उससे अधिक का व्यय कच्चे कार्यों (भूमि) पर और पक्के कार्यों पर 10 लाख रुपए का व्यय होना शामिल है। स्टेट क्वालिटी मॉनीटर के उन्हें चयनित परियोजनाओं का निरीक्षण करते हुए स्थलीय कार्यों की गुणवत्ता परीक्षण करना तथा गुणवत्ता में सुधार के लिए सभी संबंधित को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करना है। मनरेगा कार्यों के क्रियान्वयन से संबंधित तकनीकी कार्मिकों को पॉवर प्वाइंट के माध्यम से स्थलीय निरीक्षण के दौरान समुचित प्रशिक्षण देना तथा विभिन्न प्रतिभागियों को जोड़ते हुए यथा आवश्यक ऑनलाइन प्रशिक्षण भी प्रदान करना इनका दायित्व है।

## जदयू में सुलतानपुर के अध्यक्ष बने संतोष पाठक

लखनऊ। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश कार्यालय पर सुल्तानपुर के भारतीय जनमानस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष और भारतीय जनमानस पार्टी के पूर्व पूर्वांचल प्रभारी संतोष पाठक को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने पार्टी के अयोध्या मण्डल के संयोजक अभिषेक चौधरी की उपस्थिति मे पार्टी के सुलतानपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने उम्मीद जताई है कि संतोष पाठक के सुलतानपुर का जिला अध्यक्ष बनने से सुलतानपुर में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा और संगठन मजबूत होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें एक माह में संतुलित जिला इकाई का गठन करके प्रदेश कार्यालय को अवगत कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत सिंह पटेल एवं पार्टी के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। इनको सुलतानपुर का जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी महिला प्रदेश अध्यक्ष पूनम सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत सिंह पटेल, वरिष्ठ नेत्री ममता सिंह, डॉ भरत गंगवार, अवधेश सिंह, संजय सिंह, अजीत प्रताप सिंह, सुशील कश्यप, सुशील पटेल, योगेश चन्द्र सोनी आदि ने बधाई दी।

# नागरिकों को अपनी विधानसभा के बारे में जानकारी होना जरूरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। असम विधानसभा की महिला एवं बाल कल्याण समिति के सदस्यों के एक अध्ययन दल ने आज उत्तर प्रदेश विधानसभा का दौरा किया और इस अवसर पर उन्होंने यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान, अध्ययन दल ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यप्रणाली, इसके ऐतिहासिक महत्व और यहां किए गए

- असम विधानसभा की महिला एवं बाल कल्याण समिति के सदस्यों के एक अध्ययन दल ने किया विधानसभा का दौरा

हालिया सुधारों के बारे में विस्तार से चर्चा की।



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अध्ययन दल का स्वागत करते हुए कहा कि देश के हर राज्य के नागरिकों को अपनी विधानसभा के बारे में जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विधायिका की प्रक्रियाओं और उसकी भूमिका को समझना किसी भी लोकतांत्रिक समाज के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण है। जब लोग अपनी विधानसभा के कामकाज को समझेंगे, तभी वे विधायिका के महत्व को सही ढंग से पहचान सकेंगे और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक हो सकेंगे। महाना ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में हाल ही में किए गए सुधारों के कारण अब यहां के लोग अपनी विधानसभा के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए उत्सुक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन बदलावों ने आम जनता की धारणा में सकारात्मक बदलाव लाया है। जहां पहले विधायिका के प्रति लोगों की रूचि कम थी, वहीं अब समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोग विधानसभा में आकर इसकी प्रक्रियाओं को समझने और देखने के लिए आगे आ रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर जोर दिया कि जनमानस में विधायिका के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। यह जागरूकता लोगों को यह समझने में मदद करेगी कि विधायिका का क्या महत्व है और इसका उनके जीवन में क्या प्रभाव पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि लोग अपनी विधानसभा और विधायिका के कामकाज को जानेंगे, तो लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति उनकी भागीदारी और अधिक प्रभावी हो सकेगी। असम विधानसभा की महिला एवं बाल कल्याण समिति के इस अध्ययन दल का नेतृत्व समिति की सभापति सुमन हरिप्रिया ने किया। उनके साथ समिति की सदस्य नंदिता दास, प्रदीप सरकार, अशरफुल हुसैन और निजाम उद्दीन चौधरी भी शामिल थे। इसके अलावा, अध्ययन दल में कई अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे, जो इस दौरे के दौरान यूपी विधानसभा के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर रहे थे।

# कार्रवाई में अपराधियों की जाति नहीं देखी जाती : भूपेन्द्र चौधरी

## प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कानपुर में बूथों पर पहुंच कर किया घर-घर संपर्क

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/सुलतानपुर। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सर्राफा डकैती कांड के बदमाश मंगेश यादव के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के मामले में पुलिस को क्लीनचिट दी। सुलतानपुर में शुक्रवार को पार्टी की सदस्यता अभियान में हिस्सा लेने आये प्रदेश अध्यक्ष ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुलतानपुर में सदस्यता अभियान में हुए शामिल
- सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर किया पलटवार

कहा कि पूर्व की सरकारें वोट बैंक के नाम पर अपराधियों को संरक्षण देती थीं लेकिन योगी सरकार अपराधियों की संलिप्तता मिलते ही उन पर कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार अपराधों के समूल नाश करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। पिछले सात सालों



में सीएम के नेतृत्व में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई हुई है। सरकार की कार्रवाई में अपराधियों की जाति नहीं देखी जा रही है।

पार्टी के चलाये जा रहे सदस्यता अभियान में शामिल होने सुबह करीब 11 बजे प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से होते ही सेमरी के पास टोल प्लाजा पर पहुंचे। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के स्वागत के बाद सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय व जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा के साथ प्रदेश अध्यक्ष सीधे गड़ौली गांव पहुंचे। 42 घरों पर पहुंचकर उन्होंने लोगों का ऑनलाइन पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके बाद कटका के पास कोहड़ा गांव पहुंचकर लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। शाम को दूबेपुर ब्लॉक सभागार में प्रधानों, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्यों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। लंभुआ के आनापुर गांव पहुंचकर विधायक सीताराम वर्मा की मौजूदगी में लोगों को पार्टी का सदस्य बनाया। इस मौके पर एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह समेत अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इसके अलावा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कानपुर में बूथों पर पहुंच कर घर-घर संपर्क किया। अभियान के माध्यम से प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल व बूथ के पदाधिकारी, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षद गण, आयोग, निगम, बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्यों सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने घर-घर संपर्क करते हुए सदस्य के रूप में लोगों को भाजपा परिवार से जोड़ने का काम प्रारंभ किया।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर हैं : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा हैं कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। इस सरकार में ज्यादातर निर्माण और सड़क परियोजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ गयी है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे गोरखधंधे का सबसे बड़ा रास्ता बनने जा रहा है। 6 की जगह 4 लेन बनने के बाद भी, प्रति किमी देश का सबसे महंगा एक्सप्रेस-वे बनने का रिकार्ड भी इसी के नाम है। अखिलेश यादव ने कहा कि क्या ऐसा कोई मॉनिटरिंग सिस्टम भाजपा सरकार के ऊपर



निगाह रखने के लिए नहीं बन सकता जो बेलगाम भाजपाइयों को नियम और कानून तोड़ने व महा भ्रष्टाचार की गलत लेन में बेतहाशा रफ़्तार से अपनी गाड़ी दौड़ाने से रोक सके। व्यवस्था किसी एडवांस मैनेजमेंट सिस्टम से नहीं, सही नीयत से शासन-प्रशासन चलाने से सुधरती है।

उन्होंने कहा कि इससे पहले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्यों को लेकर तमाम तरह की शिकायतें भी आ चुकी हैं। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे तो प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन के एक ही सप्ताह में कई जगह टूट गया था। अयोध्या में भी बड़े पैमाने पर जमीनों की खरीद, बिक्री और निर्माण कार्यों में हुआ भ्रष्टाचार सबके सामने है। भाजपा के लोगों ने अयोध्या में जिस तरह की लूट मचाई है, उसकी दूसरी मिशाल नहीं दिखती है। भाजपा की पोल खुल चुकी है। झूठ और लूट का उसका चरित्र जनता के सामने आ चुका है। भाजपा नेता कार्यकर्ता और दल से विभिन्न पदों पर रहे लोग खुद स्वीकार करते हैं कि भाजपा सरकार में अब तक का सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हो रहा है। भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है, हर विभाग में लूट मची है। झूठ और लूट भाजपा की पहचान बन गई है।

## शिवाजी महाराज की प्रतिमा को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए : मायावती

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने के मुद्दे पर शुक्रवार को कहा कि ऐसे मामलों में कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। बसपा नेता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, कि किसी भी समुदाय और धर्म से जुड़े राजा, महाराजाओं, संतों, गुरुओं और महापुरुषों के किसी भी मामले में नकारात्मक नहीं बल्कि सकारात्मक सोच रखनी चाहिए तथा इसकी आड़ में राजनीति करना ठीक नहीं। उन्होंने कहा, कि इनकी प्रतिमाओं को लगाने तथा नाम रखने आदि का भी इस्तेमाल, सकारात्मक सोच से होना चाहिए न कि इनकी आड़ में किसी भी प्रकार का द्वेष पूर्ण और राजनीतिक स्वार्थ छिपा होना चाहिए। जो अब देखने के लिए मिल रहा है। बेहद दुर्भाग्यपूर्ण। बसपा प्रमुख ने कहा, कि महाराष्ट्र की तरह अन्य किसी भी राज्य में खुद मूर्ति गिरने पर, संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए, न कि इसकी आड़ में कोई राजनीति की जानी चाहिए।

# आज के दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बहुत महत्वपूर्ण : मनोज कुमार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार ने कहा कि आज के दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बहुत महत्वपूर्ण है। सभी सरकारी विभागों को दक्षता बढ़ाने और परिवर्तनकारी परिणाम सुनिश्चित करने

- मुख्य सचिव ने उभरती प्रौद्योगिकी और डिजिटल परिवर्तन सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया

के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपने दृष्टिकोण, योजना और दैनिक कामों में शामिल किया जाना चाहिए। एआई परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभर रहा है। इसका न केवल उपयोगकर्ताओ पर सीधा प्रभाव पड़ेगा, बल्कि यह अन्य क्षेत्रों को भी बदल



देगा, जिससे अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि होगी।

मुख्य सचिव शुक्रवार को योजना भवन में डिजिटल युग के शासन को तैयार करने के लिए उभरती प्रौद्योगिकी और डिजिटल परिवर्तन पर कार्यकारी ब्रीफिंग सत्र में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर रहे थे। यह ब्रीफिंग सत्र सेंटर फॉर ई-गवर्नेंस, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा वाधवानी सेण्टर फॉर गवर्नमेंट डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, वाधवानी फाउंडेशन की पार्टनरशिप में आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति, परिवार, सोसायटी या कोई राज्य यदि एआई में पीछे छूट जाता है तो वह हर चीज में पिछड़ जाता है। एआई के बहुत सारे उपयोग हैं। हमें जनता और समाज की बेहतरी के लिए इसका इस्तेमाल बढ़ाना होगा। उत्तर प्रदेश में देश के विकास की सबसे बड़ी क्षमता है और एआई निश्चित रूप से इसे पूरा करने में मदद कर सकता है। उन्होंने बताया कि विदेश दौरे पर ज्यूरिख यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर से मुलाकात हुई थी। ज्यूरिख यूनिवर्सिटी पूरे यूरोप में एआई का सबसे बड़ा सेंटर है। इसी यूनिवर्सिटी में आइंस्टीन पढ़ते थे और पढ़ाते भी थे। उन्हें उनकी यूनिवर्सिटी जाने का भी मौका मिला। उनके साथ प्रदेश में एक इवेंट किया गया। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान उनके रिप्रजेंटेटिव यहां आए और उन्होंने पवेलियन सेटअप किया और प्रधानमंत्री के समक्ष प्रदर्शन भी किया। उनकी टीम यहां से गंगा एक्सप्रेसवे गई और वहां की सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने एक्सप्रेसवे पर कुछ सेंसर इंस्टॉल किए, जो सड़क की गुणवत्ता के संबंध में डाटा जेनरेट करते हैं। इसी डाटा के आधार पर सड़क की क्वालिटी में सुधार के प्रयास किए जाते हैं। इस तरह के बहुत सारे इक्विपमेंट ज्यूरिख से आ चुके हैं। माह जनवरी में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की मीटिंग में लगभग 80 प्रतिशत पवेलियन एआई के थे। इस अवसर पर अध्यक्ष राजस्व परिषद अनिल कुमार, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन जितेंद्र कुमार, अपर प्रमुख सचिव परिवहन वेंकेटेश्वर लू, प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. शंमुगा सुंदरम, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम आदि मौजूद थे।

## तय समय में हो अटल आवासीय विद्यालय का कार्य

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार ने बरेली में अटल आवासीय विद्यालय का अवशेष निर्माण कार्य 30 सितंबर तक तथा मुरादाबाद में 30 नवम्बर तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति लायी जाये। मुख्य सचिव शुक्रवार को अटल आवासीय विद्यालयों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में निर्धारित गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाये। निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य पूरा न होने पर संबंधित ठेकेदार और एक्सईएन के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। बैठक में प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार, विशेष सचिव श्रम कुणाल सिल्कू, महानिदेशक अटल आवासीय विद्यालय गजल भारद्वाज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# कृषि और औद्यानिक फसलों के उत्पादन में ऐतिहासिक कदम उठा रही प्रदेश सरकार

लखनऊ। तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय खाद्य प्रदर्शनी (वर्ल्ड फूड इस्तांबुल-2024) के समापन अवसर पर उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश के कृषि निर्यात में हो रही वृद्धि और नई संभावनाओं को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में कृषि क्षेत्र के विकास और औद्यानिक फसलों के उत्पादन में ऐतिहासिक कदम उठा रही, इससे कृषि क्षेत्र में निर्यात के साथ किसानों की आय में भी बढ़ोत्तरी हो रही है।

उद्यान मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश से तुर्की को मुख्यतः बासमती चावल, आलू के प्रसंस्कृत उत्पाद, पशु आहार और बफैलो मीट आदि का निर्यात किया जाता है। वर्ष 2021-22 के 4.23 करोड़ रुपये के निर्यात के मुकाबले 2023-24 में 55.31 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 6.57 करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा कि मूंगफली, प्रसंस्कृत सब्जियां, दुग्ध उत्पाद, प्रसंस्कृत फल और जूस, गुड़ और कन्फेक्शनरी, ताजी सब्जियां, अनाज के प्रसंस्कृत उत्पाद, मिलेट और मैंगो पल्प जैसे उत्पादों के निर्यात की भी तुर्की में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2024-25 में उत्तर प्रदेश से तुर्की को मक्खन (100 मैट्रिक टन) का निर्यात भी शुरू हो गया है। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की मिट्टी और जलवायु मसाला खेती के लिए बेहद अनुकूल हैं। इसके प्रसंस्करण और उत्पादन में वृद्धि से न केवल किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी, बल्कि प्रदेश के लोगों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

संक्षेप

## हरतालिका तीज पर रखा उपवास

प्रतापगढ़। हरतालिका तीज पर शुक्रवार को महिलाओं ने पति की लम्बी उम्र को लेकर उपवास रखा। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में सुबह से ही श्रद्धालु महिलाएं दर्शन पूजन व जलाभिषेक में पंक्तिबद्ध दिखीं। महिलाओं ने देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक कर मां पार्वती से अमर सुहाग का वरदान भी मांगा। हरतालिका तीज के पर्व को लेकर शिव मंदिरों में साफ सफाई के साथ फूलों का श्रृंगार भी आकर्षक दिखा। लालगंज के हरिहरमंदिरम, देउम के बूढ़ेश्वरनाथ धाम समेत धार्मिक स्थलों पर महिलाओं का दर्शन पूजन का सिलसिला दिन भर उत्साह में देखा गया। वहीं बाजार में हरतालिका को लेकर मिठाई व फल, खीरे तथा पान सुपारी की भी खरीददारी जोरों पर दिखी।

## दुकान लाखों की चोरी

प्रतापगढ़। किराने की दुकान में दीवार तोडकर अज्ञात चोरों ने लाखों के कीमती सामान चोरी कर लिये। घटना को लेकर पीडित ने शुक्रवार को सांगीपुर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। सांगीपुर थाना के तारापुर गांव में पहाड़पुर मार्ग पर रामकुमार यादव पुत्र महावीर ने किराने की दुकान खोल रखी है। गुरूवार की रात अज्ञात चोरों ने दीवार तोडकर दुकान में चोरी की घटना अंजाम दी। पीडित के मुताबिक किराने की दुकान से लाखों के सामान पर चोरों ने हाथ साफ किया है। पीडित ने घटना की सूचना सांगीपुर पुलिस को दी है। सांगीपुर एसओ मनीष का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## चार पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने मारपीट व धमकी की घटना को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पनखरी मोठिन गांव की कुसुम पटेल पत्नी राजकरन पटेल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अठारह अगस्त की शाम करीब पांच बजे गांव के राजकुमार पटेल अपनी पत्नी अनारकली, पुत्र समित व बहू के साथ उसके दरवाजे पर आ पहुंचे। आरोपीगण पुरानी रंजिश को लेकर गालीगलौज करते हुए पीडिता के दरवाजे पर स्थित पेड़ काटने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर पति पत्नी को जमकर मारापीटा। गंभीर चोट लगने से पति पत्नी दोनों बेहोश हो गये। आरोपियो ने कुल्हाड़ी से पीडिता के घर का दरवाजा तोडकर क्षतिग्रस्त कर दिया। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद राजकुमार पटेल समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## युवक घायल

प्रतापगढ़। बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया गया है। लीलापुर थानान्तर्गत सगरा सुंदरपुर बाजार निवासी मनोज कुमार जायसवाल का पुत्र यश जायसवाल 18 शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे बाइक से कहीं जा रहा था। पूरे बेखरियन के पास सामने से आ रही अज्ञात बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार यश गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर भेजवाया। यहां युवक की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## खनिज इंस्पेक्टर के साथ मारपीट के आरोप में दो गिरफ्तार

बांदा। जिले के मटौंध थाना क्षेत्र में जांच के दौरान भूतत्व एवं खनिकर्म (खनिज) विभाग के इंस्पेक्टर के साथ मारपीट के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने दी। अतर्रा क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक गवेन्द्र पाल गौतम ने बताया कि बुधवार रात खनिज विभाग के इंस्पेक्टर गौरव गुप्ता के साथ वाहन जांच के दौरान अवैध खनन से जुड़े कुछ लोगों ने मारपीट की थी और सोशल मीडिया में प्रसारित वीडियो के अधार पर आरोपियों की पहचान कर एक मामला पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि मटौंध थाना की पुलिस ने शुक्रवार को आरोपियों सानू सिंह और पुष्पेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। सीओ ने बताया कि तीन अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# भेड़ियों की दहशत से सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग अलर्ट

## डीएफओ डॉ. सेम्मारन एम ने की जनमानस से अपील, अफवाहों से बचें ग्रामीण



बी एस. परिहार

**बलरामपुर।** मंडल के बहराइच जिले में नरभक्षी भेड़िओं के आतंक को लेकर के बलरामपुर सुहेलवा वन्य जीव प्रभात हाई अलर्ट पर आ गया है। डीएफओ डॉक्टर सेम्मारन एम.ने कहा कि उनके वन्य जीव प्रभाग में सब सामान्य है। घबराने जैसी कोई बात नहीं है ।डीएफओ ने विशेष कर वन क्षेत्र के इर्द-गिर्द ग्राम वासिंदो को अफवाह से बचने की अपील करते हुए कहा कि लोगों को ऐतिहात बरतना जरूरी है। जाटव हो कि बलरामपुर तुलसीपुर यूनिट तुलसीपुर रामपुर भाँभर. बनकटवा सोहेल्वा पूर्वी सुहेलवा पश्चिम रंजू में विभक्त है जिसका समुचित क्षेत्रफल 69000 हेक्टेयर क्षेत्र वनों से आच्छादित है। जनपद का वन क्षेत्र तकरीबन 110 से 120 किलोमीटर का भूभाग सीमा नेपाल राष्ट्र के सरहद को स्पर्श करता है भेड़िया और इंसानों के बीच 36 का आंकड़ा जन्मजात है। भड़ियों साथके समूह में मानव पर हिंसक हमले इनके जन्मजाति स्वभाव में होते हैं. जब इंसानों से बागी होते हैं तो अकेले इंसानों पर झुंड में अप्रत्यशिक हमला बोलते हैं। छोटे बच्चों को शिकार बनाना है इनकी पहली प्रसंद होती है । 90 के दशक में भेड़ियों का आतंक चरम पहुंच गया था तब सरकार को विवश होकर उनके उन्मूलन का निर्णय लेना पड़ा था. सरकारी आदेशों के बाद वन विभाग ने भेड़िया कलिंग का बृहद अभियान चलाया। अभियान में भारी संख्या में भेड़िओं के कुनबो का सफाया हुआ था ।वर्तमानमें प्रदेश सरकार द्वारा संरक्षित श्रेणी में इनको ला दिया गया है तो यह सुरक्षित हो गए लेकिन मानव उनसे कदापि सुरक्षित नहीं है.इनके नर भछी है हिंसक हमलों से इंसानों का जीना मुहाल कर रखा है. भेड़ियो के आतंक और इनके हमलों से लोग के देर अबेर घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया है. भेड़ियों को पकड़ने के लिए सरकार के सभी प्रयास असफल हो रहे हैं ।सरकार को 90 दशकमें लिए गए निर्णय पर पुनर्विचार कर मानव हित में भेड़ियों के सामूहिक वध का फरमान जारी किए जाने की आवश्यकता है।

### हाईब्रिड भेड़िए होते हैं ज्यादा खतरनाक : मनोज कुमार



वन्य जीव प्रभाग के उप वन अधिकारी मनोज कुमार बताते हैं कि वह भेड़िया ज्यादा खतरनाक होता है जिसका जन्म क्रॉस विडिंग से होता है ज्यादातर यह अपने झुंडों का अगुवाई भी यही करता है और एक फुतीर्ला और काफी शातिर दिमाग का होता है इसके शिकारी जोहर पर भेड़ियों झुंड कुछ ज्यादा ही भरोसा इसपर करता है। एस डी ओ मनोज कुमार कहते हैं कि अमूमन प्रजनन काल में वन्य जीव ज्यादा ही उग्र रहता है.मानव की असावधानी और कौतूहल इनको और ज्यादा उग्र बना देते हैं जिसमें बाघ तेंदुआ और भेड़िया प्रजनन काल में मानव की आहट आहट इनको ना गवार गुजरता है और यह अपनी शान में अपराध समझकर उग्रता की सारी सीमाएं तोड़कर मानव पर हिंसक हमला करता है श्री कुमार कहते हैं कि एक बार जब भेड़िए केमुँह में मानव का रक्त लग जाता है तो यह इसका आदी हो जाता है ।भेड़िए ज्यादातर दिन के समय में झाड़ियां में छिपे रहते हैं और शाम होते ही शिकार की खोज में बाहर आ जाते हैं इनके क्रियाशील का समय प्रातः 4:00 बजे से सुबह 7:00 तक तथाशाम 6:00 बजे से लेकर के 9:00 तक मुख्य रूप से होता है और यही समय यह शिकार के खोज में बाहर आ जाते हैं. श्री कुमार आगे बताते हैं कि भेड़िया बन क्षेत्र में अपना आशियाना ज्यादातर पहाड़ी जंगली नालों के झुरमुटों में बनाता है ताकि उसके पानी की पूर्ति और शीतलता मिलती रहे. कभी-कभी इंसान भूलकर उन झुरमुटों तक पहुंचता है तो यह अपने को असुरक्षित समझ कर हमलावर हो जाते हैं ।पहाड़ी नालों में जब वर्षा काल में जल का फैलाव ज्यों ज्यों बढ़ता जाता है त्यों त्यों यह अपना आशियाना ऊपर के झुरमुटों पर कुटुंबों के साथ बढ़ते जाते हैं. जनपद में के बनकटवा रेंज में भेड़ियों होते हैं वह की संख्या सबसे ज्यादा है श्री कुमार दावा करते हैं कि वह स्वयं रात को तीन से चार घंटे तक वन क्षेत्र में रोज रात्रि गश्त करते हैं.उनके पास गार्ड की बहुत कमी है बावजूद इसके भी वह और उनके रेंज अफसर तथा गार्ड साथी जान को जोखिम में डालकर इंसानों से बन जीव और वन्य जीव से इंसानों की पूर्ण रक्षा करने में कोई कोर कसर ही नहीं छोड़ते हैं जिसका परिणाम भी सुखद है कि उनके इस रत जगे से वन्य जीव अवैध कटान वन्य जीवों के हमले शिफर के गर्भ में हैं ।वह किसी भी ऐसी घटना अथवा सूचना पर पूरे क्षेत्र के किसी भी स्थान पर समुचित संसाधनों के साथ महज दो से ढाई घंटे में पहुंच सकते है

### तुलसीपुर वनरेंज क्षेत्र में दिखा भेड़िया लगाए गए पिंजरा

विगत दिनों तुलसीपुर रेंज में भेड़िए देखने की बात ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दी गईं। ग्रामीणों द्वारा यह भी बताया गया कि इलाकों में भेड़िए के मोमेंट बराबर देखी जा रही है ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग सक्रिय हो उठाऔर फौरन पिंजरे लगवाए गए ।वन अधिकारी मनोज कुमार स्वयं मौके पर रेंज अधिकारी के साथ कैंप कर भेड़ियों के संभावित स्थल पर पिंजरे लगवा कर उनको फसाने के लिए भागीरथी प्रयास कराई गई. इसके बाद ना तो भेड़िए दिखे और ना ही पिंजरा में कोई भेड़िया फंसा। वन विभाग की सक्रियता और परिणाम को लेकर छेत्र के जनमानस ने राहत की सांस ली।

### सुरक्षा को लेकर हमारा विभाग हाई अलर्ट : डॉक्टर सेम्मारन एम



डीएफओ ने कहा कि पहली बात यह कि हमारे जिले में भेड़ियों के हरकत की कोई सूचना नहीं है सब कुछ सामान्य है। हमारे सभी रेंजो में मिलाकर लगभग सैकड़ोसंख्या अनुपात में तेंदुए के साथ भारी संख्या में हिरण भेड़िया आज वन्य जीव रहते हैं ।हमारे अधिकारी कर्मचारी वन्य जीव एवं वनों की सुरक्षा के साथ-साथ वन्य जीवों के मोमेंट पर पूरी तरह निगेहवानी कर रहे हैं। सब कुछ सामान्य है और हम और हमारी विभागीय टीम द्वारा हर खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जिले के जनमानस से मेरी अपील है कि शाम अंधेरे में और अलल सुबह बच्चों को अकेला घर से बाहर न निकलने दें क्योंकि यही समय वन्य भेड़ियों के सक्रियता का समय होता है ।

# डीएम ने किया तहसील उतरौला का निरीक्षण

## सभी पटलों के कार्यों का किया मुआयना , दिए आवश्यक दिशानिर्देश



बलरामपुर ।डीएम पवन अग्रवाल द्वारा तहसील उतरौला का निरीक्षण किया गया।इस दौरान उन्होंने तहसील परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया । तहसील परिसर में बारिश से जलभराव तथा परिसर में बने कुछ भवन जर्जर अवस्था में पाए गए, जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की तथा साफ सफाई की समुचित व्यवस्था एवं भवनों की मरम्मत एवं बेहतर रखरखाव का निर्देश दिया।इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों के निरीक्षण के दौरान सीलिंग कार्य, देवी आपदा सहायता राशि रजिस्टर, अमल दरामद, आईजीआरएस रजिस्टर, स्वामित्व योजना , खतौनी कार्य , राजस्व अभिलेखागर आदि का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने कार्य में लापरवाही पर एडब्लुबीएन मंसाराम पांडे एवं रजिस्टर कानूनगो रमेश सिंह को स्पष्टीकरण दिए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी अभिलेख को व्यवस्थित ढंग से अलमारियों में रखे जाने व पटल के कार्य को देख रहे कर्मचारी का नाम व पद अंकित किए जाने का निर्देश दिया।इस दौरान उन्होंने उप जिलाधिकारी व तहसीलदार न्यायालय का भी निरीक्षण किया एवं सर्वाधिक पुराने राजस्व वादों को देखा , उन्होंने 3 वर्ष से पुराने राजस्व वादों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करते हुए राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया।उन्होंने निर्देश दिया की तहसील में आने वाले जनमानस से जुड़े कार्यों को समय से पूर्ण करे तथा प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 कार्यालय में बैठक जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुने एसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार, तहसीलदार उतरौला व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

# मेरे खिलाफ महिला पहलवानों का आंदोलन कांग्रेस प्रायोजित था : बृजभूषण

गोंडा। महिला पहलवान विनेश फोगाट के शुक्रवार को कांग्रेस शामिल होने पर प्रतिक्रिया देते हुये भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने दावा किया कि यह बात सत्य साबित हुई कि उनके खिलाफ महिला पहलवानों का आंदोलन कांग्रेस प्रायोजित था। गोंडा के डुमरियाडीह स्थित एक निजी विद्यालय में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में पूर्व सांसद ने अपने संबोधन में कहा, मेरे खिलाफ जब महिला पहलवानों ने आरोप लगाए थे, मैंने तभी बोल दिया था कि यह कांग्रेस की साजिश है। हरियाणा के बड़े नेता दीपेंद्र हुड्डा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा हमारे खिलाफ साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने जो बात पहले दिन कही थी, आज भी उसी पर कायम हूं और आज वही बात पूरा देश कह रहा है। अब मुझे इस बारे में ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। इस प्रकरण पर ज्यादा नहीं बोलूंगा, अन्यथा यह बात तुरंत हरियाणा पहुंच जाएगी। इस समय पूरा देश इंतजार कर रहा है कि बृजभूषण शरण सिंह इस मुद्दे पर कुछ बोलें। हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले फोगाट ने निजी कारणों का हवाला देते हुए भारतीय रेलवे की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गयीं। फोगाट के अलावा पूर्व ओलंपियन बजरंग पूनिया ने भी कांग्रेस का हाथ थामा। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर फोगाट और पूनिया के साथ राहुल गांधी की एक तस्वीर साझा की है। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस में शामिल होने के बाद फोगाट ने कहा, बुरे समय में पता चलता है कि कौन अपना है, जब हमें सड़कों पर घसीटा जा रहा था, तब भाजपा को छोड़कर सभी विपक्षी दलों ने साथ दिया। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर फोगाट ने यौन शोषण का आरोप लगाया था।

# बिना चिंता उपचार करायें, पैसा सरकार देगी : सीएम

- जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मदद मांगने आए लोगों को सीएम योगी ने किया आश्वस्त
- मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में लगे जनता दर्शन में सुनी 300 लोगों की समस्याएं



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे से लोगों को आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में उपचार कराएं। उपचार में जो भी पैसा खर्च होगा वह सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी। बात करने के दौरान भावुक हो गई एक महिला को आत्मीय संबल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी।

# मेधावियों ने स्वर्ण समेत 37 पदक किये महाविद्यालय के नाम

## होंगे राज्यपाल से सम्मानित ,सफलता पर पूर्व मंत्री प्रो. ओझा ने दी शुभकामनाएं

जिला संवाददाता (vol)





**प्रतापगढ़।** उच्चशिक्षा के क्षेत्र में नगर के सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी महाविद्यालय ने पदकों की झडी लगाकर प्रदेश में लालगंज क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मेधावियों की सफलता को लेकर प्रबन्धक एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा ने शिक्षकों के योगदान को सराहा है। शिक्षक दिवस पर महाविद्यालय के उच्चस्तरीय शैक्षिक पठन पाठन की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. अमित सिंह द्वारा महाविद्यालय के शिक्षकों का सारस्वत सम्मान किया गया। प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भय्या विश्वविद्यालय से जुडे एसबीएम महाविद्यालय के सात मेधावियो को गोल्ड तथा चौदह को सिल्वर तथा सोलह को ब्रोंज पदक मिलने से खुशी का माहौल देखा गया। पदक से अलंकृत इन मेधावियों को आगामी दस सितंबर को विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मेडल प्रदान करेंगी। सफलता मे शिक्षको के योगदान को लेकर शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर महाविद्यालय में आयोजित समारोह में अपने वर्चुअल संबोधन में प्रबन्धक प्रो. शिवाकांत ओझा ने कुशल नेतृत्व के लिए प्राचार्य डॉ. अमित कुमार सिंह के दिशा निर्देशन की प्रशंसा की। वहीं प्राचार्य डॉ. अमित सिंह ने निदेशक डॉ. संदीप मिश्र, डॉ. ओपी द्विवेदी, डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी, डॉ. धर्मेन्द्र बहादुर सिंह, डॉ. रूबिता सिंह एवं डॉ. रजनी सिंह तथा डॉ. अरविन्द वर्मा व राजेश सिंह, सुचित्रा पटेल, डॉ. रविकांत कौशल, डॉ. सीमा सिंह को स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं राज्यपाल के हाथों मेडल प्राप्त करने वाली छात्राओं में स्वर्ण पदक के तहत सोनाली सिंह, अर्पणा पाण्डेय, रश्मि सिंह, श्रेया यादव, सृष्टि मिश्रा, अंजली, लक्ष्मी व रजत पदक में अंजली गुप्ता, निधि सिंह, पूजा विश्वकर्मा, दिव्यांश मिश्र, प्रीति मिश्रा, टीनू यादव, डॉली सिंह, आसमा सिंह, सुष्मिता मौर्या, लकी अग्रवाल, रूबी विश्वकर्मा, विजय यादव, कीर्ति तिवारी, आकृति व कांस्य पदक में लक्ष्मी जायसवाल, हरिप्रिया मिश्रा, निकिता पाण्डेय, शिवानी शुक्ला, ऋद्धिमा शुक्ला, शामली सिंह, खुशी यादव, अजय कुमार, मो. आशाम सिददीकी, रेखा पाण्डेय, आफरीन, मुस्कान बानो, नेहा देवी, निशा पटेल, दीक्षा मिश्रा व प्रभात विश्वकर्मा की भी मेहनत को पूर्व मंत्री प्रो. ओझा तथा प्राचार्य डॉ. अमित सिंह ने छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणास्पद कहा।

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश में बनायेगा 10 लाख सदस्य : विनीत शारदा



मेरठ ।शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने खन्दक बाजार एवं बेगम पुल बाजार में भाजपा सदस्यता महापर्व 2024 सदस्यता अभियान चलाया। भाजपा नेता विनीत अग्रवाल शारदा ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारतीय नहीं विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और मोदी जी ,योगी जी लगातार आम जनता व व्यापारी हित में लगातार काम कर रहे है। सैकड़ो योजनाएं व व्यापारी हित्त में केन्द्र और प्रदेश की सरकार काम कर रही हैं योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश का व्यापारी निर्भीक होकर व्यापार कर रहा है आज रंगदारी, लूटपाट बंद हो गई है बदमाश और गुंडई का वातावरण खत्म हो चुका है उत्तर प्रदेश का व्यापार लगातार विकास की ओर अग्रसर है विनीत शारदा ने कहाँ ,प्रदेश में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ१० लाख सदस्य बनाएगा बाजारों में व्यापारी भाजपा का सदस्य बड़ी संख्या में बन रहे है । इस अवसर पर बेगम पुल व्यापार संघ के अध्यक्ष पुनीत शर्मा , उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता, मंत्री श्रीमती सुधा सेठ ,सुरेंद्र शर्मा राजेश सिंघल ,राजीव सिंघल, राजीव कपूर, अशोक महेश्वरी अरुण रस्तोगी , अतुल बंसल खन्दक बाजार के अध्यक्ष अंकुर गोयल ,पंकज बंसल ,नीलकमल रस्तोगी , विशाल विन्दल , आदि उपस्थित रहे व सदस्य बनाने में सहयोग किया । आज के कार्यक्रममें विशेष रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री बलराज गुप्ता , वार्ड 52 के पार्षद श्री अजय चंद्रा उपस्थित रहे।

## जेवरात व नकदी चोरी को लेकर दी तहरीर , जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना के ननैया राहाटीकर निवासी प्रवीण कुमार कोरी पुत्र स्व. हरीलाल कोरी ने घर में अस्सी हजार की नकदी तथा लाखों के जेवरात की चोरी को लेकर तहरीर दी है। तहरीर में घटना में चार आरोपियों को नामजद भी किया गया है। आरोपियों की नामजदगी को लेकर उदयपुर पुलिस घटना की जांच में जुटी बतायी गयी है। पीड़ित का कहना है कि गुरूवार की दोपहर वह अपने भाई की ससुराल लालगंज कोतवाली के असैनापुर गया हुआ था। अपरान्ह तीन बजे घर लौटा तो कमरों मे सामान बिखरा पड़ा देख आवाक रह गया। पीडित के मुताबिक आलमारी का लाक तोडकर आरोपियो ने अस्सी हजार नकद तथा लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। उदयपुर एसओ राधेबाबू का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर सच्चाई के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## तालाबी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई न होने से खफा ग्रामीण

प्रतापगढ़। तालाबी जमीन पर दबंगो द्वारा मकान बनाकर अतिक्रमण को लेकर शिकायत दर्ज करायी गयी है। शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। सांगीपुर थाना के पूरे पाण्डेय राजमतीपुर गांव में आधा दर्जन आरोपियों पर तालाबी जमीन में मकान के निर्माण से अतिक्रमण को लेकर एसडीएम लालगंज से शिकायत दर्ज करायी गयी है। एसडीएम तथा तहसीलदार ने सांगीपुर पुलिस को अतिक्रमण हटवाए जाने के निर्देश दिये है। शिकायतकर्ता प्रेमचंद्र पाण्डेय का कहना है कि कई बार एसडीएम के आदेश के बावजूद तालाब की जमीन पर अतिक्रमण हटवाने को लेकर सांगीपुर पुलिस लापरवाह बनी हुई है। पीडित ने गुरूवार को तहसीलदार से फिर मिलकर अतिक्रमण हटवाए जाने की फरियाद की है। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि शिकायत पर शीघ्र निस्तारण की कार्रवाई करायी जाएगी।

## रंगदारी से पीड़ित हलाकान, लीलापुर पुलिस के कान में नहीं रेंग रही जूं

प्रतापगढ़। लीलापुर थाना क्षेत्र के पूरे वैरीशाल निवासी कैलाश यादव पुत्र मेवालाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे आरोप लगाया है कि गांव के एक दबंग द्वारा आये दिन उससे धनराशि की जबरिया वसूली की जा रही है। पुलिस मे शिकायत करने पर कार्रवाई न होने से आरोपी का मन और बढ़ गया है। बीती चार सितंबर को पीड़ित अपने घर पर मौजूद था। दिन में करीब साढ़े बारह बजे आरोपी उसके घर पहुंचा और सत्तर हजार रुपए रंगदारी मांगने लगा। पीड़ित ने मना किया तो आरोपी ने जानलेवा धमकी दी। आरोपी के लगातार तंग करने व धमकाने से पीड़ित व उसका परिवार डरा सहमा है। इधर लीलापुर पुलिस बार बार शिकायत के बावजूद हाथ पर हाथ धरे खामोशी ओढ़े है। मामले में एसओ नरेन्द्र सिंह से जानकारी ली गयी तो उनका कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। जबकि सरेआम पीडित से रंगदारी के मामले को लेकर क्षेत्र में पुलिसिया निष्क्रियता को लेकर तरह तरह की चर्चा देखी सुनी जा रही है।

## विधायक मोना की बेटी ने लंदन में लहराया सफलता का परचम

### लंदन यूनिवर्सिटी से मीडिया एंड कम्युनिकेशन में मिली मेधावी को समारोहपूर्वक उपाधि



प्रतापगढ़।विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की बेटी नंदजा मिश्रा ने लंदन में मेधा का परचम लहराया है। लंदन यूनिवर्सिटी के गोल्डस्मिथ कालेज से नंदजा ने मीडिया एण्ड कम्युनिकेशन में ग्रेजुएशन की उपाधि सर्वोत्कृष्ट अंक के साथ हासिल कर मेडल के जरिए देश का भी मान बढ़ाया है। नंदजा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की पौत्री भी हैं। लंदन में हुए ग्रेजुएशन सेरेमनी में नंदजा को समारोहपूर्वक उपाधि एवं मेडल तथा प्रशस्ति पत्र पर स्वर्ण चिन्ह मिलने से शुक्रवार को यहां खुशी देखी गयी। वहीं भारतीय परिधान में उपाधि ग्रहण करने के बाद नंदजा ने मंच से जय हिन्द बोला तो समारोह में मौजूद विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीयों का समूह भी तालियों की गडगडाहट में गदगद हो उठा दिखा। सेरेमनी में शामिल होने लंदन गयी विधायक आराधना मिश्रा मोना बेटी की स्वर्णिम सफलता पर गदगद विधायक मोना ने कहा कि इससे सशक्तीकरण के क्षेत्र में उन्हें हर्ष एवं गर्व की अनुभूति हुई है। वहीं शैक्षिक क्षेत्र में बेटी के लंदन में सर्वोत्कृष्ट अंक के साथ सफलता पर पिता एवं पर्यावरणविद अम्बिका मिश्र ने भी उपलब्धि को गौरवपूर्ण कहा है। नंदजा ने इण्टरमीडिएट की शिक्षा लखनऊ के लोरेटो कालेज से हुई। नंदजा को लंदन में उपाधि की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है। इधर विधायक पुत्री की कामयाबी को लेकर शुक्रवार को यहां भी समर्थकों में खुशी देखी गयी। नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी, बहुगुणा पीजी कालेज की अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा मिश्रा, डॉ. श्यामदुलारी सिंह, पूर्व जिपंस हुमा महमूद, प्रधानाचार्या शोभा श्रीवास्तव, प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, पूर्व प्रधानाचार्य भगवती प्रसाद तिवारी आदि ने कहा कि नंदजा ने लंदन में मेधा के क्षेत्र में भारतीय प्रतिभा का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का मान बढ़ाया है।

संक्षेप

## सेवानिवृत्त शिक्षक को किया सम्मानित

पलियाकलां-खीरी। डॉ० महेन्द्र प्रताप सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक लखीमपुर ने पाँच सितम्बर शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में नगर के प्राचीन विद्यालय बलदेव वैदिक विद्यालय इण्टर कालेज पलिया कलाँ के सेवा निवृत्त नागरिक शास्त्र प्रवक्ता भगवान स्वरूप अवस्थी जो कि 1995 में सेवा निवृत्त हुए थे, वर्तमान में वह 90 वर्ष की आयु में हैं उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा है उनको चिकित्सीय सहायतार्थ रू० 21 हजार का बैंकर्स चेक उनके निवास स्थान मो० किसान पलिया-खीरी में जाकर विद्यालय के संस्थापक ₹ पं० बलदेव प्रसाद अवस्थी स्मारक सम्मान पुरस्कार के रूप में प्रबन्धक व प्रधानाचार्य बलदेव वैदिक विद्यालय इण्टर कालेज, पलिया एवं कृष्ण भगवान गुप्ता अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, पलिया, प्रधानाचार्य जि० पं० बा० इण्टर कालेज पलिया, अश्वनी कुमार वर्मा वरिष्ठ सहायक कार्यालय जि० वि० नि०, खीरी की उपस्थिति में भगवान स्वरूप अवस्थी को माल्यार्पण करके ससम्मान प्रदान किया गया।

## रंजिशन मारपीट का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने रंजिश के चलते एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।ग्राम धौरहरा निवासी महेश कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र हरिश्चंद्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि दो सितंबर की रात 8 बजे वह गांव स्थित एक दुकान से गुटका लेकर घर वापस आ रहा था। रास्ते में गांव निवासी अतिकुर्रहमान पुत्र शुभरात अली, अफसर अली व अरशद पुत्रगण अतिकुर्रहमान और धिरावां निवासी इबरार पुत्र गफूर रंजिशन गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे मारा पीटा। जब उसे उसका भाई दिनेश बचाने आया तो उसकी भी पिटाई करते हुये जान से मारने की धमकी दी।

## युवती प्रेमी के साथ फरार, रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती अपने घर से नकदी व जेबरात लेकर प्रेमी के साथ चली गई। युवती की मां ने प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एक गांव निवासी महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा हैं कि उसकी 20 वर्षी पुत्री 30 अगस्त को गांव निवासी अवधेश यादव पुत्र श्रीपाल उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसकी पुत्री अपने साथ 40 हजार रुपए की नकदी और डेढ लाख के जेबरात घर से ले गई है। युवती की मां का आरोप है कि उसकी पुत्री को भगाने में मंजीत पुत्र सेवकराम व श्याम सिंह पुत्र हरिराम का हाथ हैं। उन्होने आशंका जाहिर की है कि उसकी पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना हो सकती है। फिलहाल पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## बाइक और साइकिल में भिड़ंत, दो घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) नेशनल हाईवे पर केशवापुर के निकट बाइक और साइकिल की टक्कर से साइकिल व बाइक सवार दोनों घायल हो गए। दोनों को एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया।थाना मैलानी के ग्राम राजेपुर निवासी हाल पता शहर के मथुरा नगर कालोनी निवासी रामभरोसे के पुत्र मनोज की बाइक और निपनिया निवासी राजेश कुमार की बेटी मीनाक्षी की साइकिल टकरा गई। जिसमें दोनों घायल हो गए। ढकवा चौकी पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया।

# सर्विलांस टीम ने बरामद किए 60 मोबाइल, एसपी ने मालिकों को सौंपे



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद के नेत्तव में सर्विलांस सेल प्रभारी चन्द्र शेखर सिंह ने खोए हुए 60 मोबाइलों को बरामद कर उनके मालिको को पुलिस अधीक्षक के माध्यम से सौंप दिये। बरामद मोबाइलों की कीमत लगभग 9 लाख रुपये बताई जा रही है।

सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए खोए हुए 60 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिये। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन गौतम सर्विलांस सेल प्रभारी प्रभारी चन्द्र शेखर सिंह की मौजूदगी में मोबाइल फोन का वितरण किया गया। चन्द्र शेखर सिंह सर्विलांस सेल प्रभारी ने बताया कि करन वर्मा का रेडमी 9, अशुतोष वर्मा कोतवाली सदर वी0वो टी 2, राहुल निवासी थाना फरधान टेक्नो कैमन 20, पारस चौरसिया कोतवाली सदर का रियलमी, शिव ओम गुप्ता थाना सोहरामऊ पीलीभीत का रियलमी, राधा श्रीवास्तव कोतवाली सदर का रियलमी, सत्यपाल थाना नीमगॉव का रियलमी 12 सी, अभय वर्मा का वन प्लस, जियाउल्ल हिदायत नगर का वीवो, स्वतंत्र प्रताप सिंह थाना फरधान का वीवो फोन, किरन पान्डेय निवासी डीसी रोड टेक्नों, ओमकार थाना निघासन, कृति श्रीवास्तव मीरपुर का रेडमी, रवि सैनी इनफिक्स, रहमत अली महेवागंज वी0वो, सीमा देवी फरधान का रियलमी नारजों सहित विभिन्न लोगो के खोये हुवे 60 मोबाइल फोन सविलांस टीम की मदद से बरामद किये गये है। मोबाइल फोन बरामद करने वाली टीम में चन्द्र शेखर सिंह प्रभारी सर्विलांस, निरीक्षक आलोक सिंह, कम्प्यूटर आपरेटर शरद शुक्ला, सर्विलांस सेल, आरक्षी महताब आलम सर्विलांस सेल, आरक्षी सत्य प्रकाश स्वाट टीम, श्रीओम मिश्रा, गोल्डन स्वाट टीम, आरक्षी सिकन्दर सिंह मौजूद रहे।

## ट्रक ने ऑटो रिक्शा में मारी टक्कर, पांच घायल



पसगवां खीरी। सवारी लेकर जा रहे आटो में तेज गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है घायलो को इलाज के लिए सीएचसी मोहम्मदी भेजा गया है।

कोतवाली पसगवां क्षेत्र के नगर पंचायत बरबर के पास गोमती पुल पर ओरंगाबाद से सवारियां लेकर बरबर जा रहे आटो रिक्शा में बरबर से तेज गति से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे रिक्शे के परखच्चे उड़ गए जिस पर सवार रिक्शा चालक सहित प्रताप पुत्र बंदालाल निवासी ग्राम लालपुर थाना मैगलगंज खीरी, राकेश पुत्र प्रकाश निवासी ग्राम जमुका थाना पसगवां, जंगेश पुत्र मोङ्ग लतीफ निवासी बरबर थाना पसगवां, अनूप पुत्र सुरेश निवासी बरबर थाना पसगवा, अभिषेक पुत्र गोकरण निवासी बरबर थाना पसगवां खीरी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पसगवां पुलिस ने घायलों को डायल 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पसगवां भेजा बही ट्रक और ट्रक चालक आसिफ पुत्र इकरार निवासी ग्राम बस्तोली को कब्जे में ले लिया है। वही लोगों ने बताया कि हादसे के करीब दो घंटे के बाद एंबुलेंस पहुंची।

## बाइक से गिरकर महिला की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर की नई बाईपास रोड पर बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के कुंभी निवासी 40 वर्षीय आशा देवी पत्नी ओमकार अपने पोते आदर्श के साथ गोला बाइक पर आई थीं। शुक्रवार की शाम नए बाईपास पर आशा देवी बाइक से अचानक गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें उनका पोता आदर्श सीएचसी ले गया। जहां डॉक्टरों ने आशा देवी को मृत घोषित कर दिया।

## पूजा-पाठ के साथ गन्ना बुआई की शुरुआत

लखीमपुर-खीरी। खंभारखेडा बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेड़ा जोन मिलगेट तृतीय, ग्राम पिपरामरोड़ा के कृषक संजय शुक्ला पुत्र रामनयन शुक्ला द्वारा मानसून गन्ना बुआई की शुरुआत पूजा-पाठ के साथ की गयी। कृषक द्वारा अगेती गन्ना प्रजाति को.लख. 16202 एवं को.0118 की बुवाई ट्रेंच (दूरी 4 फिट) विधि के साथ की गयी। कृषक द्वारा भूमि उपचार हेतु ट्राइकोडर्मा को सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर लगभग एक सप्ताह तक छायादार जगह पर रखने उपरांत अंतिम जुताई से पूर्व प्रयोग किया गया, साथ ही बीज उपचार हेतु 100 ग्राम कार्बेडाजिम को 100 लीटर पानी में घोल बनाकर गन्ने के दो आंख के टुकड़ों को 20 मिनट तक डूबाने उपरांत बुवाई की गई। गन्ना बुवाई के दौरान यूनिट हेड खम्भारखेड़ा अवधेश कुमार गुप्ता, चीनी मिल के महाप्रबन्धक (गन्ना) पुष्पेन्द्र ढाका एवं सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) राजेन्द्र सिंह समेत चीनी मिल के क्षेत्रीय अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे। इस मौके पर चीनी मिल के यूनिट हेड अवधेश गुप्ता द्वारा उपस्थित कृषकों को बताया कि शरदकालीन गन्ना ट्रेंच विधि से बोने पर गन्ना उपज में 20 प्रतिशत की वृद्धि होती है अतः शरदकालीन गन्ना बुवाई ट्रेंच विधि से ही करें, साथ ही बताया कि चीनी मिल क्षेत्र में को.0118, को.15023 एवं को.शा. 13235 किस्म के कुछ खेतों में पत्तियों में पीलापन आ रहा है इसकी रोकथाम के लिए कार्बेन्डाजिम 500 ग्राम एवं क्वीनालफॉस 25 ई.सी. 2 लीटर प्रति एकड़ की दर से जडों के पास प्रयोग करें, इसके 20 दिन बाद के अंतराल में 1 लीटर ट्राइकोडर्मा का प्रयोग अवश्य करें साथ ही साथ 400 लीटर पानी में 30 ग्राम स्ट्रेप्टोमाइसिन एवं एन.पी.के. 1 किलोग्राम का पर्णीय छिड़काव करें।

## चार के खिलाफ प्राणघातक हमला करने का मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर के एक मोहल्ले में रंजिशन कुछ लोगों ने पिता पुत्र पर लोहे की राड से प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला वीरेंद्र नगर कॉलोनी निवासी इश्तियाक उल्ला पुत्र अशफाक उल्ला खां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गुरुवार की शाम लगभग साढे पांच बजे वह अपने अधिवक्ता पुत्र आसिफ मोहम्मद के साथ घर पहुंचाकर उसने मोटरसाइकिल खड़ी करके दरवाजा खोला। इस दौरान कुम्हारनटोला निवासी तस्लीम पुत्र सिराजू, यूनुस पुत्र रियाज खां, साहिल व शाहनवाज पुत्रगण युनुस ने जान से मारने की नीयत से लोहे की राड से प्रहार कर दिया। उसके बाद उक्त लोगों ने उसके पुत्र आसिफ मोहम्मद के कंधे पर लोहे की राड मार दी। इसके बाद जब उसका दूसरा पुत्र शादाब बीच बचाव करने आया तो उस पर भी प्राण घातक हमला करते हुए उसके सिर पर लोहे की रोड मार दी। जिससे उसके सिर में गहरा घाव हो गया और बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। मोहल्लेवासियों के आ जाने पर वह लोग जान से मारने की धमकी देकर चले गए। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सत्यवती पटेल महाविद्यालय में हुईं प्रतियोगिता



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शिक्षक दिवस के उपलक्ष में सत्यवती पटेल महाविद्यालय में कई प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।शुक्रवार को कस्बा ममरी स्थित सत्यवती पटेल महाविद्यालय में सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष में निबंध, वाद विवाद समेत कई प्रतियोगिताएं कराई गईं।निबंध प्रतियोगिता में बीए प्रथम की सुबाना पहले, नैना को दूसरा, फिजा को तीसरा स्थान मिला। वाद विवाद प्रतियोगिता में बीएससी के मोहम्मद अफजल को प्रथम, गौसिया खान को द्वितीय, और खुशबू वाजपेई को तृतीय स्थान मिला। महाविद्यालय के प्रबंधक बज स्वरूप उर्फ बिट्टू पटेल समय स्टाफ ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

## छात्रा की मौत के बाद विधायक ने लिया घटनास्थल का जायजा



पिपरिया धनी, खीरी। (वीओएल) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति में 11वीं की हुई छात्रा की मौत के बाद विधायक/दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह विद्यालय पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और दोषियों के खिलाफ कडी कार्यवाई का आश्वासन दिया।

पुलिस चौकी रेहरिया के साहबगंज स्थित राजकीय आश्रम पर पद्धति विद्यालय में बुधवार की देर शाम साहबगंज स्थित राजकीय आश्रम पद्धति में पढ़ने वाली रेहरिया चौकी क्षेत्र के ग्राम पड़रिया निवासी छात्रा निधि यादव (16) पुत्री प्रमोद यादव ने बालिका छात्रावास में खुद के कमरे में रीतू सिंह के बिस्तर पर पंखे में दुपट्टा बांध कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पिता प्रमोद कुमार पुत्र मुंशीलाल की तहरीर पर पुलिस ने धारा 574/24 धारा 108 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है और मामले की एसआई हिमांशु आनंद को सौंपी गईं। गुरूवार को मोहम्मदी विधायक/दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम भरोसे वर्मा, भाजपा उपाध्यक्ष बृजेश गुप्ता, सूरज मिश्रा ने विद्यालय पहुंचकर घटना के बारे में विद्यालय प्रबन्धन से जानकारी ली और दोषियों के खिलाफ कडी कार्रवाई कराने का आश्वासन मृतक छात्रा के परिवारीजनों को दिया।

## ट्रक से टकराई कार, चार घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) नेशनल हाईवे के नवीन बाईपास पर ट्रक से कार टकरा गई। जिसमें दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है।निघासन थाना क्षेत्र के ग्राम दरेरी निवासी कीर्तिमन गुप्ता अपनी पत्नी स्वाती गुप्ता और ग्राम रकेहटी निवासी शोभित गुप्ता अपनी पत्नी पूनम गुप्ता के साथ यात्रा पर हरिद्वार जा रहे थे। जब उनकी कार नेशनल हाईवे के गोला में नई बाईपास रोड पर पहुंची तो ग्राम दतेली के निकट कार ट्रक से टकरा गई। जिससे कीर्तिमन, स्वाति, पूनम और शोभित चारों गंभीर घायल हो गए। उन्हें तत्काल सीएचसी लाया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## पीड़ित ने डीजीपी से बहू का पता लगाने की लगायी गुहार

लखीमपुर खीरी। रामासरे पुत्र प्यारेलाल निवासी महराजनगर थाना कोतवाली धौरहरा ने पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश शासन से अपनी बहू का पता लगाने की लगाई गुहार। बता दे की पीड़ित रामासरे ने बताया बहू सुमन देवी पत्नी संजय कुमार उम्र करीब 25 वर्ष जो की घर से 15 अगस्त 2024 को करीब 03 बजे दिन में नकहा दवा लेने का बहाना बताकर घर में रखे जेवर झाला, पायल, एक कमर बिछुआ, नथुनी, मटर माला व नगदी 5 हजार रुपये लेकर घर से फरार हो गई। अपने बेटे हिमांशु जिसकी उम्र लगभग 02 वर्ष है उसको भी साथ में ले गयी। देर रात तक जब बहू घर वापस नहीं आई तो परिवारीजन रात भर ढूढ़ते रहे व सुमन देवी को फोन करते रहे। सुमन देवी ने सुबह फोन उठाया बिना कोई जानकारी दिये ही फोन काट कर फोन स्विच आफ कर दिया। वह एक अन परिचित फोन नम्बर पर सुमन देवी हमेशा बात करती थी परिवार के लोगो को शक है की उसी के साथ फरार हो गयी। पीड़ित ने बहू के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के मांग की हैं।

## बच्चों ने सांसद डॉ. एसपी.सिंह के जीवन पर किया नाटिका मंचन




लखीमपुर-खीरी। शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज गोमतीनगर लखनऊ में रामलाल मेमोरियल प्रेक्षागृह में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सभी शाखाओं के प्रिंसिपल्स व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। प्रबंधतंत्र में महत्वपूर्ण बदलाव किये गये।

प्रबंधतंत्र ने हर्षित सिंह व शिखर पाल सिंह को लखनऊ पब्लिक स्कूल्स का महाप्रबंधक बनाया। प्रबंध निदेशक सुशील कुमार द्वारा हर्षित सिंह एवं शिखर पाल सिंह को शपथ दिलाई गयी। सम्मान समारोह में डॉ. एस.पी.सिंह ने सभी शाखाओं के शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। अतिरिक्त बेस्ट टीचर, बेस्ट सपोर्टर, बेस्ट आलराउंडर व फुल अटेंडेंस कैटगरी में 164 शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। डॉ. एस.पी.सिंह ने एल.पी.एस. के सभी शिक्षकों व उसके ऊपर के पदाधिकारियों को वार्षिक वृद्धि (अनुअल इन्क्रीमेंट) के अलावा मासिक वेतन में सितम्बर 2024 से, विशेष पुरस्कार के रूप में, सभी शिक्षकों के वेतन में 1000- क्लर्क व समकक्ष के वेतन में 750- तथा सपोर्टिंग स्टाफ के वेतन में 500 प्रति माह वृद्धि की घोषणा की। पूर्व एम.एल.सी. कान्ति सिंह डायरेक्टर्स नेहा सिंह व गरिमा सिंह, डिप्टी डायरेक्टर मीना तांगड़ी तथा सभी शाखाओं की प्रिंसिपल्स ने शिक्षकों को बधाइयाँ दी। इस अवसर पर शिक्षकों ने मूल्यपरक विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इनमे रूबरू नामक प्रोग्राम को सभी शाखाओं के संगीत शिक्षकों ने प्रस्तुत किया। जिसमें गणित व विज्ञान का समन्वय संगीत के साथ दिखाया गया। नारी शक्ति पर आधारित नाटक सीतापुर शाखा के शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किया गया। नारी को सबकी जननी व सभी प्रकार के अपराधों पर रोक लगाने के तौर पर दिखाया गया। इसी क्रम में कोरियोग्राफर नव द्वारा संस्था के चेयरमैन व वर्तमान प्रतापगढ़ सांसद डॉ. एस.पी.सिंह के जीवन पर आधारित लघु नाटिका ह्लसिंह साहबह्व का जीवंत प्रस्तुतीकरण हुआ। सभी शिक्षक भावुक हो उठे। अंत में संस्था की डायरेक्टर नेहा सिंह ने अपने सभी शिक्षकों तथा स्टाफ को बधाई देते हुए सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

## ज्ञान मंदिर में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शिक्षक दिवस पर आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर में डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस दौरान डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला गया।



कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश कश्यप ने नन्हे मुन्ने बच्चों व शिक्षक/शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दी और बताया कि शिक्षक एक मोमबत्ती की भांति होता है जो अपने को पिघला करके बच्चों को जीवन में उजाला करता है। हमेशा अपनी सोच को सकारात्मक रखना चाहिए और शिक्षा ही एक मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। जिससे जीवन का उत्थान हो सके। इस मौके पर लक्ष्मी देवी, सोहनी गुप्ता, काजल वर्मा, ममता मिश्रा, नेहा वर्मा, शिखा वर्मा, ज्योति देवी, कविता चौधरी, मरियम, कामिनी वर्मा, प्रिंची देवी, सुमित यादव, रामनरेश वर्मा, योगेश कुमार कश्यप, नेहा देवी, रूबी देवी आदि मौजूद रहे।

## मन्दिर की जमीन पर कब्जा, लेखपाल ने रोका

जौनपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के मरदानपुर मोहल्ले में केवला देवी मन्दिर की जमीन पर जबरन रूप से किये आ रहे अवैध कब्जे को रोके जाने के बोर में जिलाधिकारी को षिकायती पत्र दिया गया है। उक्त मोहल्ले के अनिल कुमार पुत्र जमुना प्रसाद ने जिलाधिकारी को बताया कि माता केवला देवी के नाम पर राजस्व अभिलेख व अन्य कागजात में दर्ज है। उक्त मन्दिर की भूमि पर मनोज तिवारी पुत्र नरसिंह दास साहू द्वारा जबरजस्ती कब्जा किया जा रहा है। जिसे रोका जाना न्यायहित में आवश्यक है। यदि इस निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से नहीं रोका गया तो धार्मिक उन्माद होने की सम्भावना प्रबल है और शान्ति व्यवस्था खराब हो सकती है। मांग किया कि थाना प्रभारी कोतवाली को निर्देशित करे कि मौके पर हो रहे अवैध निर्माण व कब्जे को तत्काल प्रभाव से रोकना दे तथा राजस्व निरीक्षक व लेखपाल के माध्यम से उक्त भूमि का सीमांकन कराकर अलग करवाने की कृपा करें तथा मन्दिर के कुए में विपक्षी मनोज तिवारी के द्वारा अपने शौचालय का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। प्रकरण में सम्बन्धित लेखपाल अरूण कुमार यादव ने अपनी आख्या में लिखा है कि मौके पर विपक्षी मनोज तिवारी द्वारा उक्त जमीन पर बार बार अतिक्रमण का प्रयास किया जाता है उसे अतिक्रमण करने से मना किया गया। उचित वैधानिक कार्यवाही की जानी चाहिए।

## बाघ के रेस्क्यू के लिए तैनात टीमों से फील्ड डायरेक्टर ने ली समीक्षा



लखीमपुर खीरी। दक्षिण खीरी वन प्रभाग की मोहम्मदी रेज के अन्तर्गत बाघ प्रभागवित क्षेत्र ग्राम इमलिया, घरथनियां एवं समीपवर्ती ग्रामों का निरीक्षण श्री ललित कुमार वर्मा, फील्ड डायरेक्टर दुधवा, लखीमपुर खीरी द्वारा किया गया। फील्ड डायरेक्टर ने बाघ को रेस्क्यू हेतु तैनात टीमों से रेस्क्यू आपरेशन की समीक्षा की।

प्रभावित क्षेत्र में रेस्क्यू हेतु लगाये गये कैमरों और मिले पगमार्क के अनुसार बाघ इमलिया, घरथनियां के अन्तर्गत गन्ने के खेतों में विचरण कर रहा है। बाघ की मूवमेंट सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय देखने को मिल रही है। प्रभावित क्षेत्र में वनकर्मियों द्वारा किसानों को सूर्यास्त के बाद अथवा सूर्योदय से पूर्व किसानो को खेत में न जाने का अनुरोध किया है। गत दिवस में हुयी बारिश के कारण हुआ पहुंच मार्ग खराब हो गये थे। कच्चे मार्ग और मेड़ों के सूखने पर ट्रैंक्यूलाइजेशन अभियान में तेजी आयी है। बाघ को रेस्क्यू करने हेतु डा0 दक्ष गंगवार, पषु चिकित्सक वनकर्मियों के साथ क्षेत्र में निरन्तर गश्त कर रहे हैं। गोला रेंज के अन्तर्गत बाघ प्रभावित क्षेत्र बलारपुर एवं बंजरियां गोष्ठियों का आयोजन किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने भाग लिया। मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु वनकर्मियों ने ग्रामवासियों के बीच वन्यजीवों के पगचिन्हों की पहचान एवं वन्यजीव के देखे जाने पर बतरने वाली सावधानियों पर विस्तृत चर्चा की। बाघ प्रभावित क्षेत्र में मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु शिक्षा विभाग का भी सहयोग लिया जा रहा है। वन्यजीव के प्रति जागरूक करने एवं घटनाओं को न्यून करने के प्रयास के अन्तर्गत विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। शिक्षक बच्चों को शिक्षा देने के साथ वन्यजीवों के प्रति जागरूक करेंगें। अभियान के माध्यम से बच्चे वन्यजीवों के स्वभाव, उनकी भूमिका से परिचित होंगे। साथ ही वन क्षेत्र से बाहर आने पर अपनाये जाने वाले बचाव कार्य की बारिकियों से परचित होंगे। यह अभियान जनपद के समस्त वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र के विद्यालयों में चलाया जाएगा।

# पूर्व विधायक अरविन्द गिरि को याद कर दी श्रद्धांजलि



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) पूर्व विधायक स्व0 अरविंद गिरि की दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन एक गेस्ट हाऊस में किया गया। लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

शुक्रवार को गोला विधान से पांच बार विधायक रहे स्व0 अरविन्द गिरि की श्रद्धांजलि सभा में सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य आदि ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा मे पूर्व विधायक अरविन्द गिरि के जनहित एवं विकास के कार्यों को याद किया गया। इस मौके पर विधायक अमन गिरि, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा शरद बाजपेई, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा विनोद मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिकूं, मोहम्मदी नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा, ब्लॉक प्रमुख कुम्भी विमल वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बिजुआ वीरेंद्र भूषण, विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, अवधेश मिश्रा, के0के0 शुक्ल, रामगुलाम पांडेय, आशीष सिंह डब्बू, मधुकर शैदाई, हरिकिशोर सिंह, अजय गिरि, धर्मेंद्र गिरी मोंटी, भोली गिरि, रामनरेश तिवारी, आनंद सोनी, यदुलेश मुरारी सक्सेना, राजन साहनी, शाश्वत केडिया, मुत्तू केडिया, केशव अग्रवाल, डॉ0 बच्चू सिंह, अरुणेंद्र शुक्ला, वेद दीक्षित, सुशील पांडेय, श्रवण मिश्र, जगजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) पूर्व विधायक स्व0 अरविंद गिरि की पुण्य तिथि पर उनकी स्मृति में रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

स्व अरविन्द गिरि स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्त दानदाताओं का विधायक अमन गिरि ने आभार प्रकट किया और कहा कि खून की एक-एक बूंद बेशकीमती होती है, ये किसी लैब या फैक्ट्री में नहीं बन सकता। अपने देश में हर दो सेकेंड में किसी को खून की जरूरत पड़ती है, जबकि कई बार खून न मिलने से लोगों की जान चली जाती है। उन्होंने कहा कि कोई दाता अपना ब्लड देता है, तब जाकर किसी एक इंसान की जान बचती है, लेकिन इसके बाद भी देश में रक्तदान करने वालों की कमी है। गोला विधान सभा में पांच बार विधायक रहने वाले कद्दावर नेता पूर्व विधायक स्व0 अरविंद गिरि की स्मृति में रखा गया यह रक्तदान शिविर उनको सच्ची श्रद्धाजंलि है। हमें उनके बताये मार्ग पर चलकर सामाजिक सरोकार के कार्यों में सक्रिय योगदान देना चाहिए। इसके साथ ही सभा मे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 120 लाभार्थियों को आवास का प्रमाण पत्र दिया गया एवं विकलांगों को पैरों में पहनने वाली किट का वितरित की गईं।

संक्षेप

## ऑटोलिफ्टर को रंगे हाथों पकड़ किया पुलिस के हवाले

थानगांव सीतापुर । हरतालिका तीज के मौके पर मेउडी संवलिया में स्थित प्राचीन बाबा श्री मनकामेश्वर नाथ मन्दिर पर हर वर्षो की भांति इस वर्ष भी भव्य मेला लगा हुआ था। शुक्रवार को कांवड़ियों ने घाघरा नदी से जल भरकर मनकामेश्वर नाथ बाबा का जलाभिषेक करने लिए मंदिर पहुंचे पंकज कुमार पुत्र परशुराम निवासी पकरिया पुरवा के मेला द्वार प्रवेश करते समय यज्ञसेन यादव नामक व्यक्ति ने पूंछा गाड़ी फाइनेंस में लाए हो क्या गाड़ी मालिक पंकज ने कहा नहीं नगद खरीद कर इसके बाद बाइक खड़ी कर मेला देखने चला गया। तभी गाड़ी मालिक के अनुसार यज्ञसेन यादव गाड़ी चोरी करने के लिए हथौड़े से स्वीच तोड़कर फरार होना चाह रहे थे। किन्तु लोगों ने उक्त सातिर आटोलिफ्टर को पकड़कर थानगांव की डायल 112 पुलिस के हवाले कर दिया।

## पत्रकार की बाइक चोरी

सीतापुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कजियारा बड़ा ईमामबाड़ा के निकट निवासी अनवार हुसैन एक हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार हैं। गुरुवार की रात उनकी बाइक घर के करीब ही गली में खड़ी थी। रत्रि के किसी पहर में अज्ञात चोर बाइक चोरी कर फरार हो गए। इधर शुक्रवार की सुबह जब परिवार की नींद खुली, तब उन्हें बाइक नदारद मिली। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला, तब पत्रकार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शहर कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच की बात कह रही है।

## संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन प्रस्तावित है।

## छठ घाट निर्माण में अनियमितता का आरोप उठी जांच की मांग

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के खजुरी गॉव के ठेमा नदी पुल के पास मनरेगा से बने छठ घाट निर्माण में अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। नाम नही छापने करने के शर्त पर ग्रामीणों ने बताया कि खजुरी गाँव में ठेमा नदी के पुल के पास नया घाट का निर्माण मनरेगा योजना से इस समय किया गया है, जिसकी लागत करीब 10 लाख रुपए बतायी जा रही है। इस छठ घाट निर्माण में संबंधितो द्वारा जमकर सरकारी धन की बंदरबाँट किए जाने की आशंका है, क्योंकि उक्त स्थान पर पहले से घाट निर्मित है जहाँ हर साल महिलाएं छठ पूजा करती है तथा उसी स्थान पर एक मंदिर भी बनी हुई है जिसकी चबूतरा पहले से ही बनी है। ग्रामीणों का आरोप कि छठ घाट निर्माण से जुड़े संबंधितो द्वारा बड़े ही चालाकी से उक्त स्थान पर छठ घाट का निर्माण करा दिया गया, जहाँ बहुत ही नाम मात्र के लागत में पहले से ही बने चबूतरे एवं सीढ़ियों को छठ घाट का रूप दे दिया गया। ग्रामीणों का दावा है कि उक्त छठ घाट निर्माण ऐसे -ऐसे मजदूरों की हाजिरी लगायी गई है जो कभी साइड पर काम करते नही देखें गए है।उक्त स्थान पर निर्माण को लेकर अभी तक कोई बोर्ड भी नही लगायी गई है, जिससे ग्रामीणों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि उक्त छठ घाट निर्माण किस मद से तथा कितने लागत से हुई है।इसके अलावा गाँव में मनरेगा से चकरोड सहित अन्य कार्यों में भी जमकर अनियमितता की गई है जिसकी अगर उच्च स्तरीय जाँच हो तो बड़े खुलासे हो सकते है। सूत्रों की मानें तो खजुरी गाँव में विभिन्न मदों से 3 छठ घाट का निर्माण हुआ है तथा 2-3 सार्वजनिक चबूतरे का भी निर्माण किया गया है, जिसकी गुणवत्ता की जाँच की मांग ग्रामीणों ने उठाई है। इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी राम विशाल चैरसिया का पक्ष जानने के उनके सीयूजी मोबाइल नंबर 9454465140 पर सम्पर्क किया गया, लेकिन फोन नही मिलने के कारण उनका पक्ष नही लिया जा सका।

# फंदे पर लटके मिले महिला और पुरुष के शव



सीतापुर। रेउसा थाना क्षेत्र के बिजेहरा गांव के कुछ लोग शुक्रवार की सुबह गांव के नकछेद के खेत की तरफ गए थे। इसी बीच उन्होंने खेत में लगे पेड़.पर रेउसा क्षेत्र के बिजेहरा गांव निवासी सलीमुन उम्र 45 वर्ष व नकछेद उम्र 50 का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा।

बताया जा रहा है कि सलीमुन मुस्लिम है। जबकि नकछेद भुर्जी जाति का है। फंदे पर दोनों का शव देखते ही गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। घटना के संबंध में एएसपी प्रकाश कुमार ने बताया कि दोनों शादीशुदा थे। बावजूद इसके इन दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों अलग-अलग समुदाय के थे, और उनके बच्चे भी थे। जिसकी वजह से परिवार इस प्रेम प्रसंग को स्वीकार नहीं कर रहा था। संदेह जताया जा रहा है कि परिवार के विरोध के चलते ही दोनों ने फांसी लगाकर जान दे दी। इधर एएसपी प्रकाश कुमार ने बताया कि घटना प्रथम दृष्टया आत्महत्या लग रही है। घटना के संबंध में अभी तक किसी भी पक्ष ने कोई तहरीर नही दी है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। मृत्यु का कारण स्पष्ट करने के लिए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम

तम्बौर सीतापुर/ दो दिन लगातार एक ही स्थान पर चोरों ने बोला धावा अहमदाबाद गंज में स्थित गुरुवार को रिजा पब्लिक स्कूल में पानी का मोटर खोल ले गए वही दूसरे दिन शुक्रवार को बीती रात स्कूल के बगल में घर की दीवाल में सेंध लगा दिया। बताते चलें कि पुलिस नही लगा पा रही चोरों व चोरी की घटनाओं पर अंकुश, कस्बा स्थित एक घर के पिछली दीवार में सेंध लगाकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है।चोरी की घटनाये रुकने का नाम नही ले रही ताजा मामला कस्बे के मोहल्ला अहमदाबाद गंज पूर्वी का है। जहां चोरो ने एक घर को निशाना बनाकर पीछे से नकब लगाकर नगदी सहित सोने चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। अहमदाबाद गंज पूर्वी से महज 300 मीटर दूर पर पुलिस चौकी होने के बावजूद चोरो के हौसले बुलंद है।आये दिन कस्बे में हो रही चोरी की घटनाओ पर चौकी पुलिस अंकुश लगा पाने में नाकाम हो रही है।इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान जरूर लग रहे है। जहां पुलिस ड्यूटी भी लगती है। जिसके चंद कदमो की दूरी पर आरा मशीन फैक्ट्री भी जिसके बावजूद बीती रात्रि में चोरो ने एक घर के पीछे से नकब लगाकर नगदी सहित सोने चांदी के आभूषणों को लेकर फरार हो गए वही पुलिस गहरी नींद में सोती रही जब सुबह रोज की तरह परिजन अपने घर की साफ सफाई करने के लिए कमरे को खोला तो देखा दीवार से उजाला आ रहा है तो ग्रह स्वामी के होश उड़ गए। आपको बता दें कि इससे पहले भी कस्बे सहित गांवो में कई चोरियां हो चुकी है। मगर अभी तक स्थानीय पुलिस के द्वारा कोई भी खुलासा नही किया गया है।

## विवाद के बाद पत्नी की मौत

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के एक गांव में पति-पत्नी विवाद में पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव सोहनखेड़ा निवासी रामसेवक की 60 वर्षीय पत्नी रामरानी का किसी बात को लेकर गुरुवार रात पति से विवाद हो गया था। इसके बाद रामरानी नाराज होकर अपने कमरे में चली गई थी। जबकि रामसेवक बाहर बरामदे में लेट गया। शुक्रवार सुबह काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर रामसेवक ने दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद दरवाजे को तोड़कर अंदर पहुंचने पर रामरानी का शव छत पर कुंडे में रस्सी से लटका देख पति दंग रह गया। रामसेवक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पति रामसेवक ने बताया कि रामरानी कुछ दिनों से मानसिक बीमार थी जिसके चलते उक्त कदम उठा लिया। वहीं ग्रामीणों में यह चर्चा थी कि पति पत्नी में किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद घटना घटित हुई। रामसेवक ने बताया उसके दो बेटे हैं जिसमें बलबीर, रज्जन चंदीगढ़ में किसी कंपनी में काम करते है। मां की मौत की सूचना मिलते ही दोनों बेटे बेहाल हो गए। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## गांव व विद्यालय में कराया कीटनाशक का छिड़काव



सीतापुर। संक्रामक रोगों से बचाव के लिए समाजसेवी मोहित जायसवाल ने सकरन विकास खंड के ग्राम ताजपुर में कीटनाशक का छिड़काव कराया है। समाजसेवी मोहित जायसवाल ने ताजपुर गांव में नालियों में कीट नाशक का छिड़काव कराया। इसके साथ ही जिन घरों के पास पानी जमा था, वहां पर विधिवत छिड़काव किया। गांव के लोगों को साफ सफाई रखने को कहा। इस अभियान का शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी सकरन ओमकार सिंह ने ग्राम ताजपुर के माध्यमिक विधालय में किया। उन्होंने कहा कि संक्रामक रोगों से बचाव की यह पहल सराहनीय है। इस मौके पर विद्यालय भवन व परिसर में कीटनाशक का छिड़काव किया गया। स्कूली बच्चों को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम के आयोजक शिक्षक संजय कुमार ने बताया कि कीटनाशक छिड़काव का ये सिलसिला कुछ - कुछ अंतराल पर जारी रहेगा। साथ ही जल्द ही गांव मे एक और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर शिक्षक आराध्य शुक्ल, विद्या सागर आदि मौजूद रहे।

## विकास कार्यों में धांधली का आरोप डीएम से की शिकायत

सीतापुर। सकरन विकास खंड की ग्राम पंचायत काजीपुर के मजरा फुकनापुरवा निवासी हारून पुत्र मुनीर अहमद ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। आरोप लगाया है कि ग्रामं प्रधान व सचिव विकास कार्यों में जमकर धांधली की है। आरोप है कि विद्यालय में सौंदरीकरण के नाम पर 15 लाख से अधिक की धनराशि निकाली गयी। जबकि कुछ आशिक कमरों में ही टायलीकरण किया गया। तालाब भरवाने के नाम पर 19 हजार के दो भुगतान अपने भतीजे के नाम पर निकाले। जबकि स्थल पर कोई कार्य नहीं हुआ। नल रिबोर के नाम पर प्रतिवर्ष लाखों की धनराशि निकली जा रही है। बावजूद इसके पंचायत में लगे लगभग 25 इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़े हैं। इसके साथ-साथ काला रोड पुलिया से मंडोर बार्डर तक मिट्टी पटाई कार्य, ओमप्रकाश के खेत से मरोड़ बॉर्डर तक चकबंध निर्माण कार्य, बस्तीपुरवा में विद्या के घर से सोहरिया जिंदबाबा तक मिट्टी पटाई चकबंध कार्य आदि को भी मानक के अनुरूप नही कराए हैं। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि उक्त शिकायती पत्र की कॉपी खंड विकास अधिकारी सकरन को दी गई है। परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया शिकायत मिली है। जिसकी जांच एपीओ व जेई को सौंपी गयी है। जांचोपरान्त विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

## सरस्वती कॉलेज में विधायक ने बांटा टैबलेट

नवाबगंज, उन्नाव। सरस्वती कॉलेज ऑफ फामेर्सी में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत नव फार्मासिस्ट्स को निःशुल्क टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में मोहान विधानसभा के विधायक बृजेश रावत और नवाबगंज क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में विधायक बृजेश रावत का स्वागत संस्था के मुख्य वित्त अधिकारी अखिलेश मौर्य ने पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर किया। प्रधानाचार्य डॉ. राजू गौतम ने रवि प्रताप सिंह का स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक बृजेश रावत ने नव फार्मासिस्ट्स को उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया और उनके स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में फार्मासिस्ट्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और उन्हें अपने ज्ञान और सेवा भाव का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। रवि प्रताप सिंह ने भी अपने संबोधन में नव फार्मासिस्ट्स को शुभकामनाएं दीं और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन विशाल श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर गुलाब सिंह, रजनीश सिंह, प्रियांशु श्रीवास्तव, एस.के. सिंह, विनोद सिंह, धर्मेंद्र कुमार, प्रभाकर सिंह, अमित शर्मा, और कमलेश सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## अपर जिलाधिकारी ने की बैठक, दिए निर्देश

सीतापुर। अपर जिलाधिकारी नितीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत राज्य स्तरीय भूकंप एवं अग्नि सुरक्षा विषय पर राज्य स्तरीय समन्वय बैठक संपन्न हुई। सीतापुर भूकंप की दृष्टि से जोन-4 में आता है। अग्निकांड की घटनाएं प्रायः होती रहती हैं। इस संवेदनशीलता को देखते हुए जनपद को राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज के लिए चुना गया है। उन्होंने बताया कि आगामी 20 सितंबर को सुबह 10 बजे व 4.30 बजे तक प्रदेश के 35 जनपदों में एक साथ यह एक्सरसाइज करायी जायेगी। जनपद में यह मॉक एक्सरसाइज विद्यालय में 20 सितंबर को सुबह 10 बजे सुबह से 4.30 बजे सायं तक संपन्न होगी। अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि राज्य स्तर से संपन्न कोआर्डिनेशन बैठक में बताया गया है कि इस मॉकड्रिल का उद्देश्य इन आपदाओं से संबंधित मानक प्रक्रिया की समीक्षा करना है। इस मॉकड्रिल के माध्यम से आपदा के समय विभिन्न हितधारकों की तैयारियों की समीक्षा राज्य स्तर से की जायेगी। उन्हें अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन संबंधी व्यवस्था की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा। इस पूरी मॉकड्रिल का समन्वय आपदा विशेषज्ञ हीरा लाल द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद में भूकंप की मॉकड्रिल एनडीआरएफ व अग्नि सुरक्षा की मॉकड्रिल अग्निशमन विभाग द्वारा की जायेगी। इसमें सशस्त्र सीमा बल, होमगार्ड्स, पीआरडी के जवान भी प्रतिभाग करेंगे।

# फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षितः भूपेंद्र




जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बिसवां क्षेत्र के बल्देव नगर के स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में बूथ लगाकर छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई गई। इस बूथ का आयोजन छूटे हुए छात्र-छात्राओं को दवा खिलाने के लिए किया गया।

इस मौके पर सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के जिला समंवयक भूपेंद्र ठाकुर ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर और लाइलाज बीमारी है जो की मच्छर के काटने से होती है। मच्छर कभी भी, किसी को भी, कहीं भी काट सकता है इसके लक्षण आने में पांच से 15 साल लग जाते हैं। फाइलेरिया एक संक्रामक रोग है जिसे सामान्यतः हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। इसके मुख्य लक्षण पैरों व हाथों में सूजन (हाथीपांव), पुरुषों में हाइड्रोसील (अंडकोश का सूजन) और महिलाओं में ब्रेस्ट में सूजन है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया संक्रमण से बचने का एकमात्र उपाय समय पर फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करना है। यह दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित हैं।

सीफार संस्था के सहयोग से गठित फाइलेरिया नेटवर्क की सदस्य पूजा देवी ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए लोग घरों के आसपास गंदगी और पानी नहीं जमने दें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें। बुखार आना, शरीर में लाल धब्बे या दाग होना, शरीर के किसी भी अंग में सूजन होना इसके लक्षण हैं। ज्यादातर इस बीमारी से ग्रसित लोगों के पांव या हाइड्रोसिल में सूजन हो जाती है। लोग इस बीमारी से सुरक्षित रह सकें इसके लिए सरकार हर साल में एक बार एमडीए अभियान चलाती है। इससे लोगों को जरूरी दवा उपलब्ध होती है, जो इस बीमारी को रोकने में सहायक होती है। आशा कार्यकता ज्ञानवती और जंत्रा देवी ने बताया कि इस मौके पर 225 छात्र-छात्राओं को उनकी लंबाई व उम्र के हिसाब से दवाइयां की मात्रा दी गई है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अर्शउद् ?दीन खान सहित शिक्षक अश्वनी कुमार, सचिन कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, चंद्र प्रकाश वर्मा, संजय सागर, अभिषेक कुमार, नरेंद्र मिश्रा, देशराज यादव, ज्ञानेंद्र सिंह यादव सहित सहायक शशिकांत भी मौजूद रहे।

## सांकेतिक विरोध दर्ज कराकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग



जिला संवाददाता(vol)

पुरवा, उन्नाव। अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु के आह्वाहन पर यूपीएस/एनपीएस के विरोध में नो एनपीएस नो यूपीएस के ट्विटर अभियान की अपार सफलता के पश्चात 2 सितंबर से 6 सितंबर तक बांह पर काली पट्टी बांध कर सभी कर्मचारी कार्य में सलग्न होकर अपना सांकेतिक विरोध दर्ज करा रहे हैं।

इस विरोध प्रदर्शन के क्रम में बीआरसी मिश्रिख में एफएलएन प्रशिक्षण में उपस्थित सभी शिक्षक भाई एवं बहनों ने बाँह पर काली पट्टी बांध कर एनपीएस / यूपीएस का विरोध दर्ज कराया और पुरानी पेंशन (ओपीएस) लागू होने तक सक्रिय रहने का निर्णय लिया। जिसमें ब्लॉक महामंत्री राजकुमार, मीडिया प्रभारी शुभम चौरसिया, रूपेंद्र शर्मा, उदय नारायण पांडे, प्रदीप कुमार, दीपक चैधरी, राजरतन, सरोज कुमार, शैलेंद्र कुमार, वीरेंद्र यादव, पदमा शाक्य, रेनू रूहेला, अलका चौधरी, जयंती अवस्थी, शालिनी सिंह, रुचि ठाकुर आदि एक सैकड़ा शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन योजना के लिए शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य

दुद्धी,सोनभद्र।अटेवा पेंशन बचाओ मंच एवं एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आवाह्न पर पूरे देश मे शिक्षक-कर्मचारी एनपीएसध्यूपीएस का विरोध एवं पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे है। इसी क्रम में जनपद सोनभद्र के अंतर्गत ब्लॉक दुद्धी में अटेवा के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में समस्त अटेवा पदाधिकारियों एवं शिक्षक-कर्मचारियों ने एनपीएसध्यूपीएस पेंशन स्कीम के विरोध एवं पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 5 दिवसीय विरोध के अंतिम दिन शुक्रवार को भी बाह पर काली पट्टी बांध कर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन किया। अटेवा पेंशन बचाओ मंच के ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पुरानी पेंशन बचाओ को लेकर 5 दिवसीय विरोध का कार्य 2 सितंबर से 6 सितंबर तक प्रस्तावित था जिस क्रम मे आज आखिरी दिन भी शिक्षकों बाह पर काली पट्टी बांधकर अपनी मांग को लेकर विरोध जताते हुए शिक्षण कार्य कर रहे है। उन्होंने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई जारी रहेगी। बताया कि सरकार द्वारा लायी गई एनपीएस एवं यूपीएस का शिक्षक कर्मचारी विरोध कर रहे है। काली पट्टी बांधकर विरोध जताने वालों मे राजेश कुमार, राजेश झा, प्रवीण द्विवेदी, अनिल यादव, रामरक्षा सिंह पटेल, रंजीत पटेल, प्रमोद कनौजिया, अराधना, सुमन सिंह, देव मुनी, आरडी गुप्ता सहित अन्य शिक्षक ध्कर्मचारी शामिल रहे।

## अपर निदेशक ने की विकास कार्यों की समीक्षा



उन्नाव। अपर निदेशक राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा उत्तर प्रदेश ृआनन्द कुमार शुक्ला एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत जनपद मुख्यालय आये।

उन्होने पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा उन्नाव द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जिसमें दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के क्रियान्वयन, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना के कार्यो की समीक्षा की। जिसमें डे-एनयूएलएम के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे स्वंय सहायता समूहों व एलएफ के गठन व उनके द्वारा किये जा कार्यो,,शक्ति रसोई, आदि के सम्बन्ध में बैठक में मौजूद सीआरपी से जानकारी हासिल की तथा पीएमए स्वनिधि योजना अन्तर्गत लाभार्थियों व उनके परिवार की सदस्यों की प्रोफाइलिंग के सम्बन्ध में नगर निकायवार समीक्षा की। अपर निदेशक महोदय द्वारा गंगाघाट तथा उन्नाव नगर पालिका परिषद में गठित स्वयं सहायता समूह में रोशनी स्वयं सहायता समूह, गरिमा स्वयं सहायता समूह, शीतल स्वयं सहायता समूह, विनायक स्वयं सहायता समूह,दीपक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जमीनी हकीकत परखी। इस समीक्षा में परियोजना अधिकारी डूडा अरविन्द सिंह,शहर मिशन प्रबन्धक आदर्श परिहार, सीएलटीसी प्रतीक गुप्ता, स्टेट कोआर्डिनेटर अशोक गुप्ता, लिपिक श्यामा चरण बाजपेई, जेई प्रवीन कटियार, प्रोजेक्ट मैनेजर शिवम तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# रोस्टर के अनुसार करायें गर्भवती महिलाओं की जांच




सीतापुर। आकांक्षात्मक विकास खण्ड-बिसवां की विभिन्न इंडीकेटर्स पर प्रगति के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने की। इस मौके पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत चिन्हित 6 इंडीकेटर्स में 30 सितम्बर तक शतप्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करायें।

उन्होंने कहा कि शेष अन्य सभी इंडीकेटर्स की प्रगति में भी सुधार किया जाये। उन्होंने हेल्थ एण्ड न्यूट्रीशन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर एण्ड वाटर रिसोर्स, फाईनेंशियल इंक्लूशन एण्ड स्किल डेवलपमेंट, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर आदि बिन्दुओं विभागावार चर्चा की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को मृदा परीक्षण और अधिक कराये जाने के निर्देश दिये। जिला परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि पोषाहार का समय से वितरण सुनिश्चित करायें। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच एवं अन्य गतिविधियां भी रोस्टर के अनुसार संचालित करना सुनिश्चित करें। कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण में सुधार हेतु भी निर्देशित किया। बैठक के में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, प्रशिक्षु आईएएस नितिन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन आगरा में

जौनपुर। क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 अतुल सिन्हा ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 कुश्ती संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 29 सितम्बर तक आगरा में किया जा रहा है। जनपद जौनपुर के सब जूनियर बालक कुश्ती खिलाड़ियों का जनपदीय चयन परीक्षण 17 सितम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। जनपद चयन परीक्षण में चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन परीक्षण हेतु भेजा जायेगा। मण्डलीय चयन परीक्षण 19 सितम्बर 2024 को प्रातः 8.30 बजे से डॉ0 भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल लालपुर, वाराणसी में किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र फोटो सहित तथा आयु प्रमाण-पत्र प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित तथा आधार कार्ड के साथ, हाई स्कूल अंक पत्र की छायाप्रति साथ लेकर जनपदीय चयनध्परीक्षण में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# शिक्षक दिवस पर बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर एचआरए इण्टर कालेज श्यामनाथ रेलवे क्रासिंग-सीतापुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कालेज के प्रबन्धक मोहम्मद जुबैर अंसारी तथा प्रधानाचार्या अर्चना सिंह द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा का अनावरण व माल्यार्पण किया गया।

इस मौके पर विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा कालेज के प्रबन्धक मोहम्मद जुबैर अंसारी व प्रधानाचार्या अर्चना सिंह तथा समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं का स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्या ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवन शैली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अन्त में प्रबन्धक मोहम्मद जुबैर अंसारी ने समस्त शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य सगीर हुसैन व अध्यापक-अध्यापिकाएं मो सिराजुल हसन अंसारी, मोहम्मद आदिल, शिवांश सिंह, मनीष कुमार, पवन शुक्ला, प्रवीण सिंह, भूपेन्द्र सिंह, पारस सक्सेना, सुफियान अंसारी, अंजना वर्मा, सुधा श्रीवास्तव, संगीता महाराणा, शादमा खानम, प्रीती सहाय, दीक्षा वर्मा, दीपिका कशिश श्रीवास्तव, अंशिका शुक्ला, तथा सनोवर रिजवी, ऊरूसिया खान, शिखा दीक्षित, मनतशा खान, वीरू अवस्थी, पुष्पराज गुप्ता, प्रीती वर्मा, अल्का श्रीवास्तव, रूचि वर्मा, शाल्नी सक्सेना, सायरा सिद्दीकी, संध्या कनौजिया, फरजाना शब्बीर, फरहीन जहाँ, कोमल श्रीवास्तव, निदा रफत, आसमा बानो नूरजहाँ, उजमा कौसर, शशी बाला आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## समरसेबिल के साथ बदमाश पकड़ा

**ललितपुर।** एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी अनिल कुमार व सीओ महरौनी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना बानपुर पुलिस ने एक शातिर बदमाश को चोरी की समरसेबिल के साथ हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये ग्राम मौगान निवासी दिनेश रजक पुत्र पन्नीलाल के खिलाफ थाने में बीएनएस 2023 की धारा 303 के तहत मामला भी दर्ज है। बताया कि सीआरआई की समरसेबिल संख्या 1032ए11141 बरामद की गयी है। बदमाश को पकड़े वाली टीम में थानाध्यक्ष बानपुर सियाराम वर्मा, उप निरीक्षक मनीष शुक्ला, हे.कां.नरेश शर्मा, कां.मनीष कुमार शामिल रहे।

## ट्रक में घुसी बाइक चालक की मौत

**ललितपुर।** जिला जालौन के थाना एट अंतर्गत ग्राम बिलायां व हाल थाना बार क्षेत्र में रहने वाले अभिनेश कुमार पुत्र महेन्द्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई रवि कुमार बीती 31 अगस्त की रात करीब साढ़े आठ बजे घर से अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 यू 1618 से जा रहा था। तभी ग्राम चन्देरा हाई-वे शनि मंदिर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे कट मार दिया, जिससे उसकी गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और सामने जा रहे ट्रक में उसकी बाइक घुस गयी, जिससे उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 106 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

**ललितपुर।** ललितपुर कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम बम्हौरी नागल के निकट गुरुवार की रात अनियंत्रित होकर एक ट्रैक्टर पलट गया। जिसके चलते चालक ग्राम झरकौन निवासी 45 वर्षीय मजबूत यादव की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों ने बताया किसान ट्रैक्टर को ठीक कराकर ललितपुर से रात में वापिस घर आ रहा था। तभी सड़क पर आए जानवर को बचाने के चक्कर मे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

# शिक्षक दिवस पर शैक्षणिक संस्थाओं में हुए कई कार्यक्रम



जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महान शिक्षाविद, भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का श्रद्धा भाव से जन्मोत्सव मनाया गया। शिक्षक दिवस के इस महान पर्व का आयोजन पर छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों को प्रणाम करते हुये उन्हें शुभकामनाएं दीं। पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय, नेहरू महाविद्यालय, श्री वर्णी जैन इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, राजकीय इण्टर कालेज, जीजीआईसी तालबेहट, नगर पालिका इंटर कालेज, शांति निकेतन इंटर कालेज महरौनी, सी0बी0. गुप्ता इंटर कालेज एवं जीजीआईसी महरौनी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये।

पहलवान गुरुदीन पब्लिक स्कूल में महान शिक्षाविद, भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का श्रद्धा भाव से जन्मोत्सव मनाया गया शिक्षक दिवस के इस महान पर्व का आयोजन छात्र-छात्राओं ने भव्य रूप से मनाया जिसमें उन्होंने समस्त शिक्षक, अभिभावक एवं प्रबंध समिति को आमंत्रित किया एवं सभी का सम्मान कर कार्यक्रम को सुंदर स्वरूप दिया। पहलवान गुरुदीन पब्लिक स्कूल की प्रबंधक श्रीमती सितारा देवी ने मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की, प्रबंधक श्रीमती सितारा देवी जी ने बताया कि हमारी सनातन परंपरा में गुरु का स्थान सर्वोपरि है।

डायरेक्टर डॉक्टर सौरभ यादव जी ने शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर गुरुओं के महान गुणों का वर्णन करते हुए कहा कि संसार में जहां से भी हमें ज्ञान मिलता है वह भी हमारे लिए गुरु है, गुरु आपसे उम्र में छोटा भी हो सकता है गुरु आपसे उम्र में बड़ा भी हो सकता है। इसी क्रम में पहलवान गुरुदीन पब्लिक स्कूल हिंदी माध्यम के प्रधानाचार्य राक्षपाल सिंह ने भी अपने विचार रखे।

## अपने भविष्य को बनाने की जिम्मेदारी आप परः प्रो. अभय

**अयोध्या।** का.सु. साकेत महाविद्यालय के स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं हेतु शासन के शासनादेश के अनुपालन में दीक्षारंभ कार्यक्रम के प्रथम दिवस का आयोजन किया गया। शुक्रवार को बी कॉम के छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम जे पी एन सभागार हुआ। जिसके प्रभारी प्रो अशोक कुमार मिश्र ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विभागीय सहयोगियों का परिचय कराया और साथ ही बी कॉम प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम पर प्रकाश डाला। आइक्यूएसी प्रभारी प्रो आशुतोष सिंह ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, सेमेस्टर प्रणाली में परीक्षा और पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी को प्रस्तुत करते हुए कहा कि समस्त छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्या यदि होती है तो वह अपने विभाग के, प्राध्यापकों के द्वारा ही समाधान प्राप्त करें। किसी अन्य से संपर्क करने पर उन्हें विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। महाविद्यालय के परीक्षा प्रभारी प्रो. ओपी यादव ने कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की वेबसाइट और सूचना पट को सदैव देखते रहना चाहिए। जिससे वह अपने को अपग्रेड रखेंगेऔर सभी समस्याओं से मुक्त रहेंगे।

# शिक्षा को सुगम बनाने के लिए स्वामी विवेकानंद सशक्तीकरण योजना शुरूः जिलाधिकारी




जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बीती शाम कलेक्ट्रेट सभागार में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत डुप्लिकेसी रोकने हेतु आधार प्रमाणीकरण के संबंध में बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अरविंद कुमार सिंह, ई डिस्ट्रिक मैनेजर विकास त्यागी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नंदकिशोर सहित कालेजों के अध्यापकगण संबंधित उपस्थित थे।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और उनकी शिक्षा को सुगम बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना शुरू की है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना को यूपी डीजी शक्ति योजना के अंतर्गत संचालित किया गया है जिसे डी0जी0 शक्ति पोर्टल पर अपलोड करने के उपरांत ही अन्य कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिए कि टैबलेट/स्मार्टफोन के वितरण की कार्यवाही के लिए डिजीशक्ति पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया एवं शिड्यूल के अनुसार लाभार्थियों के डाटा को उनके सम्बन्धित संस्थान द्वारा पोर्टल पर अपलोड कर वेरीफाई करना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात ही वितरण की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों के मध्य टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण की डुप्लीकेसी को रोकने के लिए उनका आधार प्रमाणीकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों के लिए आधार प्रमाणीकरण की व्यवस्था लागू करने के लिये डिजीशक्ति वेबसाइट/पोर्टल पर वांछित व्यवस्था सृजित की गई है। जिलाधिकारी ने स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत समस्त कालेजों के सम्बन्धित अध्यापको के साथ बैठक के प्रत्येक बिंदुओं पर गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा.निर्देश संबंधित को निर्गत किए।

## अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या के विरोध में नगीना बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



**नगीना, बिजनौर।** बार एसोसिएशन नगीना ने कासगंज बार की अधिवक्ता मोहिनी तोमर के अपहरण व हत्या की घटना के विरोध मे मौन जुलूस निकालकर व सांकेतिक चक्का जाम कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी नगीना को दिया। अधिवक्ताओं ने दोषियों की गिरफ्तारी सहित अधिवक्ता सुरक्षा कानून अविलंब लागू करने की मांग की। कासगंज बार एसोसिएशन की अधिवक्ता मोहिनी तोमर का अदालत के बाहर से अपहरण किया गया था जिनका शव बीते दिन एक नहर से बरामद हुआ। घटना से अधिवक्ता समाज आक्रोशित है इस घटना को लेकर विरोधस्वरूप शुक्रवार को बार एसोसिएशन नगीना ने अध्यक्ष दीपक कुमार बिश्नोई एडवोकेट व महासचिव फरीद अहमद खान एडवोकेट के नेतृत्व मे अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट परिसर से गांधी मूर्ति मार्ग होते हुए एसडीएम कोर्ट तक मौन जुलूस निकाला और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नगीना मांगेराम चैहान को दिया। ज्ञापन मे कहा गया है कि स्व. मोहिनी तोमर के साथ घटित घटना बहुत ह्रदय विदारक है जिसकी बार एसोसिएशन नगीना कड़े शब्दों मे निंदा करती है। ज्ञापन मे कहा गया कि मजलूमो को इन्साफ दिलाने वाला अधिवक्ता समाज खुद मजलूम बना हुआ है और अधिवक्ताओं के साथ आयें दिन होने वाली आपराधिक घटनाओं की वजह से अधिवक्ता खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे है। कासगंज की महिला अधिवक्ता स्व. मोहिनी तोमर के साथ घटित इस ताजा घटना से अधिवक्ता समाज बहुत आहत व आक्रोशित है। बार एसोसिएशन नगीना ने स्व. मोहिनी तोमर के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने व मृतक अधिवक्ता के आश्रित को पचास लाख रुपये की अर्थिक सहायता प्रदान करने व अधिवक्ता सुरक्षा कानून अविलंब लागू करने की मांग की।

# एक दिवसीय कृषक कार्यशाला का आयोजन



**ललितपुर।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ( नाबार्ड ) के सौजन्य से प्राकृतिक खेती और कृषि मूल्य श्रृंखला प्रोन्नति परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का आयोजन बजाज पॉवर प्लांट के प्रशासनिक भवन सभागार में किया गया। इस कार्यशाला में परियोजना के तहत चयनित कृषकों के अतिरिक्त बाड़ी परियोजना, सी.एस.आर. एवं जलागम परियोजना से जुड़े बार ब्लॉक के 25 गांव से 170 कृषकों ने भाग लिया। कार्यशाला में एलपीजीसीएल के सी.ई.ओ. ए.एन. सार ने प्रतिभागियों को कंपनी के सी.एस.आर. के माध्यम से सहभागी सामुदायिक विकास की दिशा में चलाये जा रहे उपक्रमों पर प्रकाश डालते हुए प्राकृतिक खेती एवं संवहनीय कृषि विकास की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यशाला में सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर गोपाल उपाध्याय एवं प्राकृतिक खेती राज्य स्तरीय प्रशिक्षक शेषपाल सिंह के द्वारा प्राकृतिक खेती की आवश्यकता, प्रासंगिकता, व्यवहार्यता, तकनीकी सिद्धांत पर बहुत ही तार्किक एवं सारगर्भित रूप से उपस्थित किसानों को मार्गदर्शन प्रदान किया। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक एवं बजाज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में प्राकृतिक खेती को योजनाबद्ध एवं समग्र दृष्टिकोण से बढ़ावा दिए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए किसानों से पूरे मनोयोग से इस कार्यक्रम में रूचि लेकर बताई जा रही पद्धतियों के अंगीकरण पर बल दिया। साथ ही उनके द्वारा बीज आत्मनिर्भरता हेतु सहभागी, सामुदायिक बीज बैंक स्थापना, कुछ प्रगतिशील किसानों को मॉडल किसानों के रूप में विकसित करने हेतु उनके लिए व्यापक प्रशिक्षण क्षमतावर्धन कार्यक्रमों का आयोजन, प्रशिक्षण सामग्री का विकास, देसी, परंपरागत बीजों का प्रबंध, गौ मूत्र संग्रहण व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सुझावित किया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए बजाज पॉवर प्लांट के वाइस प्रेजिडेंट पी. के. सिंह ने हुए खुशी जताई की बजाज फाउंडेशन द्वारा नाबार्ड, कृषि विज्ञान केंद्र, अन्य विभागों एवं विषय विशेषज्ञों आदि के समन्वय से प्राकृतिक खेती पद्दति को बढ़ावा देने के प्रयास धीरे धीरे रंग ला रहे हैं। इस दिशा में भविष्य में जो भी संभव प्रयास होंगे वह बजाज फाउंडेशन द्वारा निरंतर किये जाएंगे। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित किसानों के उत्साह एवं रूचि को बहुत ही सकारात्मक बताया।

## न्या जनता के द्वार के तहत काम करना मेरी प्राथमिकताओं में शामिलः एसडीएम



**नगीना, बिजनौर।** नवागत एसडीएम मांगेराम चैहान ने चार्ज सभालते ही अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं में नयाय जनता के द्वार के तहत समाज के सभी वर्गो जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों के साथ समन्वय बनाकर आम जनता की समस्याओं को पूरी तरह से दूर करने के प्रयास पर बल देते हुए कहा कि उनके स्तर से राजस्व की हों या अन्य कोई समस्या हो उसे दूर करने का पूरा प्रयास किया जायेगा जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आ सके। नवागत एसडीएम मांगेराम चैहान ने कार्यभार संभालने के बाद शुक्रवार को अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता में पत्रकारों से कहा कि वह समाज में सकारात्मक बदलाव चाहते है। तहसील स्तर की समस्याओं से आम व्यक्ति के लिये वह हमेंशा उपलब्ध है। शासन की मंशा के अनुसार वह न्याय जनता के द्वार के तहत समाज के सभी वर्गो जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों के साथ समन्वय बनाकर आम जनता की समस्याओं को पूरी तरह से दूर करने के प्रयास पर बल देते हुए कहा कि उनके स्तर से राजस्व की हों या अन्य कोई समस्या हो दूर करने का प्रयास किया जायेगा जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आ सके। एसडीएम मांगेराम चैहान ने कहा कि बिना किसी सिफारिश के कोई भी पीड़ित उनसे सीधा मिल सकता है उसे न्याय दिलाया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह सही काम करने के लिये प्रतिबद्ध है उसके लिये किसी भी कार्य में दोनों पक्षों को सुनकर जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों से फीडबैक लेकर तहसील स्तर की सभी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पत्रकारों से आहवान किया कि वह क्षेत्र की समस्याओं को प्रकाशित करें और उन्हें जनसमस्याओं से अवगत कराने का भी काम करें जिससे सभी समस्याओं का समाधान हो सके।

## जिला सतर्कता समिति की बैठक में हुई चर्चा

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादन, आवश्यक वस्तुओं के वितरण, प्रवर्तन, रिक्त दुकानों के चयन, आधार फीडिंग एवं सीडिंग, ई.के.वाई.सी., कोटेदारों के लाभांश भुगतान, प्रवासी श्रमिकों के आच्छादन, अपात्रों के सत्यापन, विगत तीन माह में जारी एवं निरस्त राशन कार्डों एवं 05 माह से खाद्यान्न न लेने वाले अन्त्योदय राशन कार्डो, ऐसे राशन कार्डो जिनमें परिवार के एक भी सदस्य का आधार उपलब्ध नही है, की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा एक माह में आधार सीडिंग करने एवं लक्ष्य बढाये जाने हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया एवं 17 रिक्त दुकानों के संबंध में एक माह के अंदर ग्राम सभा का प्रस्ताव कराने हेतु संबंधित खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया तथा 05 माह से खाद्यान्न न लेने वाले अन्त्योदय राशन कार्डो एवं ऐसे राशन कार्डो जिनमें परिवार के एक भी सदस्य का आधार उपलब्ध नही है, का सात्यापन 10 दिन के अंदर समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अध्यक्ष नगर पंचायत, तालबेहट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, ईओ, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुरेशचन्द्र जैन व आई.सी.डी.एस. जिला समन्वयक भरतलाल नामित सदस्य उपस्थित रहे।

## एक लाख रुपये घूस लेते सहायक लेखाकार हुआ गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। जनपद के मसौधा विकास खण्ड के बेसिक शिक्षा विभाग के लेखाकार को विजिलेन्स टीम ने एक लाख रुपए घूस लेते रंगे हाथ घूस गिरफ्तार कर लिया। यह राशि पीड़ित से जीपीएफ निकासी के लिए मांगी गई थी।

घटनाक्रम के अनुसार शिकायतकर्ता मो. इरफानुल हक पुत्र सिराजुल हक निवासी हसनू कटरा, जनपद अयोध्या की पत्नी यासमीन फातिमा कम्पोजिट विद्यालय भदोखर ब्लाक मसौधा में प्रधानाध्यापिका के पद पर नियुक्त थी जिनके स्वर्गवास होने के उपरान्त जी०पी०एफ0 की धनराशि आहरित करने के लिए सहायक लेखाकार अमरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा रिश्वत की मांग की गयी। शिकायतकर्ता द्वारा पुलिस अधीक्षक उ0 सतर्कता अधिष्ठान अयोध्या सेक्टर अयोध्या से की गयी। लिखित शिकायत की जाँच में यह पाया गया कि सहायक लेखाकार अमरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा उक्त कार्य के बदले रू0 की मांग की जा रही है। उधर, सहायक लेखाकार अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने शिकायतकर्ता मो० इरफानुल हक को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अयोध्या के पास रुपए लेकर पहुँचने को कहा। शिकायतकर्ता मो० इरफानुल हक सहायक लेखाकार के बताये अनुसार रिश्वत के एक लाख रुपए लेकर नियत स्थान पर पहुंचा, वहां पहले से घात लगाकर बैठी विजिलेन्स टीम ने उसे दबोच लिया और अपने साथ लें गई। उ0प्र0 सतर्कता अधिक्ठान, अयोध्या सेक्टर अयोध्या में उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## बुंदेलखण्ड राज्य बनाने का वादा, वायदा बनकर ही रह गयाः भानु सहाय



**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानु सहाय ने शुक्रवार को ललितपुर पहुंच कर सुपर मार्केट स्थित पत्रकार भवन में एक वार्ता के दौरान पृथक बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण को लेकर अपनी बात रखी। भानु सहाय ने कहा कि केन्द्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री म.प्र. शासन उमा भारती ने तीन साल के भीतर बुन्देलखण्ड राज्य बनाने का वादा बुंदेलियों से किया था। लेकिन अब 3 साल की जगह 10 साल से ऊपर का समय गुजर चुका है। 3 साल का झूठा वादा करने वालों को राम कौ कौल खिलवा कल चुनाव में हरवाने का कार्य 2022 के उत्तर प्रदेश विधान सभा से प्रारंभ किया। उ.प्र. 2022 विधान सभा चुनाव में भाजपा 3 विधान सभा सीट हारी, पांच लाख पैसठ हजार वोट कम हुए एवं छप्पन हजार नोटा दबाया। उन्होंने कहा कि यह शुरूआत हुई है। म.प्र. विधान सभा चुनाव 2023 में दतिया में 2, निवाडी में एक और टीकमगढ़ में 2 सीट हरवाने का कार्य किया। कहा कि धन अभाव में छतरपुर, पन्ना, दमोह एवं सागर जनपदो में कार्य नहीं कर सके। बताया कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में सागर मंडल को छोड़ बांदा, जालौन और हमीरपुर में हारी एवं झांसी के सांसद पिछले चुनाव में 4 लाख वोट से जीते थे और इस बार बामुश्किल 1 लाख से ही जीत पाए। इसी प्रकार दतिया सांसद पिछले चुनाव में 2 लाख से जीती थी, पर इस बार मात्र 63 हजार से जीत पाई। कहा कि अभी भी समय हैं उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के प्रस्तावित जिलों का पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण किया जाना चाहिए, अन्यथा आगामी वर्ष 2027 में उ.प्र., 2028 म.प्र. एवं 2029 को लोक सभा के चुनावों पर भी गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि भाजपा सत्ता में रहते हुये अयोध्या और चित्रकूट में भी परिणाम सकारात्मक नहीं रहे। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा एवं बुंदेलखंड अधिकार मंच के तत्वाधान में रथ यात्रा का मकसद बड़ी संख्या में समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र में लोगो को राम कौ कौल अभियान से जोड ?ा है, जिससे राज्य निर्माण के लिए चुनावी बुंदेली बनने एवं मौन धारण करने वालो को चुनाव में असर डाला जा सके, ताकि जो बुंदेलखंड राज्य का नहीं, वो किसी काम का नहीं। बताया कि रथ यात्रा 20 सितम्बर को सर्वेश्वर धाम, बांध कॉलोनी ललितपुर से प्रारम्भ होंगी। 21 सितम्बर को झांसी, 22 और 23 को जालौन, 24 को राठ एवं महोबा, 25 को हमीरपुर, 26 और 27 को बांदा व 28 को चित्रकूट में समाप्त होगी। इस दौरान वार्ता संयोजक पत्रकार सुनील शर्मा, जसपाल सिंह बंटी के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

● रथ यात्रा 20को सर्वेश्वर धाम, बांध कॉलोनी ललितपुर से प्रारम्भ होंगी

## साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर एसपी ने ली सलामी



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी। इसके उपरांत परेड का निरीक्षण कर पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, आरमरी, कैटीन, भोजनालय, बैरकों आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने यू.पी.112 के वाहनों को चेक किया गया तथा फर्स्ट एड किट व दंगा नियंत्रण उपकरण चैक कर यूपी 112 कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र अतिशीघ्र पहुंचकर पीड़ित को हरसंभव मदद करें। साथ ही परेड में शामिल पुलिस कार्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, बारबर शॉप, बैरकों, पुलिस कैटींन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पाली/लाइन्स रक्षपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी मडावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# राजपूत कॉलौनी के नाले से अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की



जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** राजपूत कालौनी के नाले की जमीन पर किये गये अवैध कब्जों से नाले की जमीन को मुक्त कराने हेतु बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. ने कमर कस ली है। पत्रकारों ने जिलाधिकारी को 217 साक्ष्य के साथ एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर नाले के भराव क्षेत्र से अवैध कब्जा हटाकर नाले को पुनः मूल स्वरूप में वापिस लाये जाने की माँग की है ।पत्रकारों ने बताया कि डेढ़ माह पहले 24 जुलाई को उफनते नाले में बह जाने के कारण 12 वर्षीय छात्र यश निरंजन की मौत हो गयी थी। जिसके चलते आमजन में इस नाले पर अवैध कब्जे के प्रति आक्रोश व्याप्त है। दरअसल इस नाले पर कतिपय दबंगों ने अवैध कब्जा कर नाले की चैड़ाई अनावश्यक रूप से कम कर दिया है। नाले का भराव क्षेत्र कम हो जाने के कारण नाला थोड़ी बरसात में उफन जाता है जिससे हादसे हो रहे हैं। डीएम को बताया कि राजपूत कालौनी के इस नाले की भूमि पर कब्जा करने वाले नामजद कुछ दबंग हैं, जिन्होंने नाले की दिशा बदलकर नाले की भूमि एवं जल भराव क्षेत्र पर कब्जा करने हेतु यहाँ के एक शातिर निवासी से 4.50 डिसमिल की रजिस्ट्री 13.11.2013 को कराई थी। हद तो तब हो गयी जब बिक्रेता के नाम भूमि शेष न होने पर भी इस फर्जी रजिस्ट्रीकृत भूखंड का नामांतरण करा लिया गया। बिक्रेता अपने हिस्से की भूमि इस गाटा संख्या 2162 में पहले ही बेच चुका था। आगे भी इसी विक्रेता से इसी जमीन की दो रजिस्ट्री दबंगों ने अपने नाम करा लीं। रजिस्ट्री करा कर जेसीबी मशीन से नाले को ऊपर तरफ सीधा करके नाले की भूमि व नाले के भराव क्षेत्र की भूमि पर कब्जा कर लिया गया। सपा के तत्कालीन जिलाध्यक्ष ने भी भूमि नंबर 2214 में नाले के दाई तरफ भूमि रजिस्ट्री से क्रय की। पर यहाँ नाले की दिशा बदल दी और नाले की भूमि व नाले के भराव क्षेत्र की भूमि पर कब्जा कर नाले की दायीं ओर के बजाय बाईं ओर दो मंजिला मकान लगभग नौ हजार वर्गफीट पर बना लिया। नक्शा भी आधा अधूरा पास कराया। एक अन्य घटनाक्रम में 8 फर्जी रजिस्ट्री एक ही दिन 25 मार्च 2022 को की गयीं जिनमें से किसी में भूमि नम्बर अंकित नहीं हैं। गलत चैहद्दी डाली गई है। बताया कि यहाँ सरकारी रास्ता 40 फुट चैड़ा था जो अब नहीं रहा। डीएम को बताया गया कि पानी की निकासी के लिए नाले का चैड़ीकरण किया जाना एवं नाली के पानी के भराव की जमीन को खाली कराया जाना अति आवश्यक है। जिन माफिया ने इस भूमि पर अवैध कब्जा किया है। फर्जी रजिस्ट्री कीं व करायी हैं, जिन्होंने अवैध लाभ लेकर इस कार्य में सहयोग किया है, उन सभी को जाँच के दायरे में लाया जाना चाहिये। प्रशासन को चाहिये कि सक्षम ईमानदार लेखपालों की एक टीम बनाकर नाले की भूमि एवं नाले की भराव की भूमि को चैड़ाई लगभग 24 फीट तक खाली कराकर नाले का मूल स्वरूप बहाल किया जाये।

## दलित किशोरी से रेप पर कार्रवाई के साथ ही बढ़ रही सियासत

**अयोध्या।** भदरसा, सत्तीचैरा, मंगलसी रेप कांड में पुलिस कार्रवाई अभी चल ही रही है कि मिल्कीपुर के खंडासा थाना क्षेत्र में भी भदरसा जैसी घटना हुई है। बीती रात पुलिस ने मुठभेड़ में आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। प्रशासन की ओर से राजस्व टीम शुक्रवार को आरोपी के गांव पहुंच कर जमीन जायदाद की पैमाइश की कार्रवाई शुरू की जबकी भाजपा प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मिलकर कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है। वहीं जिला कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधि मंडल शनिवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगा। पीड़ित परिवार मिल्कीपुर क्षेत्र का है। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव शीघ्र ही होना है। ऐसे में सियासत भी अब शुरू हो चुकी है। आरोपी युवक दूसरे सम्प्रदाय का है जबकि पीड़िता दलित परिवार की है।

## आज तहसील मड़ावरा में डीएम-एसपी सुनेंगे जनशिकायतें

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज शनिवार को तहसील मड़ावरा में सुबह 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक एवं सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर जनता की समस्यायें सुनेंगे और उनका निस्तारण करायेंगे। इसके अतिरिक्त जनपद की समस्त तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सुबह 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

# सजा की सियासत

पश्चिम बंगाल विधानसभा में 'अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक' (आपराधिक कानून एवं संशोधन) सर्वसम्मति से पारित किया गया। कोलकाता आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर बिटिया के रेप-मर्डर के बाद जो तनाव, आक्रोश और विरोध-प्रदर्शन बंगाल के कई हिस्सों में देखे गये हैं, उन्हें शांत करने का यह एक सियासी हथकंडा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आशंका है कि इतने व्यापक विरोध से उनका परंपरागत जनाधार बिखर सकता है, लिहाजा बलात्कार, हत्या, यौन उत्पीड़न की कड़ी सजाओं के मद्देनजर उन्हें यह बिल पारित कराना पड़ा। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने भी बिल का समर्थन किया, क्योंकि यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। अलबत्ता यह दिखावे का बिल साबित होगा और 'राष्ट्रपति भवन' में लटक सकता है। निर्भया कांड के बाद जस्टिस वर्मा कमेटी की रिपोर्ट पर गणित कानून में रेप में अधिकतम सजा के तौर पर फांसी का प्रावधान है। दरअसल कोई भी राज्य केंद्रीय कानूनों के समानांतर कानून नहीं बना सकता। सभी राज्यों में अपराध और अन्य मामलों में केंद्रीय कानून ही प्रभावी और लागू होते हैं, वैसे राज्यों को अलग कानून बनाने का भी अधिकार है, लेकिन वे केंद्रीय कानून में बदलाव नहीं कर सकते। यदि राज्य ऐसा करता है, तो राज्यपाल को उस पारित विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेजना होता है। बंगाल विधानसभा में जो बिल पारित किया गया है, उसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो) में संशोधन की बात कही गई है। ये कानून संसद द्वारा पारित किए गये हैं। केंद्रीय कानूनों की धाराओं के तहत बलात्कार,




सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के लिए 20 साल की सजा, उम्रकैद और फांसी की सजा का प्रावधान है, जबकि 'अपराजिता बिल' में सिर्फ फांसी के प्रावधान का ही प्रस्ताव है। बीएनएस के तहत बाल अपराधियों के लिए रियायतों का प्रावधान है, लेकिन 'अपराजिता' में उन्हें खत्म करने का प्रस्ताव है। गौरतलब है कि जांच, न्याय और सजा के लिए जो अवधि तय की गई है, वह अव्यावहारिक है, क्योंकि भारत में न्याय की परतें कई हैं। यदि फास्ट ट्रैक कोर्ट आरोपित को फांसी की सजा सुना भी देती है, तो उस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। उच्च न्यायालय के बाद सर्वोच्च अदालत है। अंततः राष्ट्रपति को दया-याचिका दी जा सकती है। मात्र 10 दिन में इन सभी आयामों से न्याय पाना असंभव है, लिहाजा 10 दिन में फांसी की सजा महज नारेबाजी है। जनता को भ्रमित करने की राजनीति है, ताकि कोलकाता की सडकें तमाम तरह की सियासत से मुक्त हो सकें। 2012 के 'निर्भया कांड' का अंतिम फैसला 8 सालों के बाद मिला था। नतीजतन उसके बाद ही बलात्कारियों को फांसी पर लटकाया जा सका। उसके बाद किसी भी बलात्कारी को मृत्युदंड नहीं दिया जा सका। यह हमारे कानून के छिद्र हैं, हालांकि निर्भया कांड के बाद जस्टिस जेएस वर्मा आयोग बनाया गया था। इस आयोग ने व्यापक विमर्श के बाद, बहुत ही कम समय में, अपनी रपट दी थी। उसके आधार पर केंद्र ने जो कानून बनाया, उसमें भी दोषी को अधिकतम सजा के तौर पर मृत्युदंड का प्रावधान था। हमारे देश और समाज में बलात्कार के औसतन 86 केस हर रोज दर्ज कराये जाते हैं, कितनों को फांसी की सजा दी जाती है? टीएमसी विपक्षी खेमे की एक महत्वपूर्ण पार्टी है। इससे पहले आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र ने भी 'मौत की सजा' को अनिवार्य करने वाले बिल पारित किए थे, लेकिन केंद्र से मंजूरी नहीं दी गई। यही नियति अब बंगाल की हो सकती है। ममता बनर्जी ने बिल की आड़ में भी राजनीति की है।

---

## विचार

जिस प्रकार भौंरा फूलों की रक्षा करता हुआ मधु को ग्रहण करता है, उसी प्रकार मनुष्य को हिंसा न करते हुए अर्थों को ग्रहण करना चाहिए।

-आचार्य विदुर.

प्राणी अकेला जन्मता है, अकेला ही मरता है और अपने पाप-पुण्यों का फल अकेला ही अनुभव करता है।

-वेदव्यास.

जितना ही हम अध्ययन करते हैं, उतना ही हमको अपने अज्ञान का आभास होता जाता है।

-शैले.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भाव.

बिना अनुभव कोरा शाब्दिक ज्ञान अंधा है।

-स्वामी विवेकानन्द.

# चुनावों के बीच भाजपा में इस्तीफों का दौर


विजय कपूर

> मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कहना है कि किसी एक व्यक्ति को ही एक सीट से टिकट दिया जा सकता है जबकि टिकट के इच्छुक बड़ी संख्या में होते हैं, इसलिए कार्यकर्ता व नेता नाराज भी हो जाते हैं। सैनी की बात सही है। चुनाव के अवसर पर ऐसा सभी पार्टियों में देखने को मिलता है। लेकिन जिस बड़े पैमाने पर हरियाणा बीजेपी में विद्रोह देखने को मिल रहा, वह अप्रत्याशित है।

हालांकि खद्दरधारी नेता कुशल अभिनेता भी होते हैं कि नाटक करने में अमिताभ बच्चन को भी टक्कर दे दें, लेकिन शशिरंजन परमार वास्तव में अपनी भावनाओं को नियंत्रित न कर सके और पत्रकारों व अपने समर्थकों के सामने ही फूट फूटकर रोने लगे। उनके दर्द को समझा जा सकता है। वह हरियाणा के जिला भिवानी में बीजेपी के वरिष्ठ, कर्मठ व समर्पित नेता हैं। दशकों से अपनी पार्टी की निःस्वार्थ सेवा में लगे हुए थे। इसलिए उन्हें उम्मीद थी कि राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा उन्हें तोशम से अपना प्रत्याशी बनायेगी। लेकिन जब भाजपा ने 67 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की तो उसमें उनका नाम नहीं था। उनकी जगह महेंद्रगढ़ की पूर्व सांसद श्रुति चौधरी को तोशम से बीजेपी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। परमार का दुःख मुख्यतः तीन कारणों से है। एक, भाजपा अपने कर्मठ कार्यकताओं की जगह उन पैराशूट नेताओं को वरीयता दे रही है, जो हाल फिलहाल में पार्टी में शामिल हुए हैं।

परमार लम्बे समय से भाजपा में हैं जबकि श्रुति चौधरी जून 2024 में ही कांग्रेस से बीजेपी में आयी हैं। इसी वजह से बीजेपी के एक अन्य वरिष्ठ नेता जसबीर देशवाल भी अपनी पार्टी से नाराज हैं, क्योंकि उन्हें अनदेखा करके जेजेपी के पूर्व विधायक राम कुमार गौतम, जो कुछ दिन पहले ही बीजेपी में शामिल हुए हैं, को सफीदोन से टिकट दे दिया गया है। देसवाल ने कहा है कि वह स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे। परमार के दुःख का दूसरा कारण यह है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व मंचों से परिवारवाद का जमकर विरोध करता है, लेकिन जमीनी स्तर पर परिवारवाद को ही प्रोत्साहित कर रहा है। श्रुति चौधरी किरण चैधरी की बेटी हैं। किरण चौधरी भी हाल ही में कांग्रेस से भाजपा में आयी हैं और उन्हें राज्यसभा का सदस्य बना दिया गया है। परमार के दुःख का तीसरा मुख्य कारण यह है कि भाजपा की केंद्र सरकार ने 70 के दशक की इमरजेंसी का विरोध करते हुए 25 जून (1975 में जब इमरजेंसी लगायी गई थी) को संविधान हत्या दिवस घोषित किया है, लेकिन जिन व्यक्तियों पर इमरजेंसी में सबसे अधिक अत्याचार करने के आरोप हैं, उन्हीं के परिवार को



राजनीतिक महत्व दिया जा रहा है। इमरजेंसी हटने के बाद जनता पार्टी के प्रमुख नारों में एक यह भी था- इमरजेंसी के तीन दलाल/इंदिरा, संजय, बंसीलाल। श्रुति चौधरी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पोती हैं।

**हरियाणा विधान-सभा चुनाव-2024**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी का कहना है कि किसी एक व्यक्ति को ही एक सीट से टिकट दिया जा सकता है जबकि टिकट के इच्छुक बड़ी संख्या में होते हैं, इसलिए कार्यकर्ता व नेता नाराज भी हो जाते हैं। सैनी की बात सही है और चुनाव के अवसर पर ऐसा सभी पार्टियों में देखने को मिलता है। लेकिन जिस बड़े पैमाने पर हरियाणा बीजेपी में विद्रोह देखने को मिल रहा है, वह अप्रत्याशित है और उसका एकमात्र कारण टिकट न मिलना नहीं है। मसलन, अपनी ऑनलाइन पोस्ट में पूर्व मंत्री कविता जैन के पति व वरिष्ठ बीजेपी नेता राजीव जैन ने पार्टी पर वैश्य समुदाय को अनदेखा करने का आरोप लगाया है। हरियाणा में किसान पहले से ही बीजेपी से नाराज हैं, अब बीजेपी के राज्य किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुखविंदर सिंह ने अपने पद व पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए पार्टी पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाया है। जहां कांग्रेस ओलंपिक पहलवानों बजरंग पूनिया व विनेश फोगट को अपना प्रत्याशी बनाने पर विचार कर रही है ताकि दिल्ली में महिला पहलवानों ने जो तथाकथित यौन उत्पीड़न के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया था और उन पर जो पुलिस अत्यचार हुआ था, उसका चुनावी लाभ उठा सके, वहीं दूसरी तरफ बीजेपी ने ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त को ही नाराज कर दिया है, जैसा कि सोशल मीडिया पर दत्त की 'शायराना ऑनलाइन पोस्ट से जाहिर है- चरित्र जब पवित्र है तो क्यों है ये दशा तेरी/ये पापियों को हक नहीं कि लें परीक्षा तेरी/तू खुद की खोज में निकल।'

दरअसल, हरियाणा बीजेपी में विद्रोह करने करने वालों की बहुत लम्बी सूची है, जिनमें मंत्री से लेकर साधारण कार्यकर्ता तक शामिल हैं। इसलिए भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची आते ही आंसुओं, इस्तीफों व धमकियों की बाढ़ आ गई है। ऊर्जा मंत्री रंजीत चौटाला ने इस्तीफा दे दिया है। मंत्री विशंभर वाल्मीकि ने धमकी दी है कि अगर बवानी खेड़ा से प्रत्याशी न बदला गया तो वह अपने समर्थकों के साथ बीजेपी का बायकाट करेंगे। भाजपा सांसद नवीन जिंदल की मां सावित्री जिंदल ने हिसार से स्वतंत्र प्रत्याशी के तौर पर लड़ने का संकेत दिया है। रातिया से बीजेपी विधायक लक्ष्मण नापा कांग्रेस में शामिल हो गये हैं। विद्रोही नेताओं की सूची इतनी लम्बी है कि सबके नाम तक देना संभव नहीं है। नेताओं के साथ ही पार्टी पदाधिकारियों व जिला स्तर के नेताओं ने भी भाजपा छोड़ने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री सैनी के अनुसार नाराज नेताओं को मनाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह विद्रोह केवल इसलिए है कि पार्टी ने चुनावी टिकट देने से इंकार कर दिया है? यह एक कारण अवश्य है, लेकिन यही एकमात्र वजह नहीं है। जमीनी स्तर के नेता व कार्यकर्ता बहुत जल्दी भांप लेते हैं कि हवा किस तरफ बह रही है। हरियाणा में फिलहाल बीजेपी की सरकार है, और चुनाव के बाद कैसी राजनीतिक तस्वीर सामने आयेगी इसको लेकर अभी बहुत संशय है। शायद इसलिए बहुत से नेता और कार्यकर्ता सुरक्षित गढ़ों की तरफ कूच कर रहे हैं। खेती किसानी, अग्निवीर, युवाओं में निरंतर बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, लचर कानून व्यवस्था, दिल्ली के जंतर मंतर पर विनेश फोगट, साक्षी मलिक आदि महिला पहलवानों के खिलाफ हुए अन्याय आदि ऐसे मुद्दे हैं, जिनसे चुनाव के दौरान निपटना बीजेपी के लिए बड़ी चुनौती होगी। बहुत सी जगहों पर तो स्थिति यह है कि बीजेपी प्रत्याशियों व कार्यकताओं को गांवों व कस्बों में प्रवेश तक नहीं करने दिया जा रहा है। अधिकतर खाप पंचायतों ने कांग्रेस का खुलकर समर्थन करने की घोषणा की है।

इस स्थिति से हरियाणा कांग्रेस की राज्य ईकाई अकेले दम चुनाव लड़ने के पक्ष में है यानी आप के साथ सीटों का समझौता नहीं चाहती है, जबकि कांग्रेस का आला कमान इंडिया गठबंधन के तौर पर चुनाव लड़ना चाहता है, जिसका अर्थ है कि आप के साथ सीटों का बंटवारा किया जाये। कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व व राज्य नेतृत्व में मतभेद के कारण दोनों पार्टियों के बीच सीट समझौते को लेकर गतिरोध बना हुआ है। हरियाणा कांग्रेस में सूत्रों से मिली जानकारी यह है कि आप ने अपने लिए उन सीटों की मांग की है जिन पर दोनों पार्टियों के बीच वोट ट्रांसफर संभव नहीं है। मसलन, कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव में कुरुक्षेत्र की सीट आप को दी थी, इंडिया गठबंधन में वोटों का ट्रांसफर नहीं हो पाया और इस प्रक्रिया में बीजेपी को लाभ मिल गया। एक वरिष्ठ स्त्रोत का कहना है, इस व्यवस्था में तो हम जीती हुई सीटें भी हार जायेंगे। इसलिए प्रबल संकेत यह है कि पंजाब में 2024 लोकसभा चुनाव की तरह कांग्रेस व आप हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी आपस में दोस्ताना मुकाबले में होंगी।

## सोशल मीडिया



पेरिस परालिंपिक में हाई जम्प टी 64 इवेंट में स्वर्ण पदक जीतने पर प्रवीण कुमार को हार्दिक बधाई, आपकी प्रभावशाली कूद कठोर परिश्रम और दृढ़ संकल्प से प्रभावित है।

जेपी नड्डा.

# कर्मफल की व्यवस्था

## अंतर्दृष्टि

भगवान से मांगने योग्य वस्तुएं श्रद्धा, हिम्मत, श्रमनिष्ठा, सच्चरित्रता, करुणा, ममता, पवित्रता और विवेकशीलता जैसी वे सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियां हैं जो विपन्नता को सम्पन्नता में बदल देती हैं और अभाव रहते हुए जिनके कारण विपुल सम्पन्नता का सुख अनुभव होता रहता है। प्रगति और सफलता का सारा आधार सद्गुणों पर अवलम्बित है। उनके बिना अकस्मात् किसी प्रकार कोई लाभ मिल भी जाये तो उसे संभालना और स्थिर रखना संभव न होगा। सदुपयोग केवल उस वस्तु का किया जा सकता है जो उचित मूल्य देकर उपार्जित की गयी है। अनायास बिना परिश्रम के मिली हुई सम्पत्ति का उपव्यय ही होता है और उससे अनेक व्यसन और उद्वेग पैदा होते हैं जिनके कारण वह उपलब्धि सुखदायक न होकर अनेक विपत्तियां और विकृतियां उत्पन्न करने का कारण बन जाती है। भगवान जिस पर प्रसन्न होते हैं उस सद्गुणों का उपहार देते हैं क्योंकि वे अपने आप में इतने महान हैं कि यदि साधन सम्पन्ता न भी हो, तो भी केवल उन सद्गुणों की सम्पदा के आधर पर मनुष्य सुखी समुन्नत और सम्मानित जीवन जी सकता है। यही दिव्य संपदाएं भगवान से मांगनी चाहिए। यही हैं वे विभूतियां जिन्हें वे अपने भक्तों को दिया करते हैं। भौतिक सफलताएं हमें अपनी भुजाओं और कलाइयों से मांगनी चाहिए। अपनी अकल को तेज करना चाहिए और सूझ बूझ से काम लेना चाहिए। अवरोध उत्पन्न करने वाली त्रुटियों को सुधारना चाहिए। सफलता का द्वारा खुल जायेगा। भगवान स्वयं अपनी विधि व्यवस्था में बंधे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अपने आपके साथ तक कोई रियायत नहीं की, अपने सगे संबंधियों तक को छूट नहीं दी।

कर्मफल की व्यवस्था को ही सर्वत्र प्रधान रखा। ऐसा न होता तो कोई पुरुषार्थ करने के लिए ही क्यों होता और कुकर्मों से बचने के लिए किसी को आवश्यकता ही क्या पड़ती? प्रार्थना मात्र से सारी सुविधाएं मिल जाती तों फिर कठोर, कर्मठता के लिए कठिबद्ध होने की इच्छा ही क्यों होती? जिन मनुष्यों की वासनाएं शांत हो गयी हैं, उनके मन मंदिर में आठोयम प्रेम ज्योति प्रज्जवलित है। वे इन्द्रियों के दास नहीं, इन्द्रियां स्वयं उनकी दासता में रहती हैं। सांसारिक प्रपंच किसे कहते हैं, इससे उन्हें कोई प्रयोजन नहीं। वे समय पर धर्म की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं और धर्म संस्थापन के लिए ही जीवन है। सरलता, नम्रता, सहनशीलता, सम्प्रति ही उनके जीवन के मुख्य साधन हैं। उनमें अहं भव का नाम-मात्र भी नहीं होता। ऐसे मनुष्य सत्य की शीतल छाया में जीवन व्यतीत करते हैं।

# विघ्नविनाशक की आराधना का महापर्व


गणेश चतुर्थी ● आर.सी. शर्मा

हिंदू धर्म में भगवान गणेश अग्रगण्य है। उन्हें गणपति यानी पवित्रकों का स्वामी कहा जाता है। वह सिर्फ इंसानों के लिए ही पूज्य नहीं हैं, देवताओं के भी परमपूज्य हैं। इसलिए हिंदू धर्म में गणेश जी के जन्मपर्व गणेश चतुर्थी को दस दिनों के आराधना महापर्व के रूप में मनाया जाता है। गणेश जी के जन्म को लेकर दो तिथियां हैं। शिवपुराण के मुताबिक उनका जन्म भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की चतुर्थी को हुआ। जबकि गणेश पुराण के मुताबिक मंगलमूर्ति गणेश जी का अवतरण भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को हुआ था। देश में ज्यादातर जगहों में गणेश पुराण के मुताबिक ही गणपति पर्व यानी गणेश चतुर्थी का महापर्व मनाया जाता है।

यूं तो अब यह पर्व पूरे देश में मनाया जाता है, लेकिन महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में इस पर्व की खास धूम रहती है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में इसे विनायक चतुर्थी पर्व भी कहा जाता है। जबकि महाराष्ट्र में गणेश चतुर्थी के नाम से यह उसी तरह जन-जन के उल्लास का प्रतिनिधित्व करता है, जैसे पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा। लेकिन हाल के दशकों में गणेश चतुर्थी ने पूरे देश में एक लोकप्रिय पर्व का रूप ले लिया है। यह पर्व दस दिनों तक चलता है। इस साल 7 सितंबर 2024 को गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जायेगा, लेकिन जहां तक पंचांग के मुताबिक चतुर्थी तिथि की शुरूआत की बात है तो भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी की शुरूआत हिंदू कैलेंडर के मुताबिक 6 सितंबर 2024 को दोपहर बाद 3 बजकर 1 मिनट से हो जायेगी और 7 सितंबर 2024 को शाम 5 बजकर 37 मिनट तक चतुर्थी की तिथि रहेगी। अतः उदयातिथि की मान्यता के आधार पर 7 सितंबर से गणेश उत्सव या गणेश चतुर्थी का पर्व शुरू होगा। गणेश जी हिंदुओं के अग्रगण्य देवता हैं। इसलिए कोई भी धार्मिक गतिविधि उनकी प्रथम पूजा के बिना शुरू नहीं होती। गणेश जी सभी तरह की बाधाओं को दूर करने वाले विघ्नविनाशक हैं। इसलिए हर शुभ काम के पहले उनकी प्रतिमा की स्थापना होती है। गणेश चतुर्थी के पर्व में पहले दिन यानी चतुर्थी के दिन घर में या किसी सार्वजनिक पंडाल में गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना होती है। उनका अभिषेक किया जाता है। उनके प्रिय फूलों, फलों और मोदकों से उनकी पूजा होती है। माना जाता है कि बड़े पैमाने पर धूमधाम से गणेश चतुर्थी का पर्व महाराष्ट्र में मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज ने शुरू किया था और बाद में आजादी की लड़ाई के दौरान लोकमान्य तिलक ने इसे आधुनिक, सामाजिक और सामुदायिक रूप दिया था। गणेश जी का भारत के सनातन समाज में बहुत महत्व है। इसीलिए उन्हें गणों का देवता यानी लोगों का भगवान कहा जाता है।

गणेश जी के जन्म को लेकर कई कहानियां हैं। इनमें जो एक सबसे ज्यादा मशहूर है, शिवपुराण की इस कथा के मुताबिक, एक दिन माता पार्वती ने स्नान करने जाने से पूर्व अपने शरीर के मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपनी रक्षा के लिए द्वारपाल बनाकर खड़ा कर दिया। लेकिन उसी समय घर में भगवान शिव आ गये और जब उन्होंने घर में प्रवेश करने की कोशिश की तो उन्हें इस वीर बालक ने रोक दिया। इस पर शिवजी के गणों ने इस बालक से भयानक युद्ध किया, परंतु लड़ाई में उसे पराजित नहीं कर सके, जिससे क्रुद्ध होकर भगवान शिव ने अपने त्रिशूल से इस बालक का सिर काट दिया। यह देख और जानकर भगवती शिवा बहुत क्रुद्ध हुईं और



उन्होंने प्रलय करने की ठान ली तभी सभी देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर मां जगदंबा की स्तुति करके उन्हें किसी तरह से शांत किया। तब शिवजी के निर्देश पर विष्णु जी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव हाथी का सिर काटकर ले आये और मृत्युंजय रूद्र ने उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। मां पार्वती अपने बालक को जीवित देखकर हर्षातिरेक से उसे अपने गले लगा लिया और उसके देवताओं में अग्रणी होने का आशीर्वाद दिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने भी उस बालक को अग्रपूज्य होने का वरदान दिया।

गणेश चतुर्थी का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश ही इस ब्रह्मांड में व्यवस्था बनाते हैं। इसलिए जब लोग कोई नया काम शुरू करते हैं, कोई नया संकल्प लेते हैं, कोई नई बौद्धिक यात्रा शुरू करते हैं या व्यावसायिक उद्यम, तो वह सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा करते हैं। गणेश चतुर्थी के पर्व को देश में इसलिए भी धूमधाम से मनाया जाता है कि मुगलों के शासन के दौरान जब वे चुन चुनकर देश की सनातन संस्कृति को नष्ट कर रहे थे, तब छत्रपति शिवाजी ने अपनी माता जीजाबाई के साथ गणेश चतुर्थी का पर्व सार्वजनिक रूप से मनाये जाने की शुरूआत की थी। तब से गणपति का यह त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। गणपति की पूजा का धार्मिक महत्व किसी भी दूसरी पूजा से ज्यादा है। माना जाता है कि गणपति की साधना करने पर हर किसी को सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। गणपति की कृपा से साधक के सभी दुख दूर होते हैं और बल, बुद्धि और विद्या का आशीर्वाद प्राप्त होता है। गणपति पूजा में सिंदूर और दूर्वा का इस्तेमाल अवश्य करना चाहिए, ये दोनो ही चीजें गणेश जी को बहुत पसंद हैं।

गणपति की पूजा में प्रसाद का भी बहुत महत्व होता है। केला, गन्ना, श्रीफल, मोदक, मोतीचूर का लड्डू आदि गणपति की पूजा में चढ़ाये जाते हैं। ज्योतिष के मुताबिक गणपति की पूजा करने पर ग्रहों से जुड़े सभी शुभ फल प्राप्त होते हैं। गणपति सुख, संपत्ति और सौभाग्य प्रदान करने वाले देवता हैं, इसलिए हर सनातन धर्म मानने वाले को गणपति की पूजा करनी चाहिए।

# जब हर महिला दिखना चाहती है मराठन

गणेश चतुर्थी सिर्फ धार्मिक और आध्यात्मिक पर्व ही नहीं है बल्कि यह दस दिन का एक ऐसा उल्लासपूर्ण उत्सव है, जिसका महिलाएं पूरे साल इंतजार करती हैं। क्योंकि गणपति के ये दस दिन उन्हें सजने संवरने का भरपूर मौका देते हैं। साथ ही गणपति और दुर्गा पूजा देश के ये दस दिनों तक चलने वाले ऐसे पर्व हैं, जिनमें अभी भी मॉर्डनिटी से ज्यादा परंपरा वाले लुक ही ज्यादा आकर्षक माने जाते हैं। इसलिए जहां गणपति महोत्सव के दस दिनों में महिलाएं भरपूर महाराष्ट्रियन लुक में दिखना चाहती हैं, वहीं दुर्गा पूजा के दौरान हर महिला प्योर बंगाली लुक चाहती है, तो आइये देखें कि इस गणेश चतुर्थी के महापर्व में पूर्ण महाराष्ट्रियन लुक पाने के लिए हमें क्या करना होगा? इसके लिए सबसे पहले जरूरी है नउवारी साड़ी। जी हां, नउवारी साड़ी एक खास तरह की साड़ी होती है, जिसे हर महाराष्ट्रियन महिला कम से कम गणपति पर्व के दौरान जरूर पहनती है। अगर आपके दिमाग में नउवारी साड़ी का यकायक चित्र न बन रहा हो तो बाजीराव मस्तानी, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, पानीपत जैसी फिल्मों को याद करिये, इन फिल्मों में प्रियका चोपड़ा, कंगना रनौत और दीपिका पादुकोण ने नउवारी साड़ी पहनकर ही अपने रूप का जादू बिखेरा है। यह साड़ी दूसरी साड़ियों से अलग होती है। दूसरी साड़ियां जहां आमतौर पर 6 मीटर लंबी होती हैं, वहीं नउवारी साड़ी की लंबाई 9 मीटर के आसपास होती है और इसे पहना भी अलग तरह से जाता है। यह मराठा संस्कृति की पहचान है। गणेश चतुर्थी का पर्व शुक्लपक्ष की चतुर्थी से लेकर भादो पूर्णिमा तक खूब धूमधाम से मनाया जाता है। इन दस दिनों में महाराष्ट्र में महिलाएं नउवारी साड़ी में ही दिखती हैं। इसलिए आप भी इस गणपति पर्व में महाराष्ट्रियन स्टाइल में नउवारी साड़ी पहनकर अपनी खूबसूरती का जादू बिखेरें। महाराष्ट्रियन लुक पाने के लिए दूसरी महत्वपूर्ण चीज होती है नाक में मराठी नथ और बालों के जूड़े में ताजे फूलों का गजरा। अगर आप माधुरी दीक्षित की कुछ सबसे पसंदीदा तस्वीरों को याद करें तो इनमें नाक में नथ और गजरा वाली तस्वीरें जरूर होंगी। पहले ये खास मराठी नथ महाराष्ट्र में ही मिला करती थी। लेकिन अब ये नथें देश के हर कोने में मिल जाती हैं, खासकर बाजीराव मस्तानी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा ने काशीबाई के रूप में जो मस्तानी लुक वाली नथ पहनी थी, वह नथ अब हर जगह मिलती है। वास्तव में ये पुनेरी नथ होती है, जो इन दिनों बाजीराव मस्तानी या मस्तानी नथ के रूप में ज्यादा विख्यात है। लेकिन ये अकेली नथ नहीं है। वास्तव में महाराष्ट्र में खास मौकों पर महिलाओं द्वारा पहनी जाने वाली नथें सात तरह की होती हैं जिन्हें बानु नथ, करवारी नथ, पुनेरी नथ, मस्तानी नथ, पेशवाई नथ, पाचु नथ और डायमंड नथ के रूप में जानते हैं।

## आप की बात

### आदमखोर वन्यजीव

प्रदेश के कई जिलों में आदमखोर हो चुके वन्य जीवों ने जीना मुहाल कर दिया है। बहराइच में पहले भी कई बार वन्यजीव मानव बस्तियों में घुसकर कई लोगों की जान ले चुके हैं। बीते दो महीने से जिस तरह भूखे भेड़ियों का आतंक है, उससे लोगों का जीवन संकट में पड़ गया है। वन विभाग और पुलिस की टीमें भेड़ियों को मारने के लिए दिन-रात प्रयास कर रही हैं, लेकिन अभी भी पूरी तरह से सफलता नहीं मिली है। उल्टे वन्यजीवों के हमलों का सिलसिला बढ़ता ही जा रहा है और अब तो कई जिलों में यह पहुंच गया है। बहरहाल हाल मानव और वन्यजीवों के बीच यह संघर्ष कोई नया नहीं है। जंगल के किनारे की बस्तियों में यह होता ही रहता है, ऐसे में लोगों को डरने के बजाय सावधानी बरतनी चाहिए।

**अनुज कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### बढ़ते घृणित अपराध

देश में महिलाओं के साथ घृणित अपराध बढ़ते ही जा रहे हैं। इनको रोकने के लिए जितने प्रयास होते हैं, उनका कोई सार्थक परिणाम अभी तक नहीं निकला है। लेकिन जब सियासत भी अपराधियों के बचाव में आ जाये तो फिर इन मामलों में न्याय मिलना बहुत कठिन हो जाता है। अपनी तरफ से राज्य प्रशासन और आरजीकर मेडिकल कालेज ने इस जघन्य अपराध को दबाने, छिपाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी थी। यह देश का दुर्भाग्य है कि जिन्हें हम 'जीवन-रक्षक' मानते हैं, धरती का भगवान भी कहते हैं, ऐसी ही एक महिला डॉक्टर के साथ बर्बर बलात्कार और जघन्य हत्या का सैतानी तांडव किया गया। उनके साथी डॉक्टर ही नहीं, देश भर के डॉक्टरों का रोष और आंदोलन अब भी जारी है। करीब 3-4 लाख चिकित्सक देश भर में विरोध-प्रदर्शन को बाध्य किए गए हैं, लिहाजा अपने दायित्व को भी पीछे छोड़ कर वे अपने अस्तित्व और सुरक्षा की लड़ाई लड़ रहे हैं। देश में महिला डॉक्टर और नर्स, अस्पताल के परिसर में होने के बावजूद, सुरक्षित नहीं हैं। इस जघन्य कांड को अंजाम देने वाले इनसान नहीं हो सकते, बल्कि मानवीय मुखौटे में राक्षस हैं। कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का यह मामला एक और दिल्ली के 'निर्भया कांड' जैसा ही जघन्य है। महिला डॉक्टर की आंखों में उसके चश्मे का शीशा घुस गया, क्योंकि राक्षसों ने चश्मे पर भी वार किया था। डॉक्टर के प्राइवेट पार्ट और छाती पर काफी गहरी चोट के निशान मिले हैं। इस जघन्य कृत्य में तमाम विरोधों और प्रदर्शनों के बीच सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि आखिर कब अपराधी फांसी तक पहुंचेंगे।

**अनुज कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिले पूर्व सांसद, दिलाया मदद का भरोसा

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधान सभा के खंडासा क्षेत्र की पीड़िता दलित बालिका के परिजनों से पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। तथा हर प्रकार की सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से वार्ता कर रायपट्टी से फौजी के पुरवा तक की सड़क को अविलम्ब बनाए जाने को कहा। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि पीड़िता के परिवारीजनों से मुलाकात की गई। उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पीड़ित परिवार को हर प्रकार की सरकारी सहायता दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी को पकड़ा गया है। मामले में कठोर कार्रवाही की जाएगी।

पीड़िता के परिजनों से मिलने वालों में महंत राजू दास, अखंड प्रताप सिंह डिम्पल, राधेश्याम त्यागी, राम प्रगट रावत, संतोष मिश्र, राकेश सिंह, अंगद सिंह, विष्णु सिंह, दीपक शुक्ला, देवेन्द्र सिंह, ब्रहम प्रकाश शुक्ला, उत्तम सिंह, हरिओम पाण्डेय सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शमिल रहे।

# शिक्षक ही कर सकता है शिक्षित और सभ्य समाज का निर्माण : डॉ. मंजूषा मिश्रा

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** शिक्षित एवं सभ्य समाज का नवनिर्माण शिक्षक ही कर सकता है और राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षक द्वारा किया गया प्रयास अतुलनीय है। उक्त विचार यूथ हॉस्टल

**● यूथ हॉस्टल ने पांच शिक्षकों का किया सम्मान**

एसोसिएशन ऑफ इंडिया की साकेत इकाई अयोध्या के तत्वाधान में शिक्षक सम्मान समारोह में मनूचा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मंजूषा मिश्रा ने व्यक्त किए। सम्मान समारोह में विभिन्न शिक्षा क्षेत्र के चुनिंदा गुरुओं का सम्मान कर सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं संस्थापक जर्मन शिक्षक सर रिचर्ड सरमन को याद किया गया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री अनूप मल्होत्रा के निर्देशन में आयोजित इस समारोह में उच्च शिक्षा संवर्ग में साकेत महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रणय त्रिपाठी , चिकित्सा शिक्षा संवर्ग में राजकीय डॉ बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पंकज मिश्रा, माध्यामिक संवर्ग से जनता अवध इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री वीर विक्रमादित्य सिंह, बेसिक शिक्षा संवर्ग से पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिरौली की श्रीमती शशि साहू एवं सीबीएसई संवर्ग से यश विद्या मंदिर के सहायक अध्यापक श्री आनंद सिंह का सारस्वत सम्मान यूथ हॉस्टल उत्तर प्रदेश राज्य शाखा की सांस्कृतिक संवर्धन कमेटी की चेयरमैन प्राचार्या डॉ मंजूषा मिश्रा एवं वरिष्ठ कवियत्री पूर्व प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश मल्होत्रा ने समारोह पूर्वक किया। समारोह में इकाई के बेस्ट ट्रैकर धनंजय तिवारी, प्रशांत केसरवानी एवं भारती पाठक का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का सफल संचालन इकाई सचिव विवेकानंद पांडेय ने किया। इस अवसर पर इकाई अध्यक्ष अनुज कुमार वैश्य भज्जा, इकाई उपाध्यक्ष शीतला पांडेय, आशीष महिंद्रा, विवेक जैन, दीपक रस्तोगी, अवधेश अग्रहरि, बृजेंद्र कुमार दूबे, डॉ अंबिकेश त्रिपाठी, मनीष देव, राम लखन, अंश जायसवाल, वन्दना पांडेय एवं बड़ी संख्या में यूथ हॉस्टल सदस्य मौजूद रहे।

# 20 एसी इलेक्ट्रिक बसें बड़े शहरों से जुड़ेगा अयोध्या धाम



**अयोध्या।** अयोध्या के प्रसिद्ध रामजन्मभूमि मंदिर मे भगवान रामलला के विराजमान होने के बाद अयोध्या मे प्रतिदिन लाखों की संख्या मे श्रद्धालु प्रतिदिन अयोध्या पहुंच रहे हैं। ऐसे में, श्रद्धालुओं को यातायात की सुविधाएं प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यूं तो सैकड़ों बसों का संचालन किया है। मगर, अब देश विदेश से आनेवाले तीर्थयात्रियों को इलेक्ट्रिक बेस्ड एसी बसों की सुविधा प्रदान करने के लिए योगी सरकार ने बीड़ा उठाया है। इसके प्रथम चरण मे अयोध्या से विभिन्न शहरों के लिए 20 एसी बसें चलाने का निर्णय लिया है।

योगी सरकार की मंशा है कि अयोध्या को प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों से जोड़ा जाए जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम बन सके। इसके लिए सरकार ने अयोध्या से 200 से 250 किमी की दूरी वाले शहरों व धार्मिक स्थलों तक एसी बस चलाने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रथम चरण मे 20 एसी बसें अभी संचालित की जाएंगी। ये बसें अयोध्या से प्रयागराज, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, बस्ती, अमेठी, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, गोंडा व बाराबंकी के बीच संचालित की जाएंगी। इससे इन शहरों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

अयोध्या से शीघ्र प्रारम्भ होने वाली 20 एसी बसें कई सुविधाओं से लैस रहेंगी। महाकुंभ मेले में अयोध्या से इसी प्रकार की और अधिक बसें संचालित होने की है उम्मीद है। इलेक्ट्रिक बस के संचालन से स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन को बल मिलेगा, साथ ही इससे सड़क परिवहन में जैविक इंधन युक्त वाहनों के चलने से होने वाले वायु प्रदूषण में कमी आएगी। वातानुकूलित बस होने पर तीर्थ यात्रियों को प्रतिकूल मौसम मे भी तीर्थाटन करने मे सुविधा मिलेगी। इस परियोजना के अंतर्गत अयोध्या शहर में स्वच्छ-ऊर्जा आधारित सार्वजनिक परिवहन विभाग के कार्यबल में भी विस्तार किया जाएगा।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**बहराइच ।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह सितम्बर के प्रथम शनिवार 07 सितम्बर 2024 को तहसील नानपारा में जिलाधिकारी तथा तहसील महसी में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

मतदेय स्थलों के सम्भाजन सम्बन्धी बैठक 09 सितम्बर को

बहराइच 06 सितम्बर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में अवस्थित मतदेय स्थलों के सम्भाजन की सूची का प्रकाशन 11 सितम्बर 2024 को प्रस्तावित है। तत्क्रम में मतदेय स्थलों की सूची का आलेख्य प्रकाशन से पूर्व 09 सितम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई है। श्री रंजन ने समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं मंत्री से अपेक्षा की है कि बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## मृतक अंजली के आश्रित के खाते में भेजी गयी 05 लाख की अहैतुक सहायता

**बहराइच ।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम गरेठीगुरूदत्तसिंह 02 सितम्बर को देर रात्रि हिंसक वन्य जीव के हमले मृतक अंजली पुत्री कमल के वारिस कमल पुत्र भगई, निवासी ग्राम गरेठीगुरूदत्तसिंह, तहसील महसी, बहराइच के बैंक खाते में अहैतुक सहायता (जनहानि) के रूप में रू. 05.00 की सहायता राशि 04 सितम्बर 2024 को हस्तान्तरित कर दी गई है।

## आहरण वितरण अधिकारियों की बैठक आज

**बहराइच ।** वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि प्रधान महालेखाकार के निरीक्षण दल द्वारा सामान्य भविष्य निधि से सम्बन्धित विसंगतियों के निराकरण, लेखे सम्बंधी विसंगतियों एवं ए.सी./डी.सी. बिल, प्राप्त सहायता अनुदानों के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण पत्र पर विचार विमर्श किये जाने हेतु जनपद के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों के साथ 07 सितम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:30 बजे कोषागार में बैठक आयोजित की गयी है।

## नियम विरुद्ध संचालित माध्यमिक विद्यालयों के विरुद्ध संचालित होगा अभियान

**बहराइच ।** जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने जिले के राजकीय, अशासकीय एवं वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि विद्यालय में प्रदान की गयी मान्यता के अनुरूप ही वर्ष 2024-25 में बोर्ड परीक्षा हेतु अर्ह विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाय। प्रधानाचार्यों को यह भी निर्देश दिया गया है कि यदि उनके विद्यालय परिक्षेत्र में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की मान्यता प्राप्त न करने वाले शिक्षण संस्थानों द्वारा किसी विशेष वर्ग की मान्यता न होने पर उससे सम्बन्धित प्रवेश दिये जाने अथवा कक्षायें संचालित की जाती है तो इसकी सूचना भी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को तत्काल उपलब्ध करायें। डीआईओएस ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार अवैध रूप में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट कक्षाओं अथवा अमान्य वर्गों/विषयों की कक्षाओं का संचालन करने वाले विद्यालयों के जिला स्तर पर सघन अभियान संचालित किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान नियम विरूद्ध विद्यालयों का संचालन पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही हेतु संस्तुति कर दी जायेगी।

# पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, साथी फरार



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** थाना खंडासा क्षेत्र के एक गांव में एक दलित किशोरी के साथ गैर समुदाय के युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने के मामले में खंडासा पुलिस केस दर्ज होते ही एक्टिव मोड में आ गई। गुरुवार रात

**● दलित किशोरी के साथ गैर समुदाय के युवक द्वारा दुष्कर्म का मामला**

थाना क्षेत्र के विनायक पुर मोड़ पर पुलिस और आरोपियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया है। उसके पैर में गोली लगी है। जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया है। खंडासा पुलिस टीम द्वारा देर रात वाहन चेकिंग की जा रही थी। पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को रात करीब नौ बजे सतनापुर नहर के विनायकपुर मोड़ पर रोका गया। रोके जाने पर संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। आत्मरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग किये जाने पर एक के दाहिने पैर में गोली लगी और दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पूछताछ करने पर घायल व्यक्ति ने अपना नाम शहबान निवासी ग्राम रायपट्टी थाना खंडासा बताया और फरार होने वाले व्यक्ति का नाम मोनू निवासी रायपट्टी थाना खंडासा जनपद अयोध्या बताया। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ दोनों एससी-एसटी एक्ट व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना खंडासा जनपद के वांछित हैं। 20 दिन पहले आरोपी ने 16 वर्षीय किशोरी को फोन कर नहर की पटरी पर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने जब विरोध किया तो आरोपी अपने एक साथी के साथ युवती और उनके परिजनों को जान से मार देने की धमकी देना शुरू कर दिया था। बुधवार को पीड़ित किशोरी ने अपने पिता के साथ पुलिस को आप बीती सुनाई थी जिस पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। मुठभेड़ में एक बिना नम्बर की काले रंग की मोटरसाइकिल, एक तमन्चा व कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर महेन्द्र कुमार, विक्रम सिंह आदि शामिल रहे।

**किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना लव जिहाद सरीखी**

मिल्कीपुर-अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म की घटना लव जिहाद सरीखी है। पीड़ित किशोरी से आरोपी सहबान ने अपनी पहचान छुपा कर पहले आनंद बनकर बातचीत शुरू की लेकिन जब किशोरी को यह जानकारी हुई की वह आनंद नहीं सहबान है तो उसने आरोपी से बातचीत बंद कर दी। इसके बाद ही आरोपी ने पीड़िता को तरह-तरह की धमकियां देना शुरू कर दी। इसकी पुष्टि पीड़िता द्वारा दिए गए एक बयान से हो रही है जो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पीड़िता कह रही है कि जब उसने आरोपी से बातचीत बंद की तो उसने कहा कि धर्म अलग है लेकिन खून सब का एक जैसा है। एक दिन वह किसी काम से बाहर निकली थी तो सुनसान जगह पर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया लेकिन इज्जत के डर से उसने घर वालों को यह बात नहीं बताई। और घर से निकलना बंद कर दिया। आरोपी ने घर के मोबाइल पर फोन कर धमकाया कि बात करा दो नहीं तो सबको मारेंगे। माता-पिता और घर वालों को फोन के बाद ही घटना की जानकारी हुई।

## अवध विवि में आज शुरू होगी इण्टरनेशनल कांफ्रेस

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में संस्टेंनेबल प्रिटिंग एण्ड पैकेजिंग विषय पर चार दिवसीय इण्टरनेशनल कॉन्फ्रेंस में देश विदेश के विशेषज्ञों का जमावड़ा होगा। परिसर के स्वामी विवेकानंद सभागार में 07 व 08 सितम्बर को भारत सरकार के सहयोग से विश्वविद्यालय व ऑफसेट प्रिंटिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित इण्टरनेशनल कॉन्फ्रेंस में विदेशों एवं भारत के 60 से अधिक विशेषज्ञ शामिल होंगे, साथ ही इसी दिन पुस्तक प्रदर्शनी लगाई जा रही है जिसमें ख्यातिलब्ध लेखकों की पुस्तके लोगों को आसानी से मिल सकेंगी। इस कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ 07 सितम्बर को प्रातः 09 बजे होगा, तत्पश्चात 11 बजे उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी, बिहार के कुलपति संजय श्रीवास्तव होंगे।

## कुत्ते के हमले में घायल हुए थे संगम लाल: डीएफओ

**बहराइच ।** तहसील महसी अन्तर्गत रेंज बहराइच के ग्राम जादवपुर के मजरा लोधनपुरवा में 05 सितम्बर 2024 की रात्रि लगभग 09:20 बजे तथा 06 सितम्बर 2024 को प्रातः 09:00 बजे किसी जानवर द्वारा किये गये हमलों के सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि 05 सितम्बर की रात्रि लगभग 09:20 बजे स्थानीय निवासी मैकूलाल के 14 वर्षीय पुत्र संगम लाल पर जानवर द्वारा हमले की घटना सामने आने पर तत्काल स्थानीय वनकर्मी मौके पर पहुँचे किन्तु वहाँ पर किसी भेड़िया के पगचिन्ह नहीं मिले, जिससे भेड़िया के हमले की पुष्टि हो सके। परन्तु मौके पर ग्रामीणों एवं घायल द्वारा भेड़िया का हमला बताया जा रहा था।

हमले में घायल हुए संगम लाल को उसके परिजनों द्वारा तत्काल चिकित्सा हेतु जिला चिकित्सालय लाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। डीएफओ ने बताया कि पुनः 06 सितम्बर को प्रातः 09:00 बजे यह सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जादवपुर के मजरा लोधनपुरवा से कृपाराम पुत्र तुलसी, उम्र लगभग 65 वर्ष एवं उनके पोते सत्यम पुत्र सोनू, उम्र लगभग 04 वर्ष पर किसी जानवर द्वारा हमले की सूचना प्राप्त हुई। तत्काल विभागीय स्टाफ मौके पर पहुँचा। जहां पर किसी भेड़िया के पदचिन्ह नहीं मिले। यहां पर घायल के परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा इसे कुत्ते का हमला बताया गया, जिसे बाद में ग्रामीणों द्वारा मार दिया गया। घायल कृपाराम द्वारा भी मृत कुत्ते को देखकर कहा गया कि उपरोक्त हमला उसी कुत्ते के द्वारा किया गया है। जिसे बाद में ग्रामीणों द्वारा मार दिया गया था। इस प्रकार हमले की घटनाएँ कुत्ते के द्वारा कारित की गयी हैं।

# कजरी तीज पर निकली शोभायात्रा का जगह - जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत

एस.पी.मिश्रा



**बहराइच।** श्री सिद्धनाथ बाबा कावंड़िया संघ द्वारा कजरीतीज महोत्सव अवसर पर महाकाल की शाही सवारी श्री मरी माता मंदिर से निकाली गई जिसका नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा भृमण कर पाण्डव कालीन सिद्ध पीठ श्री सिद्धनाथ

**● सिद्धनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़**

मठ मंदिर पहुँचने पर वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी रवि गिरी जी , नागा बाबा ह्रदेश गिरी व नागा साधु उमाकांत गिरी ने स्वागत कर प्रसाद वितरण कराया। यहाँ हरितालिका तीज पर विधि विधान के सुहागिनों ने निर्जला उपवास रखकर पति की दीघार्यु सुख समृद्धि, उन्नति, प्रगति, और यश की कामना भगवान भोलेनाथ से की। सिद्धनाथ पीठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रवि गिरी जी ने बताया कि आज के दिन मां पार्वती ने शिव जी को पति रूप में प्राप्ति हेतु व्रत रखा था।

इसी लिए व्रत में भगवान शिव और मां पार्वती का पूजन विधि विधान से किया जाता है। सोलह श्रृंगार के साथ तीज व्रत धर्म का पालन करते हुए सुहागिनो पूरे भक्ति भाव के साथ हरितालिका तीज व्रत किया इस पवित्र मौके पर सौभाग्यवती महिलाओं ने लाल रंग वह हरे रंग के नए वस्त्र पहनकर मेहंदी लगाकर सोरह श्रृंगार किए पुरोहित द्वारा बताएं शुभ मुहूर्त में भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा अर्चना की साथ ही हरितालिका तीज की कथा सुनकर पति के लंबी उम्र होने की कामना की। तीज पूजन के दौरान सुहाग में महिलाओं में माता पार्वती पर सुहाग का सभी सामान चढ़ाया और और सुख समृद्धि एवं पति की दीघार्यु की प्रार्थना की सुहागानों ने भगवान शिव से सौभाग्य की रक्षा करने की भी मंगल कामना की। शिव मंदिरों में भोर से ही भोलेनाथ के भक्तों की लम्बी लम्बी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। शुक्रवार सुबह से ही गांव से लेकर शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में महिला भक्तों का भीड़ उमड़ गई हरितालिका तीज पर निर्जला व्रत रख महिलाओं व कुंवारी कन्याओं ने शिवजी की पूजा अर्चना की महिलाओं ने भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव का भव्य श्रृंगार कर पूजन किया वहीं घरों पर भी पूजा पाठ आरती किया। जबकि कई महिलाओं ने भगवान शिव की कथा भी सुनी। हरितालिका पूजन के लिए सुबह से ही महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्रों और नगरीय बाजारों के शिव मंदिरों में भक्तों का आना-जाना लगा रहा इस दौरान शिव मंदिर में भी खास चहल-पहल रहा। और चप्पे चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस के अधिकारियों के साथ जवान मुस्तैद रहे।

# विद्यालय के बच्चे सड़क पर ढोते मिले पानी, वीडियो हुआ वायरल



**सोहावल-अयोध्या।** क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में मनमानी और बच्चों का शोषण कोई नई बात नहीं है। लेकिन जब कोई वीडियो और फोटो वायरल होकर सामने आता है। विभाग को शर्मसार होना पड़ता है। लोगों में गुस्सा दिखाई पड़ता है। शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय कोला के चार बच्चे स्कूल के लिए पानी ढोते पाये गये। शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए 20 लीटर के दो डिब्बों के साथ दो पानी के बोतल भरकर सड़क पर लाते मिले। ग्रामीण और गांव निकासी सामाजिक कार्यकर्ता लाल मोहम्मद ने इनका वीडियो बना वायरल कर दिया। विभागीय अधिकारी स्कूल प्रबंध तंत्र सब सकते में आ गए। नौनिहालों को पठन पाठन से दूर रखकर शोषण किए जाने की इस वायरल वीडियो के सम्बन्ध में पूंछे जाने पर क्षेत्र की बीईओ रविता राव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मौजूद शिक्षकों की इस घोर लापरवाही की जांच और कार्रवाई तय की जायेगी।

## लोक अदालत का आयोजन 14 को

**बहराइच ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 14 सितम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), वैवाहिक वादों (तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृतिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद व अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विनिर्दिष्ट अनुपालन वाद इत्यादि), प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

## भेड़िया से प्रभावित क्षेत्र का वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच ।** प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि बहराइच रेंज के अन्तर्गत तहसील महसी के लगभग 25 से 30 ग्रामों में भेडियों द्वारा किये जा रहे हमले के दृष्टिगत नियंत्रण/शमन की कार्यवाही के तहत हिंसक वन्य जीव भेड़िया के सक्रियता/प्रभावित क्षेत्रों को तीन सेक्टरो में विभाजित किया गया है। प्रभावित क्षेत्रों का विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिन एवं रात्रि में भ्रमण किया गया।

भ्रमण के दौरान सभी सेक्टर प्रभारियों से वार्ता कर हिंसक भेड़िया को रेस्क्यू करने की रणनीति बनाये जाने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही हिंसक भेड़िया के रेस्क्यू सम्बन्धित समस्त संसाधनों का भी अनुश्रवण किया गया। हिंसक वन्य जीव की सूचना प्राप्त होने पर प्रतिक्रिया समय को कम करने हेतु निर्देशित किया गया।

वन विभाग, पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए हिंसक भेडिया से प्रभावित क्षेत्र का रात्रि में गश्त किया गया, जिससे रात्रि में कोई भी घटना प्रकाश में नहीं आयी। प्रातःकाल से प्रभावित क्षेत्रों की थर्मल ड्रोनों की सहायता से हिंसक भेड़िए को खोजने की कार्यवाही की गयी। इसके अलावा कछारी क्षेत्र में पैदल काम्बिंग कर हिंसक भेड़िए को खोजने की कार्यवाही भी की गयी।

वन प्रभाग स्तर पर स्थापित कमाण्ड सेंटर द्वारा सूचनाओं को प्राप्त कर प्रभावित क्षेत्र के सेक्टर-1, 2 व 3 में कार्यरत टीमों को आवश्यक निर्देश दिये गये तथा सेक्टर-3 के क्षेत्र में ग्राम पंचदेवरी के कछारी क्षेत्र में थर्मल ड्रोन की सहायता से हिंसक भेड़िए को देखा गया।

हिंसक भेड़िए को रेस्क्यू करने की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही प्रशासन की विभिन्न टीमों के साथ जन जागरूकता का कार्यक्रम किया जा रहा है।

पुलिस तथा वन विभाग की टीम संयुक्त रूप से ग्रामों में गश्त कर रही है तथा सायंकाल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामवासियों से अपील की गयी कि वह अपने बच्चों का ख्याल रखें और घर के अन्दर दरवाजा बन्द करके ही सोयें।

# हैरिंग्टनगंज में प्रधानमंत्री खेल स्पर्धा का आज होगा शुभारम्भ



**अयोध्या।** ब्लाक स्तर की प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता हैरिंग्टनगंज ब्लाक के शहीद रामसूरत इंटर कालेज के सामने देहली बाजार मार्ग में सात व आठ सितम्बर को आयोजित होगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व सांसद लल्लू सिंह करेंगे। समापन के अवसर पर प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता में वालीबॉल, रस्सीकसी तथा कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। लोकसभा क्षेत्र के अन्य ब्लाकों में भी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसके विजेता तथा उपविजेता टीमों का लोकसभा स्तर पर फाइनल खेला जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर मसौधा ब्लाक के एमजेएस स्कूल भरतकुंड तथा सोहावल ब्लाक के जनसमाज इंटर कालेज में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में पूर्व सांसद ने समिति के सदस्यों से आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सोहावल ब्लाक की बैठक में पूर्व सांसद ने कहा इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को बल मिलता है। आयोजन समिति के सदस्य इसका प्रयास करें कि प्रतियोगिता में अधिक से अधिक ग्राम पंचायत तथा क्षेत्र की अन्य टीमें प्रतिभाग करें। जिससे अधिक से अधिक प्रतिभाओं को मंच मिल सके। सोहावल की बैठक में जनसमाज इंटर कालेज के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार वर्मा, अयोजन समिति के अध्यक्ष राज नारायन तिवारी, सचिव सिद्धार्थ सिंह, सुरेंद्र रावत, रवि कुमार सिंह, दयानाथा पाण्डेय, मसौधा की बैठक में आयोजन समिति की अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश वर्मा गुड्डू, सचिव ऋषि मिश्रा, उपाध्यक्ष माता प्रसाद वर्मा, सियाराम निषाद, लोकेश द्विवेदी सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## फंदे से लटकता मिला बंगाली चिकित्सक का शव

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** थाना खंडासा क्षेत्र के अमरगंज बाजार में एक निजी चिकित्सक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी होते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। पश्चिम बंगाल निवासी विश्वजीत (35) पिछले कई वर्षों से लक्ष्मी क्लीनिक (बंगाली दवाखाना) चलाते थे। क्लीनिक की बिलि्डग में ही उनका आवास भी था। वर्तमान समय में विश्वजीत अकेले ही रह रहे थे। उसकी पत्नी और बच्चे बंगाल में रह रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार गुरुवार देर शाम वह प्रतिदिन की तरह क्लीनिक बंद कर अंदर चले गए थे। शुक्रवार सुबह 11:00 तक दरवाजा न खुलने पर आसपास के लोगों ने मकान के पीछे की खिड़की से देखा तो चिकित्सक का शव फंदे से लटक रहा था। क्षेत्र में क्लीनिक चलाने वाले उनके दूर के परिजन पश्चिम बंगाल के चिकित्सक भी मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खाद्यान्न का वितरण आज

**बहराइच ।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह सितम्बर 2024 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 07 से 25 सितम्बर तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। इसके अलावा अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति किलो 18 रुपए की दर से प्रति राशनकार्ड 03 कि.ग्रा. चीनी का वितरण भी किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 सितम्बर 2024 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चैहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें।

## विवाद में मारपीट, केस दर्ज

अयोध्या। थाना इनायत नगर क्षेत्र स्थित कुचेरा बाजार में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इनायत नगर पुलिस ने तहरीर मिलते ही मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

एक पक्ष से अमित कुमार तहरीर देते हुए बताया कि 2 सितंबर को विपक्षी विद्यालय की बाउंड्री वॉल गिरा रहे थे ,विरोध करने पर भद्दी- भद्दी गाली देते हुए भगा दिया। इसी बात को लेकर 3 सितंबर को विपक्षी अनिल सिंह, उत्तम सिंह, अमित सिंह, अमन सिंह, वैभव सिंह ,सतीश सिंह, संजय सिंह ,प्रार्थी के कुचेरा बाजार स्थित दुकान पर आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। बीच बचाव करने आए मित्र राकेश कुमार व मां को भी चोटे आईं। प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर अभिमन्यु शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

संक्षेप

## मारपीट में दो महिलाएं घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर।** जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो महिलाएं घायल हो गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के बरवारीपुर गांव की आशा देवी की विपक्षियों से जमीनी विवाद चल रहा था। आरोप है कि बृहस्पतिवार को सुबह 10:30 बजे विपक्षियों ने उनके घर जाकर गाली गलौज देने लगे। मना करने पर लाठी डंडे एवं लात घुसो से आशा देवी एवं उनकी देवरानी मंजू की पिटाई कर दी। जिससे दोनों को काफी चोट आई। पीड़िता आशा देवी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राममिलन, सुरसती एवम शिपी के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

## फंदे पर झूलता मिला शव

**जगदीशपुर, अमेठी।** संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव छप्पर में फंदे से झूलता देख परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। थानाक्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक के अंतर्गत मखदूमपुर मजरे टांडा गांव निवासी सुरेश कुमार उम्र लगभग पैंतीस वर्ष जिनका शव सुबह रस्सी के सहारे फंदे पर झूलता देख परिजनो मे कोहराम मच गया जानकारी होने पर लोगो का तांता लग गया घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनो से पूंछताछ करने के उपरांत शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि मौत के कारणों की जांच जारी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद राज का पर्दाफाश हो जाएगा।

## अपहृता सकुशल बरामद

**बाराबंकी।** थाना फतेहपुर पुलिस ने मुअसं 718/2024 धारा 87/317 (2) भारतीय न्याय संहिता से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया।

## 19 पर शांतिभंग की कार्यवाही

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 12 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 19 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़ने के लिए बैठक

**कादीपुर, सुलतानपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2018 की सूची में पात्र व्यक्तियों का नाम जोड़ने के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई। शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में आवास विहीन परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करना है। इस योजना का गांव-गांव व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जाए। जिससे पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण शत-प्रतिशत कराया जा सके। ध्यान रहे की किसी भी दशा में कोई पात्र व्यक्ति इस योजना के लाभ से वंचित न होने पाए। प्रत्येक दशा में जांच कर पात्र लाभार्थी का नाम सूची में जोड़ा जाए। इसके लिए सर्वेक्षण की प्रक्रिया साफ सुथरी होनी चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा बैठक आयोजित कर ग्राम वासियों की संशोधित मानक एवं सर्वेक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाए। बैठक में गांव के अधिक से अधिक लोग प्रतिभाग करं।

# पुरानी पेंशन को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों ने काला फीता बांधकर जताया विरोध



जिला संवाददाता (vol)

**सुलतानपुर।** अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार के आवाहन पर पांचवें दिन एनपीएस का विरोध करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने अपने बांहों में काला फीता बांध कर विरोध जताया। सभी कर्मियों ने एक स्वर में कहा कि हम कर्मचारियों को सिर्फ और सिर्फ पुरानी पेंशन चाहिए।

पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली को लेकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय प्रांगण में विरोध सभा का आयोजन कर कर्मचारियों को जागरूक करते हुए बताया गया कि अभी पूरे देश एवं प्रदेश में पांच दिनों तक सरकार को चेतावनी दी गई है। इसके बाद बंधु जी के नेतृत्व में अगला जो भी निर्णय लिया जाएगा उसका अनुपालन करते हुए पुरानी पेंशन हेतु संघर्ष किया जाएगा। सभी कर्मचारी पुरानी पेंशन लेने के लिए दृढ़ संकल्पित है। विरोध सभा में कर्मचारी संगठनों के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के मंत्री लक्ष्मण स्वरूप श्रीवास्तव, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गौड़,नेत्र परीक्षण अधिकारी जय भीम बौद्ध, विजय गौतम, अजीत सिंह, संतोष बरनवाल, केपी पाण्डेय, विनोद यादव, विनय जायसवाल, परीक्षित उपाध्याय, देवनाथ सहित दर्जनों स्वास्थ कर्मी मौजूद रहे।

## पांचवें दिन जारी रहा जोरदार विरोध प्रदर्शन

**सुलतानपुर।** पांच दिवसीय शांतिपूर्ण एनपीएस के विरोध में शिक्षक कर्मचारियों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर एनपीएस यूपीएस का विरोध करते हुए पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में पूरे प्रदेश एवं देश में चल रहे एनपीएस यूपीएस का विरोध तथा पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सभी शिक्षक कर्मचारी विरोध में लगे रहे। अटेवा के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह गौरा के नेतृत्व में 14 ब्लॉकों एवं जिला मुख्यालय पर स्थित समस्त विभागों में चलाए गया एनपीएस यूपीएस विरोध अभियान काफी प्रभावशाली रहा। शिक्षक कर्मचारियों ने अपनी बाहों में काली पट्टी बांधकर एनपीएस यूपीएस का विरोध किया बैठक कर आगामी रणनीति तय की गई। जिला अध्यक्ष अशोक सिंह गौरा ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने जो पुरानी पेंशन बहाली का बेड़ा उठाया है उसमें हम सभी शिक्षक कर्मचारियों अधिकारियों को साथ मिलकर लड़ना होगा तभी पुरानी पेंशन बहाली संभव हो सकती है। जिला महामंत्री मोहम्मद हशीब जी ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली हेतु जनपद पर होने वाले आगामी 26 सितंबर के कार्यक्रम में सभी शिक्षक कर्मचारी अधिकारी पहुंचकर पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को सफल बनाएं। इस मौके पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, अटेवा जिला आईटी सेल प्रभारी चन्द्रपाल राजभर, अटेवा जिला कमेटी से मनोज दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष भदैयां कामेश्वर, ब्लॉक अध्यक्ष कादीपुर अरुण कुमार सिंह, मंत्री राहुल मिश्रा, अजीत सिंह, सलीम खान, मो आदिल आदि मौजूद रहे।

## पति सहित सात लोगों पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीड़न एवं बिना तलाक दिए पत्नी को छोड़ देने के मामले में पति सहित सात लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कस्बे के तुलसी नगर मोहल्ले के शमशाद के पुत्री नसरीन बानो की शादी 6 नवंबर 2006 में अंबेडकर नगर जिले के जलालपुर कस्बे के जावेद आलम के साथ हुई थी। शादी में उपहार में सारे सामान दिए गए थे। आरोप है कि दिए गए दहेज के समान से ससुराली जन खुश नहीं थे। ससुराल के लोग दहेज में बाइक एवं एक लाख रुपए नगद मांग रहे थे। आरोप है कि दहेज न मिलने पर 26 जुलाई 2019 को गाली गलौज देते हुए नसरीन को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए सभी जेवरात एवं कीमती कपड़े लेकर घर से निकाल दिया। नसरीन को बिना तलाक दिए ही उनके पति जावेद आलम ने सिद्धार्थनगर जिले के बासी कस्बे के लोहिया नगर मोहल्ले की अफसाना खातून से दूसरी शादी कर ली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति जावेद आलम, जेठ कादिर अहमद, जेठ नबी अहमद, देवर ताहा आलम, देवर मुदस्सिर आलम, जेठानी नगीना, ननद अमीना के विरुद्ध नाम जद केस दर्ज कर लिया है।

## कार्यदायी संस्था की मनमानी से बवाल सड़क टूटने से मंत्री के पास पहुंचे लोग



**तिलोई/अमेठी।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत काम कर रही कार्यदाई संस्थाओं की लापरवाही से लोगों को तमाम नागरिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। मेसर्स गायत्री रैम्की हैदराबाद के कार्यक्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान सिंहपुर - तिलोई मार्ग पर फूला गांव के पास सड़क कटने का मामला शुक्रवार को सुर्खियों में रहा। ?जनता की शिकायत मिलने पर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने खासी नाराजगी जताई है और जिलाधिकारी से वार्ता कर सड़क को यथाशीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए हैं। सिंहपुर - तिलोई मार्ग की लम्बाई 12.8किमी है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन निर्माण के दौरान मजदूरों ने फूला गांव के पास सड़क को काफी तोड़ दिया है। आवागमन बाधित होने से लोगों ने राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह से शिकायत दर्ज कराई। राज्य मंत्री ने डी एम और अधिशासी अभियंता से वार्ता कर सड़क को यथाशीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए हैं।

**कार्यदाई संस्था की गलती से हुआ बवाल :** कार्यदाई संस्था गायत्री रैम्पी की गलती से बवाल हुआ और जल निगम के अभियंता दिन भर परेशान हुए। कार्यदाई संस्था ने लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता को जानकारी दिए बगैर सड़क तोड़ कर काम शुरू करा दिया। स्थानीय लोगों को भी कोई जानकारी नहीं दी गई। सहायक अभियंता इंजीनियर डी के गौतम ने बताया कि परियोजना के काम को आगे बढ़ाने के लिए सड़क को तोड़ा गया है, इसका रिस्टोरेशन तीन दिन के भीतर करा दिया जाएगा। सिंहपुर की फूला ग्रामीण पेयजल समूह योजना का काम अंतिम चरण में चल रहा है। पाइप लाइन का थोड़ा सा काम अवशेष हैं।

## कांग्रेस नेता ने चेयरमैन को थप्पड़ों से पीटा

**अमेठी।** बीती रात एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने गए नगर पंचायत अध्यक्ष और कांग्रेस नेता के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद कांग्रेस नेता ने अध्यक्ष पर थप्पड़ों की बारिश कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद चैयरमैन की तहरीर पर कांग्रेस नेता के खिलाफ मुसाफिरखाना थाने में संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के कस्बे का है जहां बीती रात करीब 9 बजे मुसाफिरखाना नगर पंचायत के चैयरमैन बृजेश कुमार गुप्ता रामलीला मैदान में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। यहां पहले से मौजूद कांग्रेस नेता हरिद्वार सिंह निवासी वार्ड नं पांच से नगर पंचायत में साफ-सफाई को लेकर बहस हो गई। इसके बाद कांग्रेस नेता हरिद्वार सिंह ने गाली-गलौज के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष पर थप्पड़ों की बौछार कर दी और मौके से फरार हो गए। सैकड़ों लोगों के बीच हुए विवाद के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष थाने पहुंचे और कांग्रेस नेता के खिलाफ तहरीर दी, जिसके बाद सम्बंधित धाराओं में कांग्रेस नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लोकसभा चुनाव से पहले हुए थे शामिल पूरे मामले पर एएचओ विवेक सिंह ने कहा कि बृजेश गुप्ता की तहरीर पर 115(2), 352 और 351(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## ई-रिर्सोसेज वर्कशॉप कार्यक्रम का आयोजन शुभारम्भ

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू केन्द्रीय पुस्तकालय में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्थान मे नवागत छात्रों को ई-रिर्सोसेज पुस्तकों एवं जर्नल्स का वर्कशाप कार्यक्रम का आयोजन 09 सितम्बर से आयोजित कर रहा है। जिसके तहत सभी संकाय के छात्रों को इसके उपयोग की जानकारी दी जाएगी। आज पुस्तकालय प्रभारी डॉ. राजेश पाण्डेय ने अपने पुस्तकालय सहयोगियों के साथ बैठक कर इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। केन्द्रीय पुस्तकालय समिति के समन्वयक डॉ. शक्ति सिंह ने इस आयोजन से सम्बंधित आवश्यक सुझाव दिए। संस्थान के प्रबंधक विनोद सिंह एवं प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न पुस्तकालय ही शिक्षकों और छात्रों की पठ्नीय आवश्यकता को पूरी करता है। इनकी इसी मंशा से संस्थान पुस्तकालय समृद्ध हुआ है। पुस्तकालय प्रभारी ने बताया प्रबंधक एवं प्राचार्य जी तथा पुस्तकालय समिति का सहयोग पुस्तकालय को सदैव मिलता रहता है।




# बाल संस्कार केंद्र पर बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास : डॉ. सुनील त्रिपाठी

- सेवा भारती की तरफ से हथिया नाला शमशान घाट पर चल रहा बाल संस्कार केंद्र

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राष्ट्रीय सेवा भारती की तरफ से हथिया नाला शमशान घाट पर बाल संस्कार केंद्र चलाया जा रहा है। जिसमे स्थानीय बच्चो को लाभ मिल रहा है। शुक्रवार को केंद्र पर जिला प्रचारक आशीष ने पहुंचकर बच्चों का सर्वांगीण विकास पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने बच्चो को बताते हुए कहा की बच्चे आने वाले कल के भविष्य होते है। उन्होंने बच्चो से कुछ सवाल किए तो बच्चो ने उसका अच्छे से जवाब दिया। सेवा भारती के महा मंत्री डॉ सुनील त्रिपाठी ने कहा की बाल संस्कार केंद्र में बच्चो का संपूर्ण विकास होता है। उन्होंने कहा की केंद्र पर बच्चों को गीत, पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद, योग बौद्धिक इत्यादि भी कराए जाते हैं। केंद्र से व्यक्ति से व्यक्तित्व का विकास होता है। सेवा भारती का उद्देश्य शिक्षित, सुसंस्कृत, स्वावलंबी, संगठित और सुरक्षित और समर्थ भारत विकसित करने का है। उच्च शिक्षा नागालैंड सरकार के ओएसडी रत्नेश ने कहा की बाल संस्कार केंद्र संचालित करने में यथासंभव सहयोग करते रहेंगे। राष्ट्रीय सेवा भारती के महा मंत्री डा. सुनील त्रिपाठी ने



बताया की नगर में कई बाल संस्कार केंद्र चल रहे हैं। सेवा भारती की तरफ से निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, पाठ्य दान केंद्र एवं धर्मार्थ चिकित्सालय भी संचालित किया जा रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से निवेदन किया है की सब लोग आगे आकर ऐसे पुनीत कार्य में सहयोग करें। इस मौके पर रवि शंकर शुक्ला, दान बहादुर, अभिलाख, ऋषि, राजन, हर्ष शर्मा, निखिल आदि उपस्थित रहे।

## एसपी ने किया पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**बाराबंकी।** पुलिस लाइन स्थित मेस, बैरक, व्यायामशाला, सीपीसी कैण्टीन, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, आवासीय परिसर, यूपी-112 जनपद नियंत्रण कक्ष, महिला थाना, यातायात कार्यालय का पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एस0पी ने कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन सुमित कुमार त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्र मौजूद रहे।

# डीएम ने किया बस स्टेशन का निरीक्षण



जिला संवाददाता (vol)

**अमेठी।** शुक्रवार को जिलाधिकारी निशा अनंत ने बस स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में साफ सफाई के साथ प्राइवेट वाहनों के परिसर में खड़े न करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने परिसर में बनी दुकानों के आवंटन के बारे में जानकारी ली और विभाग की ओर से बनाए गए अतिथि गृह को अधिकारियों को किराए देने के निर्देश दिए। एआर एम काशी प्रसाद ने डीएम को बताया कि दुकानों और अतिथि गृह के आवंटन के डीआरएम अयोध्या द्वारा किया जाता है। उसमें हमारा कोई रोल नहीं है।

उन्होंने कहा कि अतिथिगृह में अगर हम किसी अधिकारी को किराए पर उपलब्ध करा देंगे तो, विभाग की ओर से आने वाले उच्च अधिकारियों को कहां पर ठहराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कैंटीन का निरीक्षण किया कैंटीन संचालक को नियमानुसार सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने रोडवेज से संचालित होने वाली सभी बसों के बारे में जानकारी ली और कहा कि सभी मार्गों पर रोड चार्ज के अनुसार बस का संचालन किया जाए जिससे जिले के लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा आने-जाने में ना हो। रोडवेज से इस समय 42 बसें संचालित की जा रही है। इस अवसर पर तहसीलदार सूरज प्रताप, नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी अभिनव यादव, चैयरमैन के प्रतिनिधि फूलचंद कसौधन के साथ सभी रोडवेज कर्मी मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग के स्टोर व वर्कशाप का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज 132 विद्युत उपकेंद्र परिसर में बने विद्युत विभाग के स्टोर तथा वर्कशॉप का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टोर में मौजूद संसाधनों के बारे में विस्तार से जानकारी ली, स्टोर कार्यालय में विद्युत पोल, तार व ट्रांसफार्मर आदि सामानों की उपलब्धता के लिए लगे बोर्ड का निरीक्षण किया साथ ही स्टोर के एसडीओ डीआर सिंह से मौजूद संसाधनों के बारे में पूछताछ की। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान स्टोर में मांग और आपूर्ति में अंतर का ब्यौरा भी लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों द्वारा नलकूप कनेक्शन के लिए किए गए आवेदनों की स्थिति और उस आवेदन पर कर्मियों द्वारा की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी ली तथा लंबित आवेदनों को अविलंब निस्तारित करने का निर्देश दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने ट्रांसफार्मर वर्कशॉप का निरीक्षण किया वहां पर मौजूद कर्मियों से ट्रांसफार्मर की क्षमता, मेंटेनेंस का तरीका, ट्रांसफार्मर फुकने के कारणों के बारे में जानकारी ली साथ ही ट्रांसफॉर्मर रिपेयर तथा फाइनल टेस्टिंग की पूरी प्रक्रिया का गहनता से निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत संजय गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## 3 ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार, चोरी 4 बाइक बरामद

**बाराबंकी।** थाना देवा पुलिस ने अन्तर्जनपदीय 3 शातिर आटोलिफ्टरो को चोरी की 4 बाइक बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने माती-बेहटा मार्ग, सरसौंदी मोड़ पर चेकिंग के दौरान अन्तर्जनपदीय 3 अभियुक्तों/आटोलिफ्टर शिवराज पुत्र मनोहर निवासी बंकी दक्षिण टोला थाना कोतवाली नगर, अमित पुत्र राजेश व अंकुल पुत्र विजय शंकर यादव निवासीगण बौध नगर खेवली थाना देवा को चोरी की 4 मोटरसाइकिल बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। जबकि एक अभियुक्त अमित उर्फ कज्जर मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय, उ0नि0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, उ0नि0 अखिलेश प्रजापति, उ0नि0 सत्यपाल यादव, हे0का0 राम जी पाल, का0 हरवंश कुमार, मुकेश कुमार, भुवनेश कुमार मौजूद रहे।

## रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस ने चलाया सफाई अभियान



**अमेठी।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/सेविकाओं एवम्कार्यक्रमाधिकारियों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई का कार्य किया गया और इधर-उधर बिखरे हुए सूखे कूड़े को एक स्थान पर एकत्रित किया गया और अनावश्यक उगी हुई घासो की कटिंग भी की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ .पी .त्रिपाठी ने बताया कि शासन द्वारा हमारे महाविद्यालय को जो भी निर्देश एवम् लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं उसका अनुपालन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा बहुत ही अच्छे ढंग से पालन किया जाता है। इस स्वच्छता कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. सुधीर सिंह, सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवम्कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में मृत व घायलों के परिवार से मिल डॉ. पीएल पुनिया ने बधाया ढांढस



**बाराबंकी।** लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर इनायतपुर गांव के पास गुरूवार की रात में हुई मार्ग दुर्घटना में मृत एवं घायलो के परिवार से विकासखण्ड निन्दूरा के ग्राम उमरा मे पहुंच पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया ने मुलाकात की। तथा ढ़ाढ़स बधाया। पूर्व सांसद डा0 पुनिया ने दुर्घटना में मृतकों के परिवार को 20 लाख रुपए व गम्भीर रूप घायलों के परिवार को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिये जाने व बेहतर निःशुल्क उपचार कराये जाने की मांग जिला प्रशासन और सरकार से की। इस मौके पर आमिर अय्यूब किद्वई, सपा नेता नजरूद्दीन, सलमान खान जिया, महेन्द्र यादव, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद फुजैल आदि मौजूद रहे।

## 3 तस्कर गिरफ्तार, 92 ग्राम मारफीन बरामद

**बाराबंकी।** थाना सतरिख पुलिस ने 3 मादक पदार्थ तस्करों आकाश पासवान पुत्र झुरई प्रसाद निवासी ग्राम सुकरौली कुँवर टिकरिया थाना परसुरामपुर, बस्ती, इशान कश्यप पुत्र प्रमोद कश्यप निवासी मो0 लोकमान्यगंज चैबे जी का हाता, चारबाग थाना नाका, लखनऊ, आशुतोष प्रजापति पुत्र प्रेम कुमार प्रजापति निवासी ग्राम नौवापुर सानी पोस्ट तेलियार थाना पडुवा, लखीमपुर खीरी को 92 ग्राम अवैध मारफीन, 1 अदद अवैध पिस्टल 32 बोर व 4 खोखा/जिन्दा कारतूस, घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

## दो घरों में नगदी समेत लाखों की चोरी



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र के टिहरा और कटका खानपुर गांव में गुरुवार की रात चोरों ने दस्तक दी। यहां दो घरों में घुसे बेखौफ चोरों ने नगदी सहित करीब आठ लाख रुपए का माल पार कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। थानाक्षेत्र टिहरा गांव निवासी राम विशाल वर्मा गुरुवार रात को भोजन के बाद परिजनों के साथ सोए हुए थे। मध्यरात्रि को अज्ञात चोर खिड़की के रास्ते घर में घुस आए। बक्सा, आलमारी और सूटकेस का लॉक तोड़कर पैंतीस हजार नगद, तीन सोने की सीकड़, दो पायल, दो सोने की झुमकी सहित करीब पांच लाख का सामान लेकर फरार हो गए। रात में खटपट की आवाज से जगे परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। यहां सुबह चैकी इंचार्ज अनूप सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ जाकर जांच की है। दूसरा मामला कटका खानपुर का है। गांव निवासी चंद्रिका प्रसाद मिश्रा के घर घुसे चोरों ने ग्यारह हजार नगदी सहित साढे तीन लाख के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जगने पर परिजनों को चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की है। पीड़ितों ने पुलिस को दी तहरीर में कार्रवाई मांग की है। थानाध्यक्ष प्रेमचन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

# लघु सिंचाई विभाग की टीम ने किया कार्यों का निरीक्षण

- रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, चेक डैम और उथले नलकूपों की बोरिंग का स्थलीय सत्यापन किया
- कम्पोजिट विद्यालय भादर –प्रथम में बच्चों से जल संरक्षण पर किया संवाद

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश लघु सिंचाई विभाग के मूल्यांकन विभाग की टीम इस समय लघु सिंचाई विभाग की ओर से पिछले वित्तीय वर्ष में कराए गए कार्यों का स्थलीय मूल्यांकन कर रही है। सुल्तानपुर जिले में लघु सिंचाई रेन ?विभाग की ओर से कराए गए कार्यों को देखने के बाद टीम ने शुक्रवार को अमेठी जिले में हुए कार्यों का मूल्यांकन एवं स्थलीय निरीक्षण किया। सांख्यिकी अधिकारी डॉ ऊषा वर्मा ने निर्मित रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के अन्तर्गत जल संरक्षण के लिए निर्मित संरचनाओं, नदी नालों पर बनाए गए चैक डैम और बोरिंग के कार्य देखे और अवर अभियंताओं को उचित दिशा निर्देश दिए।

लघु सिंचाई विभाग की ओर से पिछले वित्तीय वर्ष में संग्रामपुर ?और भादर विकास खंड में चैक डैम बनवाए गए हैं।कम्पोजिट विद्यालय भादर -प्रथम



और ब्लाक संसाधन केंद्र में वर्षा जल और छत के पानी को संरक्षित करने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के अन्तर्गत निर्मित संरचनाओं का निरीक्षण किया।

डा ऊषा वर्मा ने चतुर्भुजपुर में चेक डैम का निरीक्षण किया। यहां से वे गौरीगंज विकास खंड के बस्ती देई गांव पहुंची और उथले नलकूपों की स्थापना के लिए कराई गई बोरिंग का निरीक्षण किया।

## रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के बारे में बच्चों से ली जानकारी

**अमेठी।** सांख्यिकी अधिकारी डा ऊषा वर्मा ने कम्पोजिट विद्यालय भादर -1में बच्चों से कक्षा में मुलाकात की और उनसे सिस्टम के उपयोग और सिस्टम के फायदों के बारे में जानकारी ली।साथ में चल रहे अवर अभियंता रामानुज सिंह को स्कूल आकर भूमिगत जल संरक्षण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के विषय में बच्चों को विस्तार से जानकारी देने के लिए कक्षाएं आयोजित करने के निर्देश दिए। मूल्यांकन प्रभारी मयंक वैश्य, सहायक अभियंता इंजीनियर जुबेर अहमद, कल्पना वर्मा अवर अभियंता अजीत सिंह आदि साथ में मौजूद रहे।

### तीन चेक डैम स्वीकृत किये गये, नहीं मिली धनराशि

**अमेठी।** सहायक अभियंता इंजीनियर जुबेर अहमद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25में लघु सिंचाई विभाग अमेठी को संग्रामपुर में दो और बाजार सुकुल में एक चैक डैम निर्माण करने की स्वीकृति शासन की ओर से मिल चुकी हैं। एक चैक डैम की निर्माण लागत लगभग पैंतीस लाख रुपए है।

# सेंसेक्स में 1017 अंकों की गिरावट



मुंबई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी कोषों की ताजा निकासी की वजह से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स ।,017 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी ने 293 अंक का गोता लगाया।

कारोबारियों ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), तेल एवं गैस कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बिकवाली आने से स्थानीय बाजार में बड़ी गिरावट आई। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,017.23 अंक या 1.24 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 81,183.93 अंक पर बंद हुआ। यह दो सप्ताह का सबसे निचला बंद स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स ।,219.23 अंक फिसलकर 80,981.93 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 292.95 अंक यानी 1.17 प्रतिशत गिरकर 24,852.15 अंक पर आ गया। यह निफ्टी में गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में सर्वाधिक चार प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और आईटीसी के शेयरों में भी नुकसान रहा। दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील और मारुति सुजुकी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। एफआईआई खुलासा मानकों पर सेबी की समयसीमा के कारण घरेलू बाजार में घबराहट रही। हालांकि, इससे दीर्घावधि में एफआईआई के बीच भारत को लेकर आकर्षण पर कोई असर पड़ने की आशंका नहीं है। बाजार को तेजी देने वाले नए कारकों के अभाव और ऊंचे मूल्यांकन की वजह से अल्पावधि में एक निष्क्रिय रुझान जारी रहने की उम्मीद है। वैश्विक बाजार भी अमेरिका के गैर-कृषि रोजगार आंकड़े आने से पहले सतर्क रुख अपना रहे हैं। बिकवाली के इस व्यापक दौर में बैंकिंग और ऊर्जा क्षेत्र को सबसे जूयादा नुकसान हुआ। व्यापक सूचकांकों में भी गिरावट देखी गई, जिनमें से प्रत्येक को एक प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ। अमेरिकी बाजारों में हालिया कमजोरी ने भारतीय बाजारों की रफ्तार धीमी कर दी है। इसकी वजह से बाजार प्रतिभागी नौकरियों के आंकड़ों से पहले सतर्क हो गए हैं। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 1.41 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि बीएसई स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

# रुपया दो पैसे की तेजी के साथ 83.95 प्रति डॉलर पर



मुंबई। विदेशी बाजारों में डॉलर के कमजोर होने के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को कारोबार के अंत में रुपया दो पैसे की तेजी के साथ 83.95 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

हालांकि, विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि नकारात्मक घरेलू बाजार, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और विदेशी पूंजी की निकासी ने रुपये की बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.97 प्रति डॉलर पर खुला और दिन में कारोबार के दौरान 83.91 प्रति डॉलर के उच्चस्तर को छू गया। कारोबार के अंत में रुपया 83.95 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर से दो पैसे की बढ़त है। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 83.97 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कमजोर डॉलर के कारण आज भारतीय रुपये में सुधार हुआ। हालांकि, कमजोर घरेलू बाजारों ने तेज बढ़त को रोक दिया। हमें उम्मीद है कि कमजोर वैश्विक बाजारों और वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंताओं के कारण रुपये में थोड़ा नकारात्मक रुझान रहेगा। उन्होंने कहा कि डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 83.70 रुपये से 84.20 रुपये के बीच रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि व्यापारी गैर-कृषि पेरोल रिपोर्ट और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दर-निर्धारण समिति के सदस्यों संबोधन से संकेत ले सकते हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत घटकर 100.96 रह गया। वायदा कारोबार में वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 73.11 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,017.23 अंक गिरकर 81,183.93 अंक पर और निफ्टी 292.95 अंक गिरकर 24,852.15 अंक पर बंद हुआ।

## संक्षेप

### चांदी में 1,200 रुपये का उछाल

नयी दिल्ली। आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बढ़ती मांग के कारण राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 74,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई जबकि चांदी का भाव 1,200 रुपये के उछाल के साथ 85,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बृहस्पतिवार को पिछले सत्र में चांदी 84,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा, 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 100-100 रुपये बढ़कर क्रमशः 74,200 रुपये और 73,850 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बढ़ती मांग के साथ-साथ विदेशी बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में उछाल के कारण सोना मजबूत हुआ।

### सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024 की टॉप 10 टीमों की घोषणा

नई दिल्ली। सैमसंग इंडिया ने आज अपने प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024की टॉप 10 टीमों की घोषणा की है। ये टीमें अब ग्रैंड फिनाले में अपने अनूठे आइडियाज को सैमसंग और उद्योग के प्रमुख लीडर्स की जूरी के सामने पेश करेंगी। इन टीमों का चयन देश के दूर-दराज के इलाकों से हुआ है, जैसे असम के गोलाघाट और कामरूप, राजस्थान के झालावाड़, कर्नाटक के उडुपी और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर। इससे इस प्रोग्राम की व्यापक क्षेत्रीय पहुँच का पता चलता है। ये फाइनलिस्ट्स एक कड़ी चयन प्रक्रिया से गुजरे, जिसमें सैमसंग जूरी के सामने कई राउंड्स में पिच प्रेजेंटेशन देना और सैमसंग फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एण्ड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी) आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों से मार्गदर्शन पाना शामिल था। इन 20 टीमों को प्रोटोटाइप बनाने के लिए हर टीम को 20,000 रुपये का अनुदान दिया गया। इसके अलावा, यूथ ट्रैक की टीमों को सैमसंग गैलेक्सी लैपटॉप्स और स्कूल ट्रैक की टीमों को गैलेक्सी टैब्स मिले।

### फ्लिपकार्ट के सेलर कॉन्क्लेव में 1500 से ज्यादा विक्रेता एक मंच पर आये

नई दिल्ली। नवाचार एवं उद्यमिता के बेहतरीन मेल के साथ फ्लिपकार्ट द्वारा आयोजित दिल्ली सेलर कॉन्क्लेव में 1500 से ज्यादा दूरदर्शी विक्रेता एक मंच पर आए। यहां सभी विक्रेताओं ने वैचारिक सत्रोंऔर विशेषज्ञों के निर्देशन में ग्राहकों की मांग और बाजार ट्रेंड से जुड़े कई अहम तथ्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। फ्लिपकार्ट का सेलर कॉन्क्लेव ईकॉमर्स की दुनिया में नए मानक स्थापित कर रहा है, उद्यमियों के बीच अर्थपूर्ण संबंधों को बढ़ावा दे रहा हैऔरविभिन्न इनसाइट्स एवं ट्रेंड स्पॉटिंग के माध्यम से इनोवेशन को गति दे रहा है। साथ ही यह कॉन्क्लेव कारोबारियों को तेजी से बदलती डिजिटल दुनिया को अपनाने, इसमें आगे बढ़ने एवं विकास करने में सक्षम बनाते हुए ऑनलाइन रिटेल को नया आकार दे रहा है। इस कॉन्क्लेव के दौरान दिल्ली में 1500 से ज्यादा सेलर्स ने हिस्सा लियाऔर मार्केट डायनामिक्स, ग्राहकों की प्राथमिकताओंएवं रणनीतिक विकास के अवसरों को लेकर अपनी समझ को बढ़ाने के लिए जानकारियों से भरपूर सत्रों में हिस्सा लिया। फ्लिपकार्ट के फ्लैगशिप सेल इवेंट द बिग बिलियन डेज का 11 संस्करण नजदीक आ रहा है।

### मॉनसून में बच्चे के स्वास्थ्य की करें सुरक्षा : डॉ. संजय

लखनऊ । मॉनसून का मौसम जलती गर्मी से राहत तो देता है, लेकिन साथ ही कई तरह के इन्फ्लूएंजा को बढ़ने के लिए अनुकूल माहौल भी दे देता है। इस मौसम में फ्लू के मामले बढ़ जाते हैं, क्योंकि नमी और तापमान में उतार-चढ़ाव से फ्लू का कारण बनने वाले वायरस के संक्रमण को बढ़ावा मिलता है। पीडियाट्रिशियन डॉ. संजय निरंजन ने कहा कि माता-पिता को सालाना लगने वाले 4-इन-1 टीकाकरण के माध्यम से अपने बच्चों को फ्लू से बचाना चाहिए। मॉनसून के दौरान फ्लू के मामले बढ़ जाते है, क्योंकि इस समय मौसम में बदलाव होता है और नमी बढ़ जाती है। अपनी प्रैक्टिस के दौरान मैंने फ्लू के कारण गंभीर समस्या का सामना करने वाले 32 बच्चों को देखा है, जिन्हें फ्लू से बचाव का टीका नहीं लगा था। फ्लू से बचाव के लिए सालाना टीका लगवाने वाले बच्चों को इन जटिलताओं का सामना नहीं करना पड़ता है।

# भारत 2025-26 में कार्बन फाइबर का उत्पादन करेगाः कपड़ा मंत्री



नयी दिल्ली। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि भारत में 2025-26 में कार्बन फाइबर का उत्पादन शुरू हो जाएगा। कार्बन फाइबर का उपयोग अंतरिक्ष, सिविल इंजीनियरिंग और रक्षा क्षेत्र में धातु के विकल्प के रूप में किया जाता है। वर्तमान में, भारत कोई कार्बन फाइबर का उत्पादन नहीं करता है ।

पूरी तरह से अमेरिका, फ्रांस, जापान और जर्मनी जैसे देशों से आयात पर निर्भर है। यूरोपीय संघ द्वारा प्रस्तावित कार्बन सीमा समायोजन तंत्र कार्बन आयात पर अंतर्निहित कर है जिसके 2026 से लागू होने की उम्मीद है। सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा, आने वाले दिन प्रत्येक क्षेत्र में तकनीकी कपड़े के हैं... मुझे पूरा विश्वास है कि 2025-26 में आला कार्बन फाइबर उत्पाद भी भारत के पास होगा। मंत्री ने जोर देकर कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद से स्वच्छता क्षेत्र में आयात को संतुलित किया गया है। पहले हम डायपर आयात करते थे। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद, जिसने उद्योग में उत्साह पैदा किया है। इससे पहले उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित तकनीकी वस्त्र कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार भारत के तकनीकी वस्त्र उद्योग के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित है और इसके लिए उसने राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन, एमएमएफ फैब्रिक, एमएमएफ परिधान और तकनीकी वस्त्रों के लिए पीएलआई योजना आदि जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं।

# अश्विनी वैष्णव, अनिल कपूर टाइम पत्रिका के प्रभावशाली लोगों में शामिल



न्यूयॉर्क। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि और अभिनेता अनिल कपूर उन भारतीयों में शामिल हैं, जिन्हें टाइम पत्रिका की प्रतिष्ठित एआई 2024 में 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल किया गया है।

बृहस्पतिवार को जारी इस सूची में 15 भारतीय या भारतीय मूल के लोग हैं। इनमें गूगल के सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला भी शामिल हैं। पत्रिका में 54 वर्षीय वैष्णव के बारे में कहा गया है कि उनके नेतृत्व में भारत अगले पांच वर्षों के भीतर सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए शीर्ष पांच देशों में शामिल होने की उम्मीद करता है, जो आधुनिक एआई प्रणालियों के लिए एक प्रमुख घटक है। पत्रिका में यह भी कहा गया है कि वैष्णव को इन महत्वाकांक्षाओं को साकार करने में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। टाइम की एआई सूची में 67 वर्षीय कपूर को सितंबर 2023 में उनकी तस्वीर के अनधिकृत एआई उपयोग पर एक ऐतिहासिक जीत के बाद शामिल किया गया। अभिनेता ने बड़ी संख्या में विकृत वीडियो, जीआईएफ और इमोजी के ऑनलाइन प्रसारित होने के बाद यह मामला उठाया। नीलेकणी (69 वर्ष) इंफोसिस के सह-संस्थापक और एकस्टेप के सह-संस्थापक और चेयरमैन हैं। पत्रिका ने उनके बारे में लिखा, इंफोसिस के अरबपति सह-संस्थापक नीलेकणी ने दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को विकसित करने में पंद्रह साल सरकार के भीतर और बाहर काम किया है, जिस वजह से उन्हें भारत के बिल गेट्स जैसे उपनाम मिले हैं। पत्रिका ने आगे कहा कि नीलेकणी ने भारत के आधार कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जो दुनिया का सबसे बड़ा बायोमेट्रिक पहचान पत्र कार्यक्रम है।

# चीन की ईवी कॉलोनी न बने भारतः जीटीआरआई



नयी दिल्ली। सरकार को घरेलू इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र को प्रोत्साहनों पर निर्भरता के बिना स्वाभाविक रूप से बढ़ने देना चाहिए क्योंकि इससे देश चीन के लिए ईवी कॉलोनी बनने से बच जाएगा। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने शुक्रवार को यह बात कही।

इसमें कहा गया है कि भारत को बड़े पैमाने पर ईवी को अपनाने में ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनका सामना अन्य देशों को नहीं करना पड़ रहा है। जीटीआरआई ने कहा कि इन चुनौतियों में कोयले जैसे जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न 80 प्रतिशत बिजली, बार-बार बिजली कटौती और देश में बैटरी और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे ईवी बनाने के लिए जरूरी घटकों के लिए आयात पर निर्भरता शामिल है। जीटीआरआई ने कहा कि इन चुनौतियों पर विचार करते हुए भारी प्रोत्साहनों के साथ मैदान में उतरने या चीनी आयात पर निर्भर होने के बजाय भारत के पास अपने ईवी क्षेत्र को स्वाभाविक रूप से विकसित होने देने का अवसर है। बाजार की ताकतों को क्षेत्र की वृद्धि को आगे बढ़ाने की अनुमति देकर, भारत चीन के लिए ईवी कॉलोनी बनने से बच सकता है और वैश्विक ईवी परिदृश्य में अपना रास्ता बना सकता है। शोध संस्थान ने कहा कि वैश्विक ईवी बाजार में भूचाल आ रहा है, जिसकी वजह अमेरिका, यूरोपीय संघ और कनाडा द्वारा चीन से ईवी और उसके पुर्जों के आयात पर उच्च शुल्क और प्रतिबंध लगाना है। ये क्षेत्र चीन के वैश्विक ईवी निर्यात का लगभग आधा हिस्सा बनाते हैं और एक रणनीतिक मोड़ में, चीन अपना उत्पादन आसियान देशों में स्थानांतरित कर रहा है और भारत पर अपनी नज़रें जमा रहा है। ये उत्पादन इकाइयां अब भी चीन से आयात पर बहुत अधिक निर्भर रहेंगी, क्योंकि बैटरी सहित 70-80 प्रतिशत पुर्जे वहीं से आते हैं। थाइलैंड चीनी कंपनियों को स्थानीय उत्पादन की अनुमति देने वाला पहला देश है।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर बढ़कर 683.987 अरब डॉलर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 683.987 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 7.023 अरब डॉलर बढ़कर 681.688 अरब डॉलर हो गया था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.485 अरब डॉलर बढ़कर 599.037 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 86.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 61.859 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 90 लाख डॉलर बढ़कर 18.468 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 5.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.622 अरब डॉलर हो गया।

## पेज एक का शेष

### जल और पर्यावरण

है। जलवायु परिवर्तन इस संकट को और गहरा रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों अप्रत्याशित बारिश का जो तांडव हुआ, उससे देश का शायद ही कोई ऐसा इलाका होगा, जिसको संकट का सामना न करना पड़ा हो। केरल के वायनाड जिले में 30 जुलाई को हुए भूस्खलन में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और 78 लोग अभी भी लापता हैं, वहीं अगस्त के अंतिम सप्ताह में गुजरात में मूसलाधार बारिश ने 49 लोगों की जान ले ली थी। गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर अपने दिनों को याद करते हुए मोदी ने कहा कि गृह राज्य में उनका पिछला अनुभव उन्हें देश में जल संकट के समाधान का भरोसा देता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जल संरक्षण के इस जन आंदोलन में न केवल नीतियां बल्कि लोगों की भागीदारी और सामाजिक प्रतिबद्धता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि पानी और नदियों को बचाने के नाम पर हजारों करोड़ रुपये की योजनाएं दशकों से बनाई जा रही हैं। मोदी ने कहा, लेकिन हमने परिणाम केवल पिछले 10 वर्षों के दौरान देखे क्योंकि मेरी सरकार ने संपूर्ण समाज, संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण पर काम किया।

मोदी ने बताया कि अतीत में 3 करोड़ पानी के कनेक्शन के मुकाबले, ग्रामीण भारत में लगभग 15 करोड़ घरों को अब जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना के तहत पाइप से पानी मिलता है। उन्होंने कहा कि देश के लगभग 75 प्रतिशत घरों को अब जल जीवन मिशन के तहत नल से जल मिल रहा है। उन्होंने कहा लोगों की भागीदारी से देश भर में करीब 7,000 अमृत सरोवर बनाए गए। भूजल पुनर्भरण के लिए हमने अटल भूजल योजना के साथ-साथ कैच द रेन अभियान भी शुरू किया है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं जल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिसमें इंजीनियरों, प्रबंधकों, प्लंबर और इलेक्ट्रीशियन के लिए नौकरियां और स्वरोजगार के अवसर पैदा होते हैं। डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) ने भविष्यवाणी की है कि पाइप से पानी की आपूर्ति से भारत अपने नागरिकों के लगभग साढ़े पांच करोड़ घंटे की बचत करेगा। इस समय का उपयोग हमारी अर्थव्यवस्था को विकसित करने में किया जाएगा। जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने से हम हर साल लगभग 4 लाख लोगों को डायरिया से बचाने में सक्षम होंगे। उन्होंने शुद्ध-शून्य तरल निर्वहन मानकों और जल पुनर्चक्रण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए व्यावसायिक घरानों के योगदान को भी स्वीकार किया।

### उज्जवल भविष्य

है। इसके दूरगामी परिणाम होते हैं। मुख्यमंत्री ने इस केंद्र के निर्माण में योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। गिद्धराज जटायु के रामायणकालीन आख्यान का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कीटनाशकों के दुष्प्रभाव से पर्यावरण के संरक्षक गिद्धों की संख्या तेजी से घटी है। उन्होंने कहा कि उनके संरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश और भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का पहला संरक्षण केंद्र कैम्पियरगंज में खोला गया है। उन्होंने खुशी जतायी कि इस केंद्र में वनटांगिया समुदाय के लोग भी केयरटेकर के रूप में नौकरी से जुड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति और इसके जीवों को बचाने की जिम्मेदारी सबकी है। आज हम जटायु संरक्षण केंद्र के माध्यम से अपनी वैदिक और पौराणिक परंपराओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहे हैं। गिद्धराज जटायु धर्म और नयी गरिमा की रक्षा के लिए रामायण काल के पहले बलिदानी थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने सीता जी के दुख भरे वचन को सुनकर ही जान लिया था कि यह आवाज रघुकुल तिलक श्रीराम की अर्धांगिनी का है। गिद्धराज जटायु राजा दशरथ के मित्र थे। मित्रता निभाने और नारी गरिमा की रक्षा के लिए वे निहत्थे ही रावण से भिड़ गए और खुद को बलिदान कर दिया। सरकार प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्पित भाव से काम कर रही है। हमारे इन्हीं कार्यों की देन है कि आज उत्तर प्रदेश देश ही नहीं बल्कि दुनिया का ऐसा पहला राज्य है जिसने 7 वर्षों में 200 करोड़ के पौधारोपण के लक्ष्य को हासिल किया है। इस अवसर पर वन, पर्यावरण एवं जंतु उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों जटायु संरक्षण केंद्र की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि जटायु की महिमा और महत्व का वर्णन रामायण में मिलता है। उन्होंने कहा कि रामायण काल में माता सीता की रक्षा करने में बलिदान हुए जिस जटायु का अंतिम संस्कार प्रभु श्रीराम ने किया था आज उनकी वर्तमान और भावी पीढ़ी के संरक्षण का बीड़ा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उठाया है।

### आरजी कर

सेमिनार हॉल में भीड़ के बीच देखा गया था, जहां प्रशिक्षु चिकित्सक का शव मिला था। कलकत्ता राष्ट्रीय मेडिकल कॉलेज (सीएनएमसी) के कर्मचारी चट्टोपाध्याय कथित तौर पर अपने आधिकारिक कार्यस्थल में उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर करते थे, लेकिन अपना दिन आरजी कर स्थित घोष के कार्यालय में बिताते थे। चट्टोपाध्याय ने एजेंसी के अधिकारियों के साथ अपने घर से बार निकलते हुए पत्रकारों से कहा, मैंने ईडी के अधिकारियों के सभी सवालों का जवाब दे दिया है। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि उन्हें गिरफ्तार किया गया है। चट्टोपाध्याय के पड़ोसी भी अपने घरों से बाहर आ गए और हमें न्याय चाहिए नारे लगाते हुए देखे गए। अधिकारी ने बताया कि ईडी की छापेमारी शुक्रवार सुबह से कोलकाता और उसके उपनगरों में कम से कम नौ स्थानों पर एक साथ शुरू किए गए तलाशी अभियान का हिस्सा थी। यह छापेमारी आरजी कर अस्पताल में घोष के प्राचार्य रहते हुईं कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में की गई है। घोष और उनके तीन अन्य सहयोगियों को इसी मामले में तीन सितंबर को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने घोष के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है, जो आपराधिक मामलों में दर्ज होने वाली प्राथमिकी के समान है। सुभाषग्राम के अलावा, पूर्वी कोलकाता में घोष के बेलियाघाट आवास और शहर के उत्तरी इलाके में हवाईअड्डा गेट नंबर 2 के पास मिलन पल्ली इलाके में उनके रिश्तेदारों के दो अपार्टमेंट पर भी छापा मारा गया। बेलियाघाट में ईडी अधिकारियों को करीब तीन घंटे इंतजार के बाद सुबह साढ़े नौ बजे घोष के घर में प्रवेश की अनुमति मिली। घोष की पत्नी ने केंद्रीय एजेंसी की टीम के लिए ताले खोले। उन्होंने कहा, मेरे पति के खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। समय आने पर उनकी बेगुनाही साबित हो जाएगी। ईडी के अधिकारी गिरफ्तार मेडिकल उपकरण आपूर्तिकर्ता बिप्लब सिन्हा के आवास और हावड़ा के संकरैल में उसी मोहल्ले में कौशिक कोले के घर भी पहुंचे। कोले सिन्हा की कंपनी में अकाउंटेंट के तौर पर काम करते थे। मिलन पल्ली में ईडी अधिकारियों ने पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे घोष की भाभी अर्पिता बेरा और उनके पति प्रीतिन के स्वामित्व वाले और किराए पर लिए गए दो अपार्टमेंट में तलाशी अभियान शुरू किया। एक पड़ोसी ने बताया कि सरकारी प्रतिष्ठानों में चिकित्सक होने के कारण बेरा दंपत्ति ने परिसर में एक दूसरा अपार्टमेंट किराए पर ले रखा था, जहां घोष अक्सर आते थे। छापेमारी के दौरान ईडी के एक अधिकारी को एक अपार्टमेंट से काले रंग का ट्रॉली बैग ले जाते देखा गया। ईडी अधिकारियों की एक अन्य टीम सुबह करीब सात बजे हुगली के बैद्यबाटी में घोष के ससुराल वालों के पते पर पहुंची और संपत्ति को बंद पाकर पड़ोस में कुणाल रॉय के घर पहुंची, जो मेडिकल क्षेत्र में काम करने वाली एक निजी कंपनी में काम करते हैं।

### हाथरस व बाराबंकी

ही रहने वाले थे। घटना में आठ साल की बच्ची समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी ई-रिक्शा से सीतापुर जिले के महमूदाबाद में किसी परिचित के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे।

पुलिस ने बताया की बृहस्पतिवार की देर रात थाना बडडूपुर क्षेत्र के कुर्सी-महमूदाबाद मार्ग पर इनायतपुर गांव के पास हुए सड़क हादसे में फतेहपुर से लखनऊ की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कार ने पहले ई-रिक्शा में टक्कर मारी। इसके बाद वह सामने से आ रही एक दूसरी कार से भिड़ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक कार सड़क किनारे बने तालाब में गिर गई। उन्होंने बताया कि ई-रिक्शा में एक ही परिवार के आठ लोग सवार थे, जो कुर्सी थाना अंतर्गत ग्राम उमरा के निवासी थे। हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

### विनेश फोगाट

दिल्ली में सड़कों पर घसीटा जा रहा था। पूनिया और फोगाट 2023 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन का हिस्सा थे। उन्होंने कहा मैं देश के लोगों और मीडिया को धन्यवाद देती हूं, आपने मेरी कुश्ती यात्रा के दौरान मेरा समर्थन किया। मैं कांग्रेस पार्टी को धन्यवाद देना चाहती हूं। कहा जाता है कि बुरे समय में पता चलता है कि कौन अपना है। जब हमें सड़कों पर घसीटा जा रहा था, भाजपा को छोड़कर सभी दल हमारे साथ खड़े थे। उन्होंने कहा आप (कांग्रेस) हमारे दर्द और आंसुओं को समझ पा रहे थे। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसी विचारधारा से जुड़ी हूं, जो महिलाओं पर हो रहे अन्याय के खिलाफ खड़ी है और सड़क से संसद तक उनके हक की लड़ाई लड़ने को तैयार है। उन्होंने कहा कि वह न तो डरने वाली हैं और न ही पीछे हटने वाली हैं। उन्होंने कहा मामला अदालत में है और हम वहां भी जीतेंगे। फोगाट ने कहा मैं जंतर-मंतर पर कुश्ती छोड़ सकती थी क्योंकि भाजपा का आईटी सेल प्रचार कर रहा था कि हम फुंके कारतूस हैं। उन्होंने कहा कि मैं नेशनल में नहीं खेलना चाहती थी, लेकिन मैंने खेला। उन्होंने कहा कि मैं ट्रायल में भाग नहीं लेना चाहती, लेकिन मैंने लिया, उन्होंने कहा कि मैं ओलंपिक में नहीं जा सकती, लेकिन मैं गई, पर दुर्भाग्य से भगवान की कुछ और ही मर्जी थी। उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहती हैं कि जिन परिस्थितियों का उन्हें सामना करना पड़ा, वह दूसरे खिलाड़ियों को करना पड़े। उन्होंने कहा मुझे अपने देश के लोगों की सेवा करने का मौका दिया गया है, यह एक नई पारी है। एक खिलाड़ी के रूप में हमने जो कुछ झेला, मैं नहीं चाहूंगी कि कोई अन्य खिलाड़ी इससे गुजरे। वेणुगोपाल ने कहा कि आज का दिन कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण है और फोगाट और पूनिया का पार्टी में स्वागत करना हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा और कांग्रेस के अन्य नेताओं द्वारा महिला पहलवानों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि जब उन्होंने (पहलवानों ने) विरोध किया तो पूरा देश उनके साथ खड़ा था।

### तीन जिलों में

पुत्र हरदेव सिंह ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे वह अपने भतीजे के साथ खेत पर घास काटने गये। उसवक्त उनका भतीजा गन्ने के पत्ते निकाल रहा था, तभी अचानक उन पर सियार ने हमला कर दिया जिससे हम घायल हो गए। हम लोग जैसे- तैसे अपनी जान बचाकर वहां से भागे जिसके बाद हमें सीएचसी मोहम्मदी ले जाया गया जहां डाक्टरों ने इलाज किया और घर भेज दिया। वहीं बरेली जिले में यहां के जसाईनागर गांव में खेत मे काम कर रहे तीन लोगों पर सिर कटे सियार ने हमला बोल दिया। तीनों को अस्पताल लाया गया जहां एक महिला की दशा गम्भीर देखते हुए बरेली भेजा गया है। घटना गांव जसाईनागर की बताई जाती है। महिला महारानी पत्नी टीका राम (60 वर्ष) जानवरों के लिए खेत में घास काट रही थी तभी सियार ने उस पर हमला कर दिया उसका चेहरा नोंच लिया।




# राजस्थान रॉयल्स से जुड़े राहुल द्रविड़



मुंबई। भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग की टीम राजस्थान रॉयल्स का मुख्य कोच बनाया गया।

द्रविड़ का भारत के मुख्य कोच के तौर पर कार्यकाल जून में टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के साथ खत्म हो गया था। रॉयल्स ने एक बयान में कहा , रॉयल्स के पूर्व कप्तान और कोच द्रविड़ 2011 से 2015 तक पांच सत्र टीम के साथ रहे। वह तुरंत टीम से जुड़कर क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा के साथ काम करेंगे। रॉयल्स खेल समूह के सीईओ जैक लुश मैक्रम ने कहा कि द्रविड़ की असाधारण कोचिंग प्रतिभा हम भारतीय टीम के साथ देख चुके हैं। उनका रॉयल्स के साथ भी गहरा नाता रहा है और हमने उनका खेल को लेकर और टीम को लेकर जुनून देखा है। द्रविड़ ने कहा कि विश्व कप के बाद मुझे लगा कि यह दूसरी चुनौती स्वीकार करने का सही समय है और रॉयल्स इसके लिये सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। रॉयल्स के मालिक मनोज बदाले ने कहा, हमने पिछले कुछ साल में बेहतर प्रदर्शन किया है लेकिन अभी भी काफी कुछ सीखना है। द्रविड़ की वापसी से हमारी तरक्की तेज होगी।

# विश्व कप क्वालीफाइंग में चिली को अर्जेंटीना ने 3-0 से हराया

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना ने चोटिल लियोनेल मेस्सी और संन्यास लेने वाले एंजेल डि मारिया के बिना भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चिली को 3-0 से हराकर दक्षिण अमेरिकी 2026 विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। एलेक्सिस मैक एलीस्टर ने 48वें मिनट में अर्जेंटीना की तरफ से पहला गोल किया जबकि जूलियन अल्वारेज़ ने 84वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुना कर दी। पाउलो डायबाला ने 90वें मिनट में तीसरा गोल किया।



इस जीत से अर्जेंटीना के सात मैच के बाद 18 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर बना हुआ है। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग से शीर्ष छह स्थान पर रहने वाली टीम अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में होने वाले विश्व कप 2026 के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम दूसरे परिसंघ की टीम के खिलाफ प्लेऑफ मैच खेलेगी।

# पैरालम्पिक समापन समारोह में हरविंदर व प्रीति भारत के ध्वजवाहक

पेरिस। स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज हरविंदर सिंह और पैरालम्पिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला फर्राटा धाविका प्रीति पाल पेरिस खेलों के समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे।

तैतीस वर्ष के हरविंदर पैरालम्पिक में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज हैं। उन्होंने तोक्यो में 2021 में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने कहा , भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतना सपना सच होने जैसा है। अब समापन समारोह में भारत का ध्वजवाहक होना तो सबसे बड़ा सम्मान है। यह जीत उन सभी के लिये है जिन्हें मुझ पर भरोसा था। उम्मीद है कि मैं कइयों को अपने सपने पूरे करने की प्रेरणा दे सकूंगा। महिलाओं की टी35 100 और 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली 23 वर्ष की प्रीति ने कहा , भारत का ध्वजवाहक होना गर्व की बात है। यह सिर्फ मेरे लिये नहीं बल्कि विषमताओं से निकलकर देश को गौरवान्वित करने वाले हर पैरा एथलीट के लिये है। भारतीय दल के अभियान प्रमुख सत्य प्रकाश सांगवान ने कहा कि इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन से भावी पीढी को प्रेरणा मिलेगी। भारत अभी तक छह स्वर्ण, नौ रजत समेत 26 पदक जीत चुका है जो पैरालम्पिक में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## संक्षेप

### विक्रम और रंगना न्यूजीलैंड कोचिंग स्टाफ में शामिल

ऑकलैंड। भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ और श्रीलंका के स्पिन गेंदबाज रंगना हेराथ को अफगानिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले शुक्रवार को न्यूजीलैंड के कोचिंग स्टाफ में शामिल किया गया। न्यूजीलैंड दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका जाने से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलेगा। न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच होने वाला एकमात्र टेस्ट मैच नौ से 13 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड की टीम को अक्टूबर-नवंबर में भारत के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला भी खेलनी है। हेराथ को अफगानिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। राठौड़ केवल अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले के लिए न्यूजीलैंड की टीम के साथ रहेंगे। राठौड़ इससे पहले राहुल द्रविड़ की अगुवाई वाले भारतीय कोचिंग स्टाफ में बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल थे। इस साल जून में भारत की टी20 विश्व कप में जीत के बाद उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने राठौड़ और हेराथ को अपने कोचिंग स्टाफ में शामिल करने की घोषणा अपनी वेबसाइट पर की।

### जायसवाल का फोकस लाल गेंद के क्रिकेट पर

मुंबई। भारत के यशस्वी जायसवाल ने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट की श्रृंखला से पहले दलीप ट्रॉफी के दौरान लाल गेंद से क्रिकेट में प्रदर्शन में निरंतरता पर जोर दिया है। बाईस वर्ष के पंत भारत की लाल गेंद की टीम के अहम सदस्य हैं। उन्होंने भारत ए के खिलाफ भारत बी के लिये दलीप ट्रॉफी मैच में 50 गेंद में 30 रन बनाये। उन्होंने जियो सिनेमा से कहा कि दलीप ट्रॉफी या रणजी ट्रॉफी खेलने का मौका मिलना बड़ी बात है। मुझे इसका इंतजार है। मैं अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करूंगा। अब तक नौ टेस्ट खेल चुके जायसवाल ने कहा कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के कारण हर मैच महत्वपूर्ण है। आपको हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने फॉर्म पर काफी मेहनत की है और इसे बरकरार रखने की कोशिश करूंगा। जितना अधिक अभ्यास करूंगा, नतीजे उतने ही बेहतर होंगे। मुझे एक खिलाड़ी के तौर पर अपने प्रदर्शन को लगातार सुधार करना है। भारत और बांग्लादेश के बीच श्रृंखला 19 सितंबर से शुरू होगी।

### भारतीय खिलाड़ी राष्ट्रमंडल रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप में चमके

वास्काडुवा (श्रीलंका)। भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने राष्ट्रमंडल रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पोडियम स्थान हासिल किये। ग्रैंडमास्टर मित्राबा गुहा ने 6 . 5 अंक के साथ स्वर्ण जीता जबकि ग्रैंडमास्टर पनीरसेल्वम इनियान ने छह अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। ग्रैंडमास्टर लक्ष्मण राजाराम को कांस्य पदक मिला। भारत के 14 खिलाड़ियों में सभी शीर्ष 30 में रहे। भारतीय महिलाओं में फिडे मास्टर कल्याणी सिरिन चार अंक लेकर संयुक्त नौवे स्थान पर रहीं। मेरी अन गोम्स 12वें, साक्षी चिटलांगे और सागर तेजस्विनी संयुक्त 16वें और आरूषि कोतवाल 20वें स्थान पर रहीं।

# प्रवीण ने जीता स्वर्ण पदक

## पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा

पेरिस। तोक्यो खेलों के रजत पदक विजेता भारत के प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीत लिया।



छोटे पैर के साथ पैदा हुए नोएडा के प्रवीण (21 साल) ने छह खिलाड़ियों में 2.08 मीटर से सत्र की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई और शीर्ष स्थान हासिल किया। अमेरिका के डेरेक लोकिडेंट ने 2.06 मीटर की सर्वश्रेष्ठ कूद के साथ रजत पदक जीता जबकि उज्बेकिस्तान के टेमुरबेक गियाजोव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.03 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया। प्रवीण के स्वर्ण पदक से भारत पदक तालिका में 14वें स्थान पर पहुंच गया। भारत ने अब तक छह स्वर्ण, नौ रजत और 11 कांस्य पदक से पैरालंपिक खेलों के एक चरण में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी दर्ज किया। भारत ने प्रवीण के स्वर्ण से तोक्यो पैरालंपिक के स्वर्ण पदकों की तालिका को भी पीछे छोड़ दिया। तोक्यो पैरालंपिक में भारत ने पांच स्वर्ण, छह रजत और आठ कांस्य पदक जीते थे। प्रवीण ने देश के लिए छठा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 1.89 मीटर से शुरुआत करने का विकल्प चुना। अपने पहले प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल की और स्वर्ण पदक जीतने के लिए खुद को शीर्ष स्थान पर बनाये रखा। इसके बाद प्रवीण और लोकिडेंट के बीच शीर्ष स्थान के लिए मुकाबला जारी रहा, लेकिन भारतीय एथलीट इसमें सफल रहा। यह 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रवीण का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था। टी64 में वो एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनके एक पैर के निचले हिस्से में मामूली रूप से मूवमेंट कम होता है या घुटने के नीचे एक या दोनों पैर नहीं होते। प्रवीण का विकार जन्म से है जो उनके कूल्हे को बायें पैर से जोड़ने वाली हड्डियों को प्रभावित करता है। बचपन में वह अकसर अपने साथियों से तुलना के कारण हीन भावना से जूझते रहे। इस असुरक्षा की भावना से लड़ने के लिए उन्होंने खेल खेलना शुरू किया और वॉलीबॉल में हाथ आजमाया। पर एक पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊंची कूद स्पर्धा में भाग लेने के बाद उनकी जिंदगी बदल गई। शरद कुमार और मरियप्पन थंगावेलु के बाद प्रवीण पेरिस में पदक जीतने वाले ऊंची कूद के तीसरे एथलीट हैं। शरद ने तीन सितंबर को पुरुषों की ऊंची कूद टी63 स्पर्धा में रजत और थंगावेलु ने कांस्य पदक जीता था।

# नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

नयी दिल्ली। भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित डायमंड लीग की 14 सीरीज के बाद समग्र तालिका में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।




डायमंड लीग का फाइनल 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगा। इस प्रतियोगिता के साथ ही एथलेटिक्स में इस सत्र का समापन भी होगा। चोपड़ा डायमंड लीग के दोहा और लुसाने चरण में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने कुल 14 अंक अर्जित किए। उन्होंने गुरुवार को ज्यूरिख में आखिरी सीरीज में भाग नहीं लिया था। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी चेक गणराज्य के तीसरे नंबर पर रहने वाले जैकब वाडलेच से दो अंक पीछे रहे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और जर्मन स्टार जूलियन वेबर क्रमशः 29 और 21 अंकों के साथ शीर्ष दो स्थानों पर रहे। ज्यूरिख प्रतियोगिता में पीटर्स ने वेबर को पीछे छोड़ दिया था। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा इस सत्र में फिटनेस से जूझ रहे थे। हरियाणा के खिलाड़ी ने कहा है कि ओलंपिक खेलों से पहले से ही उनकी कमर की चोट उन्हें परेशान कर रही है जो 90 मीटर का आंकड़ा छूने की उनकी राह में बाधा बन रही है। चोपड़ा डायमंड लीग के लुसाने चरण में पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। पीटर्स ने तब 90.61 मीटर थ्रो किया था। पेरिस ओलंपिक में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। चोपड़ा ने पिछले महीने अपनी आगे की योजना के बारे में कहा था, सबसे पहले मुझे चिकित्सक के पास जाकर अपनी कमर को पूरी तरह से फिट बनाना है। मुझे अपनी तकनीक पर भी काम करना है जिसके बाद मैं दूर तक फेंकने की कोशिश करूंगा। चोपड़ा ने 2022 और 2023 में डायमंड लीग के लुसाने चरण में जीत दर्ज की थी। वह पिछले साल अमेरिका के यूजीन में खेले गए डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे थे। डायमंड लीग के फाइनल के विजेता को प्रतिष्ठित डायमंड ट्रॉफी, 30000 अमेरिकी डॉलर और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए वाइल्ड कार्ड मिलता है। इस फाइनल के साथ ही चोपड़ा इस सत्र का समापन भी करेंगे।

# तनीषा और ध्रुव की जोड़ी ताइपे ओपन से बाहर




ताइपे। भारत की तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी शुक्रवार को यहां खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में हार के साथ ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी आधे घंटे से अधिक समय तक चले मैच में थाईलैंड की पक्कापोन तीरात्साकुल और फातिमास मुएनवोंग की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 20-22, 12-21 से हार गई। दुनिया में 97वें स्थान पर मौजूद तनीषा और ध्रुव ने अच्छी शुरुआत की और एक समय वे 6-3 से आगे थे। इसके बाद 19-16 की बढ़त पर भी उनके पास पहला गेम जीतने का मौका था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए। थाईलैंड की जोड़ी ने दूसरे गेम में शुरू से ही नियंत्रण बना दिया था। इंटरवल तक उन्होंने 11-6 से बढ़त हासिल कर रखी थी। इसके बाद उन्हें मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। तनीषा और ध्रुव के बाहर होने के साथ ही भारत की इस टूर्नामेंट में चुनौती भी समाप्त हो गई।

# शौर्य सैनी ने जीता 50 मीटर राइफल 3पी में स्वर्ण पदक

हनोवर। शौर्य सैनी ने शुक्रवार को यहां पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में 452.4 के स्कोर के साथ विश्व बधिर चैम्पियनशिप का रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। सैनी ने क्वालीफिकेशन दौर में 580 से फाइनल में प्रवेश किया।

पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत जीतने के बाद यह सैनी का प्रतियोगिता में दूसरा पदक है। अन्य भारतीयों में कुशाग्र सिंह ने फाइनल में चौथा स्थान हासिल किया। चेतन हनमंत सपकाल ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जिससे भारत के पदकों की संख्या 17 (पांच स्वर्ण, सात रजत और पांच कांस्य) हो गई है। चेतन ने 534 अंक से कांस्य पदक जीता जिससे वह यूक्रेन के सेरही ओहोरडनिक और ओलेक्सांद्र कोलोडी से पीछे रहे



जिन्होंने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

# इरानी और वावसोरी को अमेरिकी ओपन में मिश्रित युगल का खिताब



न्यूयॉर्क। सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने गुरुवार को टेलर टाउनसेंड और डोनाल्ड यंग को 7-6 (0), 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। इटली की अपनी साथी रोबर्टा विंची के साथ महिला युगल में करियर ग्रैंड स्लैम जीतने वाली इरानी का यह अपने करियर का पहला मिश्रित युगल खिताब है। उन्होंने पिछले महीने जैस्मीन पाओलिनी के साथ मिलकर पेरिस ओलंपिक खेलों में महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता था।

उन्होंने कहा कि यह वर्ष मेरे लिए अविश्वसनीय रहा है। यह वर्ष शानदार रहा है। बचपन के मित्र टाउनसेंड और यंग को अमेरिकी ओपन में इस साल वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया था। यंग पहले ही घोषणा कर चुके थे कि वह इस टूर्नामेंट के बाद टेनिस से संन्यास ले लेंगे।

# अनुज रावत ने दिया दिल्ली प्रीमियर लीग में सफलता के लिए विराट कोहली को श्रेय



नयी दिल्ली। ईस्ट दिल्ली राइडर्स की तरफ से खेलने वाले अनुज रावत ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अपनी सफलता का श्रेय विराट कोहली की अपनी तैयारियों में निरंतरता बनाए रखने की सलाह को दिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने वाले रावत ने डीपीएल में आठ मैचों में 328 रन बनाए हैं। रावत ने पीटीआई वीडियो से कहा, मैंने उनसे (कोहली) खेल के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि खेल में चाहे स्थिति कैसी भी हो अपनी तैयारी में निरंतरता बनाए रखो।

इससे आपको मानसिक रूप से मदद मिलेगी। उनकी यह सलाह निश्चित रूप से मेरे काम आई। रावत ने कहा कि जब दिल्ली का घरेलू सत्र शुरू होगा तो सीनियर खिलाड़ियों पर ड्रेसिंग रूम का माहौल खुशनुमा बनाए रखने की जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा, आगामी सत्र के लिए काफी उत्साह है। हम पहले भी साथ में खेल चुके हैं। सीनियर खिलाड़ी टीम का माहौल हल्का बनाए रखने में मदद करेंगे। इससे सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी।

### स्वर्ण जीत सकती है भारतीय हॉकी टीम

पटना। भारत के महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश का मानना है कि तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय हॉकी टीम 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले खेलों में स्वर्ण पदक जीत सकती है। पेरिस ओलंपिक के बाद खेल को अलविदा कहने वाले श्रीजेश ने यहां पत्रकारों से कहा , हमारे पास काफी प्रतिभाशाली टीम है। मेरी जगह लेने वाला कृशन पाठक शानदार गोलकीपर है। यह टीम लॉस एंजिलिस ओलंपिक में स्वर्ण जीत सकती है। श्रीजेश ने कहा कि बिहार में मैने सकारात्मक बदलाव देखें हैं, खासकर राजगीर में खेल परिसर में। वहां अब एस्ट्रो टर्फ लग गई है और इस साल के आखिर में महिला एशियाई कप ट्रॉफी भी खेली जा रही है। बिहार देश में खेल का अगला केंद्र बन सकता है। मैने यहां खेल विभाग के अधिकारियों से बात की है और कई नयी पहल यहां शुरू हो रही है। भारतीय जूनियर टीम के कोच बने श्रीजेश ने कहा कि उनकी नजरें अगले एशिया कप पर है।

# सिमरन ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

पेरिस। भारतीय ट्रैक एवं फील्ड एथलीट सिमरन शर्मा ने शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में अपनी हीट में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

मौजूदा विश्व चैंपियन सिमरन ने 25.41 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट में शीर्ष स्थान हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। नियम के अनुसार प्रत्येक हीट का विजेता फाइनल ए के लिए क्वालीफाई करता है। प्रत्येक सेमीफाइनल में तीन सबसे तेज धावक फाइनल ए के लिए क्वालीफाई करते हैं। पैरालंपिक खेलों में टी12 श्रेणी दृष्टिबाधित एथलीटों के लिए है। सिमरन का जन्म समय से पहले हुआ था और उन्होंने अगले 10 सप्ताह इनक्यूबेटर में बिताए जहां पता चला कि वह दृष्टिबाधित है। सिमरन के कोच उनके पति गजेंद्र सिंह हैं जो सेना सेवा कोर में कार्यरत हैं। वह नयी दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में




प्रशिक्षण लेती हैं। गुरुवार को सिमरन महिला 100 मीटर टी12 फाइनल में चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूक गईं थी। चार खिलाड़ियों के फाइनल में धीमी शुरुआत के कारण सिमरन ने 12.31 सेकेंड का समय निकाला था।

# शांति और विकास के नये युग का गवाह बना कश्मीर

## अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है, जम्मू-कश्मीर में इसकी कभी वापसी नहीं होगी: अमित शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में जम्मू-कश्मीर शांति और विकास के एक नए युग का गवाह बन रहा है और यह क्षेत्र आतंकवाद के केंद्र से पर्यटन के केंद्र में तब्दील हो गया है।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणा-पत्र जारी किया और कहा कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन गया है और केंद्र शासित प्रदेश में इसकी कभी वापसी नहीं होगी।

केंद्र शासित प्रदेश रवाना होते समय शाह ने कहा कि अपने दो दिवसीय दौरे में वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का संकल्प पत्र जारी करेंगे और कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मोदी सरकार में जम्मू-कश्मीर, शांति और विकास का नया दौर देख रहा है। यह क्षेत्र आतंकवाद के केंद्र से पर्यटन के केंद्र में तब्दील हो गया है और यहां शैक्षणिक एवं आर्थिक गतिविधियां बढ़ गई हैं। शाह शुक्रवार से शुरू हो रहे अपने जम्मू-कश्मीर दौरे में भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे और पार्टी का संकल्प पत्र जारी करेंगे। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए 18 सितंबर से एक अक्टूबर तक तीन चरण में चुनाव होंगे। मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले 10 साल की अवधि देश और जम्मू-कश्मीर के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखी जाएगी और उन्होंने लोगों से सुशासन जारी रखने के लिए उनकी पार्टी को वोट देने का आग्रह किया। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तीन चरणों 18 और 25 सितंबर तथा एक अक्टूबर को मतदान होगा। इससे पहले शाह चुनाव के लिए भाजपा के अभियान की शुरुआत करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे।केंद्रीय गृह मंत्री ने भाजपा का घोषणापत्र जारी करने से पहले अपने संबोधन में कहा, मैं नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के एजेंडे को जानता हूं। मैं पूरे देश को यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है और इसकी कभी वापसी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 अब संविधान का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा, इस अनुच्छेद ने युवाओं के हाथों में सिर्फ हथियार और पत्थर दिए हैं और उन्हें आतंकवाद की ओर धकेला है। मैं उमर अब्दुल्ला (नेकां नेता) से कहना चाहता हूं कि नतीजे चाहे जो भी हों, हम आपको गुज्जरों, बकरवालों और पहाड़ी लोगों को दिए गए आरक्षण को छूने नहीं देंगे। जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के पनपने में शामिल लोगों की जिम्मेदारी तय करने के लिए एक श्वेत पत्र जारी किया जायेगा। जम्मू-कश्मीर के लोगों से विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए शाह ने कहा, क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें पांच साल का कार्यकाल दीजिए।



# केन्या के छात्रावास में आग लगने से 17 छात्रों की मौत, 13 गंभीर

नैरोबी। केन्या में एक स्कूल के छात्रावास में आग लगने से 17 छात्रों की मौत हो गई और 13 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है।

पुलिस प्रवक्ता रेसिला ओन्यांगो ने बताया कि न्येरी काउंटी के हिलसाइड एंडाराशा प्राइमरी में बृहस्पतिवार रात आग लगी और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह आग किस कारण से लगी। इस विद्यालय में 14 साल तक की उम्र के बच्चे रहते हैं न्येरी काउंटी के आयुक्त पायस मुरुगु और शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि जिस छात्रावास में आग लगी थी, उसमें 150 से अधिक छात्र रहते थे। चूंकि इमारतें मुख्य रूप से लकड़ी के तख्तों से बनी हैं, इसलिए आग बहुत तेजी से फैली। देश के मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में राजधानी नैरोबी से 200 किलोमीटर (125 मील) उत्तर में स्थित इस स्कूल में कुल 824 छात्र पढ़ते हैं। नैरोबी में लकड़ी की बनी संरचनाएं आम हैं। देश के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने इस खबर को भयावह बताया। मैं संबंधित प्राधिकारियों को इस भयावह घटना की गहन जांच करने का निर्देश देता हूं। जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। केन्या के उपराष्ट्रपति रिगाथी गचागुआ ने स्कूल प्रशासकों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि आवासीय विद्यालयों के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनुशंसित सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन किया जाए। शिक्षा मंत्रालय की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, केन्याई आवासीय विद्यालयों में आग लगना आम बात है। यह आग अक्सर मादक द्रव्यों के इस्तेमाल और क्षमता से अधिक लोगों के रहने के कारण लगती हैं। इन विद्यालयों में बड़ी संख्या में छात्र रहते हैं क्योंकि माता-पिता का मानना है कि इनमें रहने से उनके बच्चों का समय आने-जाने में व्यर्थ नहीं होता और उन्हें पढ़ाई के लिए अधिक समय मिल जाता है।



संक्षेप

## ओटीए चेन्नई ने किया कई गतिविधियों का आयोजन

चेन्नई। चेन्नई स्थित अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) ने अल्पकालिक सेवा कमीशन (एसएससी)-118, एसएससी (महिला)-32 और समकक्ष पाठ्यक्रमों के अधिकारी कैडेट की पासिंग आउट परेड से पहले शुक्रवार को यहां परमेश्वरन ड्रिल स्क्वायर में कई गतिविधियां आयोजित कीं। यह कार्यक्रम ओटीए के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल माइकल ए जे फर्नांडीज के संरक्षण में आयोजित किया गया और इसमें कई शानदार गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। शारीरिक प्रशिक्षण को प्रदर्शित करने वाली इन गतिविधियों ने फिटनेस के प्रति उत्कृष्टता को लेकर अकादमी की प्रतिबद्धता को दर्शाया।एक विज्ञप्ति में कहा गया, इसके बाद आर्मी मार्शल आर्ट रिजीम का एक शानदार प्रदर्शन किया गया और सैन्य बैंड द्वारा एक बेहतरीन प्रस्तुति पेश की गई। हॉर्स राइडिंग क्लब के घुड़सवारी प्रशिक्षकों और अधिकारी कैडेट ने घोड़ों और सवारों के बीच बेहतरीन सामंजस्य और समन्वय का उदाहरण पेश किया। इसके अलावा, हवाई युद्धाभ्यास में नवाचार और कौशल को प्रदर्शित किया गया। प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया व उनके अनुकरणीय कौशल की प्रशंसा की।

# कोर्ट ने स्वीकारी सीईसी की सिफारिश

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया, जिसमें एक अनुकूलित (कस्टमाइज्ड) मॉड्यूल बनाना भी शामिल है।

इस मॉड्यूल में पेड़ों की कटाई की आवश्यकता वाली परियोजनाओं का विवरण, काटे जाने वाले या स्थानांतरित किए जाने वाले पेड़ों की संख्या और राष्ट्रीय राजधानी में घटते हरित क्षेत्र से निपटने के लिए प्रतिपूरक वृक्षारोपण शामिल होगा। न्यायालय दिल्ली में हरित क्षेत्र को बढ़ाने और इसके लिए एक तंत्र बनाने से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। शीर्ष अदालत में दाखिल अपनी रिपोर्ट में, सीईसी ने एक अनुकूलित प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) मॉड्यूल बनाने की सिफारिश की है, जिस पर परियोजना के संचालकों द्वारा नियमित आधार पर आंकड़ा अपलोड किया जाएगा ताकि दिल्ली रिज से संबंधित मुद्दों पर अदालत द्वारा पारित आदेशों का उचित और समय पर अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। रिज दिल्ली में अरावली पर्वत श्रृंखला का विस्तार है और यह एक चट्टानी, पहाड़ी और वन क्षेत्र है। प्रशासनिक कारणों से इसे चार जोन में बांटा गया है - दक्षिण, दक्षिण-मध्य, मध्य और उत्तर। इन चार जोन का कुल क्षेत्रफल करीब 7,784 हेक्टेयर है।



# नीतीश ने राजद के साथ किये गठबंधन को गलती बताया

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ अतीत में रहे अपने गठबंधन को गलती बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह चूक उनसे दो बार हुई, लेकिन अब और नहीं होगी।

जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष कुमार ने एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी की जहां उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ मंच साझा किया। जद (यू) अध्यक्ष ने भाजपा के साथ अपने संबंधों की ओर इशारा करते हुए कहा, हमारे संबंध 1990 के दशक से हैं। बिहार में जितना अच्छा काम हुआ है, हमारे नेतृत्व में हुआ है। नीतीश की पार्टी का नाम पहले समता पार्टी था। उन्होंने राजद का नाम लिए बिना कहा, मुझसे पहले जो लोग सत्ता में थे, उन्होंने कुछ नहीं किया। दो बार उनके साथ जाना मेरी गलती थी। लेकिन मैं उस गलती को दोहराना नहीं चाहता। मैं यहीं (राजग में ही) रहूंगा। जनवरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापसी करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव के दौरान खासतौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रैलियों में कहा था कि वह अब हमेशा भाजपा के साथ रहेंगे। भाजपा इस बार के लोकसभा चुनाव के बाद निचले सदन में पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाई और सत्ता में बने रहने के लिए जद (यू) जैसे घटक दलों पर निर्भर है। भाजपा के प्रति निष्ठा की कुमार की नवीनतम घोषणा लालूप्रसाद के बेटे और उनके उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव के साथ उनकी हालिया मुलाकात की पृष्ठभूमि में आई है।



# दक्षेस के मकसद की बहाली से कई क्षेत्रीय समस्याओं का हल निकलेगा

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने कहा कि दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) के मकसद को बहाल करने से कई क्षेत्रीय समस्याओं का हल निकल आएगा।

यूनुस ने ढाका में अपने सरकारी आवास पर यह बात कही। अंतरिम सरकार के प्रमुख यूनुस ने कहा कि दक्षेस का गठन एक महान उद्देश्य से किया गया था लेकिन अब यह केवल कागजों पर ही सिमट कर रह गया है, क्रियाशील नहीं है। इस क्षेत्रीय समूह में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। यूनुस ने कहा कि वह इस महीने के अंत में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात का प्रयास करेंगे। अंतरिम सरकार के प्रमुख ने यह भी कहा कि वह दक्षेस देशों के राष्ट्राध्यक्षों को फोटो खिंचवाने के लिए एक साथ लाने का भी प्रयास करेंगे। यकीनन हम (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) मुलाकात की कोशिश करेंगे। मैं कोशिश करूंगा कि दक्षेस देशों के राष्ट्राध्यक्ष साथ आएं और फोटो खिंचवाएं।

# तूफान यागी ने दी हैनान में दस्तक

हांगकांग। हांगकांग को पार करने के बाद शक्तिशाली उष्णकटिबंधीय तूफान यागी ने शुक्रवार को चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान में दस्तक दी। इसकी वजह से वहां का स्थानीय जनजीवन प्रभावित हुआ है।

हैनान प्रांत की मौसम विज्ञान सेवा ने बताया कि यागी तूफान के कारण करीब 245 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थी। उसने बताया कि तूफान स्थानीय समयानुसार अपराह्न चार बजकर करीब 20 मिनट पर प्रांत के वेनचांग शहर पहुंचा और इसके बेइबू खाड़ी की ओर बढ़ने से पहले द्वीप के अन्य हिस्सों को प्रभावित करने की आशंका है। चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि यागी शरद ऋतु में चीन में आने वाला सबसे शक्तिशाली तूफान है। उन्होंने अनुमान जताया कि यह शुक्रवार रात को पड़ोसी गुआंगदोंग प्रांत के जुवेन काउंटी में दूसरी बार तट पर पहुंचेगा।



# युद्धग्रस्त क्षेत्र सूडान में लगे वृहद हथियारों पर प्रतिबंध

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र समर्थित मानवाधिकार जांचकर्ताओं ने शुक्रवार को युद्धग्रस्त सूडान के नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक स्वतंत्र और निष्पक्ष बल के गठन का आग्रह किया।

इसके साथ ही जांचकर्ताओं ने हत्या, अंग-भंग और यातना सहित युद्ध अपराधों के लिए दोनों पक्षों को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को हथियार और धन मुहैया कराने वाली विदेशी सरकारें भी इसमें शामिल हो सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुख्य मानवाधिकार निकाय ने पिछले साल अक्टूबर में तथ्यान्वेषी टीम गठित की थी जिसने अपनी पहली रिपोर्ट में सूडान की सेना से लड़ने वाले अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज और उसके सहयोगियों पर बलात्कार, यौन गुलामी और जातीय या लैंगिक आधार पर उत्पीड़न सहित मानवता के विरुद्ध अपराध करने का आरोप लगाया है। तथ्यान्वेषी टीम के अध्यक्ष मोहम्मद चांदे ओथमान ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, सूडान के लोगों ने बहुत कष्ट झेले हैं और उनके खिलाफ हो रहे उल्लंघनों को रोका जाना चाहिए।

## इंटरटेनमेंट...

# हमने नहीं की किसी की नकल : विजय

मुंबई। अभिनेता विजय वर्मा ने मंगलवार को कहा कि आईसी 814: द कंधार हाईजैक में अपनी भूमिका के लिए कैप्टन देवी शरण से सराहना मिलना उनके लिए सबसे बड़ी तारीफ है। नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाली इस सीरीज में अभिनेता ने कैप्टन देवी शरण की भूमिका निभाई है।

सच्ची घटनाओं पर आधारित छह कड़ियों की यह सीरीज 1999 में इंडियन एयरलाइंस के आईसी 814 विमान का आतंकवादियों द्वारा अपहरण किए जाने की घटना को नाटकीय रूप से दर्शाती है। घटना के वक्त कैप्टन शरण विमान के मुख्य पायलट थे। यह पूरा घटनाक्रम करीब एक सप्ताह से अधिक समय तक चला था। वर्मा ने यहां कार्यक्रम को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा, जब आपके पास ऐसी कहानियां आती हैं जिन्हें आप करने के लिए तैयार होते हैं या कभी-कभी ऐसी कहानियां आपको किसी चीज के लिए तैयार कर देती हैं। ये चीजें इतनी अदृश्य होती हैं कि इन्हें समझना थोड़ा दार्शनिक होता है। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे खुशी है कि कैप्टन देवी शरण ने मेरे काम को पसंद किया। उन्होंने मुझे फोन किया और मेरी पीठ थपथपाई। श्रीमती शरण ने भी कहा, मैं जानती हूं कि आप उनके (व्यक्तित्व को दर्शाने में) बेहद करीब थे क्योंकि शरण ही अपने आपको बेहतर समझते हैं या फिर मैं उन्हें समझती हूं। दहाड़, डार्लिंग्स और गली ब्वॉय में अपने उम्दा अभिनय से मशहूर हुए अभिनेता ने कहा कि वह शुरू से ही इस बात को लेकर स्पष्ट थे कि उनका अभिनय किसी की नकल की तरह नहीं लगना चाहिए। वर्मा ने कहा असली कैप्टन शरण के जैसे दिखने का कोई प्रयास नहीं किया गया, ऐसी कभी कोई मंशा नहीं थी।




# शेखर होम में सुष्मिता सेन ने भी निभाया छोटा सा किरदार

नयी दिल्ली। शेखर होम देख चुके बहुत कम लोगों ने इस बात पर गौर किया होगा कि बॉलीवुड अभिनेत्री एवं पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन ने भी इसमें एक छोटा सा किरदार निभाया है। शेखर होम शेरलॉक होम्स से प्रेरित एक जासूसी वेब सीरीज है।

श्रीजीत मुखर्जी और रोहन सिप्पी द्वारा निर्देशित यह वेब सीरीज पश्चिम बंगाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है और शेरलॉक होम्स की कहानियों का हिंदी रूपांतरण है। इस सीरीज में के के मेनन मुख्य भूमिका में हैं। इस सीरीज की कहानी अनिरुद्ध गुहा एवं निहारिका पुरी ने और संवाद वैभव विशाल ने लिखे हैं। छह कड़ियों वाली इस सीरीज की एक कड़ी में सेन की एक श्वेत-श्याम तस्वीर दिखाई गई है। यह तस्वीर 1994 में उनके भारत की पहली मिस यूनिवर्स बनने से पहले की है। सीरीज में शेखर (के के मेनन) उस तस्वीर की ओर इशारा करके कहता है, इसको तो मिस यूनिवर्स होना चाहिए। मुखर्जी ने बताया कि उन्होंने सेन की तस्वीर का इस्तेमाल करने के लिए उनसे अनुमति ली थी। निर्देशक ने कहा हम अच्छे दोस्त हैं। मुझे सुष को फोन करके इस बारे में इजाजत लेनी पड़ी।



# फिल्म बॉर्डर-2 में नजर आयेंगे दिलजीत दोसांझ



नयी दिल्ली। अभिनेता एवं संगीतकार दिलजीत दोसांझ बॉर्डर 2 फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म के निर्माताओं ने शुक्रवार को यह घोषणा की। दोसांझ इस फिल्म में अभिनेता सनी देओल और वरुण धवन के साथ नजर आएंगे। टी-सीरीज ने दोसांझ का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, बॉर्डर 2 परिवार अब बड़ा हो गया है। दोसांझ ने कहा कि वह इस फिल्म का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। दोसांझ ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा पहली गोली दुश्मन चलाएगा और आखिरी गोली हमउ ऐसी मजबूत टीम के साथ खड़ा होकर और हमारे सैनिकों के नक्शेकदम पर चलकर सम्मानित महसूस कर रहा है। सनी देओल ने दोसांझ का स्वागत करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा फौजी दिलजीत दोसांझ का बॉर्डर-2 में स्वागत है।

# द बकिंघम मर्डर्स से वापसी करेंगीं करीना

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने अपनी आगामी फिल्म द बकिंघम मर्डर्स के निर्माता निर्देशक हंसल मेहता की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल इस फिल्म की शूटिंग बेहद सहजता के साथ की बल्कि इसका निर्देशन भी उनसे बेहतर कोई नहीं कर सकता था।

ब्रिटेन के रहस्यमय हत्याकांड पर आधारित यह फिल्म करीना की निर्माता कंपनी की की पहली फिल्म भी हैं। इस फिल्म में वह जसमीत भामरा उर्फ जस की भूमिका में नजर आएंगी। जहां एक पुलिसकर्मी है जो अपने बच्चे की मौत पर दुखी है और उसे एक लापता बच्चे के मामले की जांच का काम सौंप दिया जाता है। करीना ने फिल्म में कहानी की सत्यता बनाए रखने के लिए हंसल की प्रशंसा की। करीना ने कहा जैसे एक जहाज बिना कप्तान के कुछ नहीं है उसी तरह यह फिल्म हंसल मेहता के बिना नहीं बन पाती। जिस तरह से उन्होंने इसे शूट किया है, जिस तरह से उन्होंने मुझे भी किरदार में ढाला है, मुझे बहुत सहज बनाया है, हमें यह कहानी और इसकी पटकथा पसंद आई, इस फिल्म को बनाने के लिए हंसल से बेहतर कोई हो ही नहीं सकता था।

उन्होंने फिल्म में सत्यता का पूरा ध्यान रखा है। उन्होंने कहा जब हंसल ने इसे मेरे पास भेजा, तो मैंने महसूस किया कि हमें इसे बनाना ही चाहिए। मुझे लगता है कि हमने इसे बनाया, यही सबसे महत्वपूर्ण है। मैं बेहद खुश हूं कि मेरे करियर में मुझे उनके (हंसल मेहता के) साथ काम करने का मौका मिला। यह ऐसी फिल्म है जिसमें मुझे लगता है कि यह किरदार मेरे लिए सबसे खास है। अभिनेत्री द बकिंघम मर्डर्स का ट्रेलर जारी करने के मौके पर बोल रही थीं।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com